

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 02, अंक : 67 | रांची, रविवार, 16 फरवरी 2025 (फाल्गुन कृष्ण 04, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसा : भगदड़ में 18 लोगों की मौत, 12 घायल, जांच के आदेश

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** बेहद दुखद खबर आई है, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात 9:26 बजे कुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ अधिक होने से भगदड़ मच गई। इसकी चपेट में आने से 18 लोगों की मौत हो गई। 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें कुछ की हालत गंभीर है। लोकनायक अस्पताल ने इसकी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात प्लेटफार्म नंबर 14 पर प्रयागराज ट्रेन खड़ी थी। इसमें सवार होने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे थे।

**केंद्र ने जांच के आदेश दिए :** केंद्र सरकार ने घटना की जांच का आदेश दिया है। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी विलंब से चलने के कारण इसके यात्री भी प्लेटफार्म पर नंबर 12,13 और 14 पर थे। इसी दौरान प्रयागराज ट्रेन के और यात्री आने लगे। इससे प्लेटफार्म नंबर 16 के एस्केलेटर के पास और प्लेटफार्म नंबर 14 व 15 पर भगदड़ मच गई। इसमें महिलाएं और बच्चों समेत कई लोग गिर गए। लोग उनके ऊपर से चढ़कर पार होने लगे।

दिल्ली फायर सर्विसेज ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति है। इस संबंध में रेलवे स्टेशन से एक कॉल मिली। इसके बाद दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। वहीं दिल्ली पुलिस ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इसमें करीब 10 लोग घायल हैं।

**रेलवे ने घटना को पहले बताया अफवाह :** वहीं उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कोई भगदड़ नहीं है। यह महज एक अफवाह है। उत्तर रेलवे प्रयागराज के लिए दो नियोजित विशेष ट्रेनें चला रहा था। रेलवे ने कहा कि पुलिस मौके पर है और स्थिति नियंत्रण में है। घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है।

**लोकनायक अस्पताल ने मौतों की पुष्टि की :** हादसे की सूचना पर पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। एंबुलेंस से घायलों को लोकनायक सहित अन्य अस्पतालों में भेजा गया। लोक नायक अस्पताल प्रशासन ने 18 लोगों की मौत की पुष्टि की है। शेष पेज 08 पर






## हादसे की वजह


- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नहीं थी भीड़ प्रबंधन की कोई तैयारी।
- तीन ट्रेनों के जाने में विलंब से प्लेटफार्म पर यात्री संख्या बढ़ गई।
- भीड़ बढ़ने की चिंता नहीं की गई और जनरल टिकटों को बेचना जारी रखा गया।
- सीढ़ियों व उसके आसपास बैठे लोगों को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

## पीएम मोदी ने जताया दुख



पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर ट्वीट किया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। अधिकारी उन सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं, जो इस भगदड़ से प्रभावित हुए हैं।

## अमित शाह ने भी किया दुख प्रकट



घटना पर अमित शाह ने भी दुख जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी व अन्य संबंधित अधिकारियों से बात की। दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली पुलिस कमिश्नर से बात कर सभी को हर संभव सहायता पहुँचाने के निर्देश दिए। इस दुर्घटना में जान गँवाने वाले लोगों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ। घायलों को हर संभव उपचार दिया जा रहा है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

## स्थिति नियंत्रण में : रेल मंत्री



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट किया, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थिति नियंत्रण में है। दिल्ली पुलिस और आरपीएफ पहुंच गई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। अचानक भीड़ को हटाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

## विशेष ट्रेनें चलाई जा रहीं: रेलवे

अजमेरी गेट की तरफ से रेलवे स्टेशन पर जाने के लिए पहले 16 नंबर प्लेटफार्म पड़ता है। यहीं से अंदर जाने के लिए एस्केलेटर और सीढ़ियां हैं। इसी वजह से यहां सबसे अधिक भीड़ होती है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि प्रयागराज ट्रेन के रवाना होने के बाद अन्य यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन चलाई जा रही है।

## ट्रेन को आना था 12 पर बाद में बदला प्लेटफॉर्म: प्रत्यक्षदर्शी

**नई दिल्ली।** एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि भीड़ को नियंत्रित करने वाला कोई नहीं था...घोषणा की गई कि प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर आने वाली ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर आएगी। इसलिए दोनों तरफ से भीड़ आ गई और भगदड़ मच गई। कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया।



## 119 भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचा अमेरिका का सैन्य विमान

**अमृतसर।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 119 भारतीयों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान C-17 ग्लोब मास्टर शनिवार रात 11:40 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड कर गया। विमान में मौजूद इन लोगों के परिजन एयरपोर्ट के बाहर अपने परिवारजनों को लेने के लिए पहले से मौजूद थे। यह पहली बार नहीं है, जब अमेरिका से इतनी बड़ी संख्या में भारतीयों को वापस भेजा गया हो। राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद यह दूसरी बार है, जब 100 से अधिक भारतीयों को अमेरिका से डिपोर्ट किया गया है। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निकाय चुनाव में सभी 10 सीटों पर बीजेपी का कब्जा



**छत्तीसगढ़।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत के बाद बीजेपी ने छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव में भी धमाकेदार जीत दर्ज की है। राज्य की सभी 10 नगर निगम सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की और कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया है। वहीं 49 नगर पालिका सीटों में बीजेपी को 36 में जीत मिली है, कांग्रेस के खाते में 8 और अन्य को 5 पर जीत मिली है। नगर निकाय चुनावों में पार्टी की जीत के बाद रायपुर में सीएम विष्णुदेव साय के आवास के बाहर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

### महाकुंभ में फिर लगी आग, कई टेंट जलकर राख



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला क्षेत्र में शनिवार को एक बार फिर आग लग गई। आग सेक्टर 18 और 19 के बीच लगी है। बताया जा रहा है कि कई टेंट जलकर खाक हो गए। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बताया जा रहा है, 10 मिनट के अंदर फायर ब्रिगेड की गई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने में लग गईं। आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंच गईं और आग पर तत्काल काबू पा लिया गया। घटना पर डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने कहा, "आग पूरी तरह से नियंत्रण में है। यह सेक्टर 19 में कल्पवासियों द्वारा खाली किए गए कुछ पुराने टेंटों में लगी थी। किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है।"

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रांसजेंडर की मान्यता की खत्म पेज 08

# एआई-एनीमेशन ने टेक्नोलॉजी में किया बड़ा बदलाव: राष्ट्रपति

प्रातः नागपुरी संवाददाता




- बीआईटी के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति, बीआईटी मेसरा के 70 वर्षों के शैक्षणिक सफर की सराहना की

**रांची।** बीआईटी मेसरा के 70 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बड़े ही उत्साह के साथ प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, बिरला समूह के चेयरमैन सीके बिरला और शिक्षा मंत्री उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति ने बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में अपने संबोधन में कहा कि झारखंड आना उनके लिए घर आने के जैसा है। उन्होंने कहा बीआईटी मेसरा का शैक्षणिक सफर बेहद शानदार रहा है और हमें इस पर गर्व है। राष्ट्रपति ने कहा कि टेक्नोलॉजी ने काफी प्रगति की है, जिसमें एआई, एनीमेशन जैसी चीजों ने समाज में बड़ा बदलाव लाया है। वहीं विकसित भारत @ 2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का उत्साह और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण होने वाला है।

**बीआईटी मेसरा में हुए काफी नए इनोवेशन :** राष्ट्रपति ने कहा कि बीआईटी मेसरा में 1964 में पहला स्पेस और राकेटरी साइंस डिपार्टमेंट स्थापित हुआ। वर्तमान समय में काफी नए इनोवेशन हुए हैं। उन्होंने एआई का उल्लेख करते कहा कि यह काफी महत्वपूर्ण है।

**हमारी बेटियां सबसे आगे :** राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं। हमारी बेटियां विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, गणित और अन्य क्षेत्रों में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि एआई एवं मशीन लर्निंग के क्षेत्र में आगामी दिनों बड़े बदलाव होंगे, इसके लिए हमें तैयार रहना होगा।

**युवाओं से की ये अपील :** उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में लगातार प्रगति हो रही है। अब आपको निर्णय लेना होगा कि किस तरह आप देश की सेवा में आगे रहते हैं। शेष पेज 08 पर

# झारखंड: विभावि में 44 लाख से भी अधिक का घोटाला, 30 दिनों में वसूली का आदेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**हजारीबाग।** बड़ी खबर आई है, झारखंड के विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) के पूर्व कुलपति प्रो मुकुल नारायण देव के कार्यकाल में विश्वविद्यालय के लाखों रुपए की अनियमितता के आरोप को झारखंड सरकार के वित्त विभाग ने जांच में सही पाया है। अंकेक्षण विभाग ने विभावि वित्त विभाग की कारगुजारियों का पर्दाफाश किया है। इसमें कुलपति को सलाह देनेवाले कुछ अधिकारी एवं कर्मचारियों के भी शामिल होने की आशंका जतायी गयी है। ऐसे लोगों को एक माह अर्थात 15 मार्च 2025 के अंदर चिह्नित कर रकम वसूली और नियम संगत कार्यवाही का निर्देश विभावि को दिया गया है।

**वित्त विभाग ने सौंप दी रिपोर्ट :** इस संबंध में झारखंड सरकार के वित्त विभाग के अंकेक्षण निदेशालय ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव को संपूर्ण अंकेक्षण प्रतिवेदन सौंप दिया है। शेष पेज 08 पर

## राजभवन ने दिया था जांच का आदेश

पूर्व कुलपति प्रो मुकुल नारायण देव के कार्यकाल में उनकी कार्यशैली को लेकर कई सवाल उठते रहे। कुलपति ने इस संबंध में मिली शिकायत की अनदेखा की। नतीजन शिकायतकर्ता ने राजभवन से शिकायत की। राजभवन ने इस पर संज्ञान लेते हुए झारखंड सरकार के वित्त विभाग को जांच करने का आदेश दिया था।

# पीएम आज दिल्ली में 'भारत टेक्स 2025' में करेंगे शिरकत




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित हो रहे भारत टेक्स 2025 में भाग लेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। यह कपड़ा उद्योग से जुड़ा एक मेगा वैश्विक कार्यक्रम है, जो 14 से 17 फरवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम में 110 से अधिक देश भाग ले रहे हैं।

भारत टेक्स 2025 कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा और व्यापक आयोजन माना जा रहा है। यह दो स्थानों पर फैले मेगा एक्सपो के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पूरे कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र का प्रदर्शन होगा। यह आयोजन न केवल उद्योग की संभावनाओं को बढावा देगा, बल्कि इनोवेशनऔर स्टार्टअप्स के लिए भी एक बड़ा मंच प्रदान करेगा। शेष पेज 08 पर

### दुमका कोर्ट में पेशी के बाद बोलीं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे

# केंद्र पर बकाया हो जायेगा 2.36 लाख करोड़

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

- झारखंड वित्त विभाग तैयार कर रहा है ब्योरा
- केंद्र पर सौतेला व्यवहार करने का लगाया आरोप



**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेशी के बाद शनिवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने दुमका परिसदन में मीडिया से बातचीत के दौरान बड़ा बयान दिया। मंत्री ने कहा, 'कुछ ही दिनों में केंद्र पर बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 2 लाख 36 हजार करोड़ रुपए हो जायेगा। झारखंड वित्त विभाग इसका ब्योरा तैयार कर रहा है।' हेमंत सोरेन सरकार की ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री ने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया।

**समाज के उत्थान के लिए चल रही योजनाओं में पैसे नहीं दे रहा केंद्र :** उन्होंने कहा, समाज के उत्थान के लिए जो विकास योजनाएं चलायी जा रही हैं, उसमें केंद्र सरकार अपना अंश देने में कोताही बरत रही है। शेष पेज 08 पर

# छत्तीसगढ़ से महाकुंभ जा रही कार की हुई बस से टक्कर, 10 की मौत



**प्रयागराज।** महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ले जा रही कार की बस से टक्कर होने से 10 लोगों की मौत हो गई। श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के कोरबा के बताए जा रहे हैं। डीसीपी यमुनानगर, विवेक चंद्र यादव ने बताया,"यह हादसा शुक्रवार रात करीब 12 बजे प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा थाना क्षेत्र में हुआ। शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी मेडिकल अस्पताल ले जाया गया है। आगे की प्रक्रिया अभी जारी है।" हादसे में 19 लोगों के घायल होने की भी खबर है।

**मृतकों की हुई पहचान :** स्थानीय लोगों के हवाले से मीडिया में खबर है कि कार बोलेरो थी। ड्राइवर को नींद आने के कारण यह घटना हुई। हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस ने बताया कि चार मृतकों की पहचान उनके आधार कार्ड से की गई। शेष पेज 08 पर

# क्रिप्टो फंड पर ईडी ने जब्त किए 1,646 करोड़



**अहमदाबाद।** क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा करने वालों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने 1,646 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की है, जो एक मेगा मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। यह मामला एक फर्जी निवेश योजना से जुड़ा है, जिसमें हजारों लोगों को प्रतिभूति निवेश के नाम पर धोखा दिया गया था।

अहमदाबाद स्थित ईडी कार्यालय ने जांच के दौरान 13.50 लाख रुपये नकद, एक लग्जरी एसयूवी और कई डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए हैं। यह घोटाला ₹बिटकनेक्ट लोन स्कीम₹ के जरिए हुआ था, जिसमें अवैध तरीके से निवेशकों को लुभाया गया और गैर-पंजीकृत प्रतिभूतियों की बिक्री की गई। शेष पेज 08 पर

# नेशनल गेम्स में झारखंड ने 7 स्वर्ण समेत 25 पदक जीते

प्रातः नागपुरी संवाददाता

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों को दी बधाई




**रांची।** 38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड को 25 पदक मिले हैं। वहीं, इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर खेल एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड के पोस्ट को साझा किया और खिलाड़ियों को बधाई दी।

**झारखंड सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और खिलाड़ियों को हर संभव समर्थन प्रदान करेगी। वहीं, बता दें कि 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 38वें नेशनल गेम्स में झारखंड ने 7 स्वर्ण, 6 रजत और 12 कांस्य सहित कुल 25 पदक जीते। झारखंड ने लॉन बॉल में सर्वाधिक 5 स्वर्ण पदक जीते। तीरंदाजी में भी 2 स्वर्ण पदक मिला। तैराकी, वुशु और हॉकी में रजत पदक मिला। गौरतलब है कि गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में भी झारखंड ने 25 पदक ही जीते थे।

**झारखंड ने किन खेलों में कौन सा पदक जीता :** नेशनल गेम्स में झारखंड की लॉन बॉल टीम ने 5 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 9 पदक जीते। तीरंदाजी में 2 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य मिलाकर 6 पदक जीते। मॉडर्न पेंटाथलन में झारखंड के खिलाड़ियों ने 1 रजत और 3 कांस्य पदक जीता। वुशु में 1 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 3 पदक मिला। शेष पेज 08 पर

# आतंकियों के मददगार तीन सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

जम्मू-कश्मीर



**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू और कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने तीन सरकारी कर्मचारियों को आतंकवाद संबंधी गतिविधियों के आरोप में बर्खास्त किया है। इन कर्मचारियों में एक पुलिस कांस्टेबल, एक शिक्षक और एक वन विभाग का कर्मचारी शामिल हैं। आरोप है कि इन तीनों पर आतंकी गतिविधियों में हथियारों का इंतजाम करना, आतंकी हमलों के लिए निशाने बताना और घाटी में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़काना शामिल है। ये सब काम पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बैठे आकाओं के इशारे पर किया गया।

निकाले गए तीन कर्मचारियों में पुलिस कांस्टेबल फिरदौस अहमद भट, टीचर मोहम्मद अशरफ भट और वन विभाग का कर्मचारी निसार अहमद खान शामिल हैं। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत

**ओरमांझी।** मौत की घाटी कहें जाने वाले चुट्टूपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार को अपने चपेट में लिया। बता दे कि आनंदी बस्ती के रहने वाले शमीम अंसारी अपनी पत्नी के साथ हीरो होंडा ग्लैमर मोटरसाइकिल में सवार अपने मृतक परिजन को को मिट्टी देने के लिए रामगढ़ जरियो बस्ती जा रहा था। इसी क्रम रास्ते पर चुट्टूपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर ने अपने चपेट में लिया और मोटरसाइकिल सवार शमीम अंसारी का सर हेलमेट सहित टायर के नीचे आ गया और पत्नी झटका से दूर फेंका गई पत्नी चोटिल हुई, मौके पर पहुंची पुलिस और सदर अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया जहां मेदांता हॉस्पिटल में डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं पुलिस ने पंचनामा का पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।


### तीन घर और खलियान में लगी आग

**बुंडू।** बुंडू थाना क्षेत्र के बाघाडीह गांव में शाम लगभग 5:30 बजे घर खिड़की दरवाजा का वेल्डिंग करने के क्रम में आग छिड़कने तीन घर और खलियान में भीषण आग लग गई। आग से लाखों रुपए मूल्य के संपत्ति की क्षति का अनुमान लगाया गया है।ग्रामीण एवं पीड़ित परिवारों ने बताया कि दमकल विभाग को खबर किया गया लेकिन देर तक दमकल नहीं पहुंची थी।बाद में ग्रामीण के सामूहिक प्रयास से पानी डालकर आग को शाम 7:00 बजे काबू कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने से कलेवर महतो, हरिपद महतो, कालीपद महतो के मकान और खलिहान के रखे पूवाल जल कर राख हो गया और लाखों की संपत्ति छति हुई है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों के द्वारा आग को बुझाने के प्रयास जारी है।

### पुलिस ने पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**बेड़ो।** बेड़ो थाना पुलिस ने शनिवार को पोस्ते की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के हुलसी व डोला गांव के आसपास के क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए 20 व 40 डिसमिल में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के दो गांवों में पोस्ते की खेती की गयी है। सूचना के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने चिह्नित स्थानों पर अभियान चलाकर के दो अलग-अलग प्लॉट में अवैध पोस्ते की खेती को रौंदकर व लाठी-डंडों से पीटकर पूरी तरह नष्ट कर दिया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि गैर कानूनी कार्यों से जुड़े लोग सुधर जाएं अन्यथा पुलिस इसी तरह की कारवाई करती रहेगी। इस अभियान में एएसआई अक्षय कुमार सिंह व आशीष रंजन सहित सशत्र बल के जवान थे।


# मेले में माता वैष्णो देवी मंदिर के प्रारुप का लोगों ने किया दर्शन






**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**
**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के बाजारटांड़ शनिचरा बाजार में डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन विधायक ममता देवी ने किया। मेले में माता वैष्णो देवी मंदिर का प्रारूप लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। शनिवार को इस मेले में लोगों की भीड़ लगी रही।
माता वैष्णो देवी मंदिर के प्रारूप को देखने के बाद लोगों ने गुफा के भी दर्शन किया। बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर के कलाकारों की ओर से बनाई गई आकृति ने लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर विधायक ममता देवी ने कहा कि शहर में ऐसे आयोजन मनोरंजन को बढ़ावा देते हैं। लोग पूरे परिवार के साथ निकालकर खुशियों के कुछ पल बिताते हैं। संचालक महेश कुमार और प्रबंधक पंचम कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए माता वैष्णो देवी मंदिर पर आधारित प्रारूप को मेला में तैयार किया गया है। मौके पर संजय प्रसाद साह, आजाद सिंह, मेला आयोजक सुबोध सिंह, रोलेक्स सर्कस के मैनेजर हैप्पी सहित कई लोग शामिल थे।

## नए कानून के तहत चिकित्सक भी निभाएं अपनी जिम्मेदारी : एसपी




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**
**रामगढ़।** भारतीय न्याय संहिता को समझ कर पुलिस जिस तरह कार्रवाई कर रही है, उसकी सफलता तभी संभव है, जब चिकित्सक भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।
शनिवार को एसपी के निर्देश पर रामगढ़ के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को भारतीय न्याय संहिता की नई धाराओं की जानकारी दी गई। एसपी अजय कुमार ने बताया कि जिले में गैर पुलिस कर्मियों जैसे चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नए अपराधी कानून के तहत उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी के बारे में बताया जाना है। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में डीएसपी मुख्यालय चन्दन कुमार वत्स के जरिये प्रशिक्षण दिया गया। उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 68 चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया।

## पीवीयूएन प्रायोजित एसी पंप प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**
**रामगढ़।** रांची के सरकारी टूल रूम में पीवीयूएन द्वारा प्रायोजित एसी एवं वाटर पंप मरम्मत व रख-रखाव प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस दो महीने के प्रशिक्षण में स्थानीय गांवों के 30 युवाओं ने भाग लिया और अपने कौशल का विकास के गुर सिखे।
समारोह में सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे उन्हें स्वरोजगार के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना और उनके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। पीवीयूएन के एचओएचआर जियाउर रहमान ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपने सीखे हुए कौशल का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कहा गया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### टायर दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र अंतर्गत बीजूपाड़ा चौक में स्थित एक टायर दुकान में बीती रात आग लग गई। घटना के संबंध में भुक्त भोगी दुकानदार इकबाल मियां के अनुसार प्रत्येक दिन की तरह बीती रात भी दुकान बंद करने के बाद बगल में स्थित अपने घर चले गए थे। इसी बीच किसी व्यक्ति के द्वारा उसके दुकान में आग लगने की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही आनन-फानन में दुकान के पास पहुंचा तो देखा कि दुकान में काफी तेज आग लग गयी थी। अगल बगल में रहने वाले ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय चान्हो पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की लपटे काफी तेज थी जिसकी चपेट में आने से बगल में स्थित बैंक ऑफ इंडिया की बिल्डिंग भी आ गई जिसमें भी आंशिक रूप से क्षति हुई।

# जेल में बंद विकास तिवारी और गोविंद राय से अनिल यादव ने ठेकेदार की कराई थी बात

**पांडे गिरोह के सक्रिय सदस्य अनिल यादव की गिरफ्तारी के बाद हुआ खुलासा**



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**
**रामगढ़।** सोशल मीडिया ऐप का उपयोग आम लोग अपनी शोहरत बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। आपराधिक गिरोह भी भला कैसे पीछे रहे। गैंग के सरगना शोहरत और दौलत कमाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग अलग तरीके से ही कर रहे है।
इसका खुलासा पांडे गिरोह के सक्रिय सदस्य अनिल यादव की गिरफ्तारी के बाद हुआ है। रामगढ़ शहर के बंगाली टोला निवासी अनिल यादव को रामगढ़ और लातेहार पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन कर पकड़ा था। उसने लातेहार के एक ठेकेदार से रंगदारी मांगी थी। लातेहार में नेशनल हाईवे में रिपेयरिंग का काम जिस कंपनी को मिला था उसे पांडे गिरोह ने निशाना बनाया था। उसे लगातार धमकियां दी जा रही थी। सबसे बड़ी बात यह है कि धमकी देने के लिए भी टेलीग्राम ऐप का उपयोग किया गया था। जब लातेहार के ठेकेदार को अनिल यादव से पहली बार धमकी मिली, तो उसने इसे फेक कॉल समझा। बाद में जब कई बार मैसेज आने लगा, तो उसे इस बात की गंभीरता समझ आने लगी। पांडे गिरोह के सरगना विकास तिवारी और गोविंद राय का नाम भी उसके सामने रखा गया। ठेकेदार भी कम चालक नहीं था, उसने भी उन दोनों से बात कराने की बात कह डाली। अनिल यादव तब क्यों पीछे रहता। उसने टेलीग्राम ऐप पर ही विकास तिवारी और गोविंद राय दोनों से बात करा दी। गौरतलब हो कि विकास तिवारी वर्तमान समय में हजारीबाग जेल में बंद है और गोविंद राय रामगढ़ जेल में बंद है। बात होने के बाद व्यापारी भी चकित रह गया। लातेहार में व्यापारी को धमकाने वाला पांडे गिरोह अब बड़ी ही शातिर तरीके से काम कर रहा है। वह इस कदर डराना चाहते है कि ठेकेदार और व्यापारी चाह कर भी पुलिस तक नहीं पहुंच पाए?। किसी भी ठेकेदार और व्यापारी को धमकी देने से पहले उसकी पूरी कुंडली खंगाली जा रही है। ससुराल से लेकर नानी घर और मामा के घर तक का लोकेशन अपराधियों के पास रहता है। यहां तक की व्यापारी किस जगह पर बैठते हैं, कहां खाना खाते हैं, कहां चाय पीते हैं और किस जगह पर उनकी आवाजाही रहती है, हर जगह की सूचना वे पहले ही जुटा लेते हैं। ठेकेदार को टेलीग्राम ऐप पर ही रामगढ़ का लोकेशन भेजा गया था। ठेकेदार भारी भरकम रुपए लेकर रामगढ़ पहुंचा और वह अनिल यादव से मिलने वाला था। अनिल यादव ने जो लोकेशन दिया था, उस आधार पर ही पुलिस ने उसे ट्रैक किया।

## ओरमांझी : आरटीसी आईटी कॉलेज में अभिभावक व शिक्षक संवाद का आयोजन

▸ अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : डॉ एन हरी बाबू



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**
**ओरमांझी।** आरटीसी आईटी कॉलेज आनंदी ओरमांझी में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षिक प्रगति की समीक्षा करना और उनकी समग्र विकास प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत करना था। शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों और कमजोरियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शिक्षण विधियों, सह-पाठयक्रम गतिविधियों और परीक्षा रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ ऍन हरी बाबू ने कहा अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह बैठक हमें छात्रों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में मदद करती है। अभिभावकों ने भी इस बैठक में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार व सुझाव साझा किए। इस बैठक को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ ए के वर्मा, नीलम कुमारी अवं मीनूति श्रेया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## केंद्रीय सरना स्थल रिवर साइड केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**
**रामगढ़।** सरहुल पूजा मनाने को लेकर केंद्रीय सरना स्थल रिवर साइड भुरकुंडा में शनिवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई।
इसकी अध्यक्षता कमेटी के संरक्षक दर्शन गंझू और संचालन सचिव संतोष उरांव ने किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम से सरहुल पूजा मनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही इसकी तैयारियों और विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 1 अप्रैल को सरना पूजा किया जाएगा। 2 अप्रैल को जुलूस के शक्ल में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कहा गया कि पूजा की तैयारियों को लेकर आगामी 23 फरवरी को पुनः पूजा समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में दर्शन गंझू, संतोष उरांव, रितिका भोगता, रासेल तिग्गा, जॉस्फिन डिक्रूज, रावेल एक्का, मिथिलेश टुडू, देवलाल पाहन, देव बेदिया, राजेंद्र मुंडा, बिगल करमाली आदि मौजूद थे।

## सिल्ली के खुशी को राज्यपाल ने स्वर्ण पदक देकर किया सम्मानित



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**
**सिल्ली।** सिल्ली मेन रोड़ निवासी अजय कुमार साहू की पुत्री खुशी कुमारी को पिछले दिनों आयोजित श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल मैदान में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के द्वारा गोल्ड मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इनके अलावा महोत्सव में 183 छात्रों को भी सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें यूनिवर्सिटी से बीसीए में टॉपर रही इस लिए दिया गया।इसके बेहतर सफलता के सिल्ली शौण्डिक समाज केनिर्मल चंद्र साहू प्रेमलता साहू, रमण साहू, राधेश्याम साहू, सुधीर साहू, गौतम कृष्ण साहू, गणेश साहू, मधुसुदन साहू, संजय भगत,आदि ने बधाई दी है।

### इटकी में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का सर्वेक्षण शुरू

**इटकी।** प्रखण्ड में प्रशासन द्वारा प्रधान मंत्री आवास निर्माण के लाभुकों का सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दी गई है।28 फरवरी तक सर्वेक्षण कर लाभुकों का नाम जोड़े जायेंगे। इसके लिए प्रखण्ड प्रशासन द्वारा एक सर्वे टीम का गठन किया गया है। बीडीओ प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार और ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के जारी निर्देश के तहत लाभुकों का सर्वेक्षण कार्य शुरू की गई है। उन्होने बताया कि इच्छुक लाभुक ऑन लाईन गुगल प्ले स्टोर कर प्रधान मंत्री आवास के लिए स्वंय सर्वेक्षण कर डाल सकते है। प्रधान मंत्री आवास के लिए वैसे लाभुको सर्वेक्षण में नाम जोड़े जायेंगे जो इस योजना से वंचित रह गये है। पूर्व में जिन परिवारों को सरकारी आवास का लाभ प्राप्त हुआ है और जिनका पक्का मकान, तीन और चार पहिचा वाहन, सरकारी नौकरी पाने वाले परिवार , किसान क्रेडिट 50 हजार से अधिक क्रेडिट , सरकार के साथ गैर कृषि उद्यमि परिवार, प्रतिमाह 15000 हजार आयकर भुगतान करने वाले, दो एकड़ से अधिक सिंचित भूमि और पांच एकड़ असिंचित भूमि का स्वामी है तो वैसे लाभुक प्रधान मंत्री आवास के लिए अयोग्य श्रेणी में रखे जायेंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने संभावित योग्य लाभुकों के चयन के लिए उक्त मानक कटेरिया नही आने वाले लाभुको का सर्वेक्षण कर प्रधान मंत्री आवास योजना जोड़कर आवास आवंटित किये जायेंगे। प्रधान मंत्री आवास की प्राकलन राशि 1.30 लाख निर्धारित है जबकि आवास निर्माण में अलग से मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को 95 दिन का मजदूरी लगभग 22 हजार भुगतान का प्रवधान है।सर्वेक्षण टीम में पंचायत सचिव, जनसेवक और पंचायती राज अधिकारी शामिल है।

### तीन दिवसीय मनरेगा प्रशिक्षण संपन्न

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड स्थित सभागार में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण में लापुंग प्रखंड के सभी गारह पंचायत जिसमें हुलसु, बोकरदा, महुगांव, मालगो, दोलाइचा, लतरातु, दानेकेरा, ककरिया, डाड़ी, देवगांव के मुखिया पंचायत सचिव एवं वीएलई शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर पंचायती राज विभाग के द्वारा मनरेगा कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन विडियो ऊषा मिंज के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया था।

# 21वां लैंप लाइटिंग व कैपिंग सेरेमनी का आयोजन

▸ नर्स को शरीर विज्ञान की गहरी समझ होती है : नौशाद आलम



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**
**ओरमांझी।** इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में 21वां लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नौशाद आलम - आईपी एस, डीआईजी कार्मिक, झारखण्ड, सईद अहमद अंसारी - सीनियर एडवाइजर, मेदान्ता, अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, ईरबा, रांची मो रिजवान अंसारी- उप-प्रमुख, ओरमांझी, राची, जीनत कौसर-सेक्रेटरी, हाजी अब्दुर रज्जाक एजुकेशनल सोसाइटी आदि उपस्थित थे।
इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। तथा नर्सिंग छात्रों को नर्सिंग कैप पहनाकर उन्हें नर्स का शपथ दिलाया गया। इसके साथ-साथ कॉलेज के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर - प्रेरणा श्रीवास्तव, एम. एस. सी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष, द्वितीय यूनिवर्सिटी टॉपर निहारिका तिर्की एवं तृतीय यूनिवर्सिटी टॉपर शोएब अख्तर को सम्मानित किया गया। पोस्ट बेसिक बी० एस० सी० नर्सिंग द्वितीय वर्ष के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर स्तुति सिन्हा को सम्मानित किया गया। बेसिक बी० एस० सी० नर्सिंग फाइनल वर्ष के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर प्रियंका कुमारी को सम्मानित किया गया। जीएनएम फाइनल वर्ष में प्रथम टॉपर - पायल वर्मा, द्वितीय टॉपर - रिंकू सामन्ता तथा ए.एन.एम. द्वितीय वर्ष के प्रथम टॉपर नजमा अंजुम एवं स्टेट तृतीय रैंक निकी कुमारी को सम्मानित किया गया। साथ ही कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। नौशाद आलम - आई. पी. एस., डीआईजी कार्मिक, झारखण्ड ने कहा कि नर्स का पेशा निस्वार्थता, लचीलापन और जरूरतमंद लोगों की देखभाल के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नर्सिंग केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि एक ऐसा पेशा है जिसके लिए ज्ञान, कौशल और सहानुभूति के एक अनूठे संयोजन की आवश्यकता होती है। नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं जो स्वास्थ्य सेवा आपात स्थितियों के दौरान रोगियों को चौबीसों घंटे देखभाल और सहायता प्रदान करती हैं। उनके पास मानव शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान और मानव शरीर के जटिल कामकाज की गहरी समझ होती है। ये सभी पकड़ उन्हें रोगियों का आकलन करने, निदान करने और उनके लिए उचित उपचार प्रदान करने में मदद करती हैं। हालाँकि, उनकी भूमिका चिकित्सा विशेषज्ञता से कहीं आगे तक फैली हुई है। वे देखभाल करने वाले, परामर्शदाता और शिक्षक भी हैं, जो बीमारी और ठीक होने की जटिलताओं के माध्यम से अपने रोगियों और परिवारों का मार्गदर्शन करते हैं। विशिष्ट अतिथि - सईद अहमद अंसारी - सीनियर एडवाइजर, मेदान्ता, अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल ने कहा कि मेरे देश की साथी नर्सों के लिए, मैं आपके पेशे के बारे में जानकर सम्मान और गर्व महसूस करता हूं और आशा करता हूँ कि आप उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखेंगे। आपके अथक प्रयास और करुणा हर दिन अनगिनत व्यक्तियों के जीवन में गहरा बदलाव लाते हैं। जीनत कौसर-सेक्रेटरी, हाजी अब्दुर रज्जाक एजुकेशनल सोसाइटी ने कहा कि नर्सिंग सिर्फ.एक पेशा नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है।इसके लिए नैतिक सिद्धांतों की गहरी समझ, मानवीय गरिमा के प्रति सम्मान और रोगियों के अच्छे स्वास्थ्य की वकालत करने के प्रति समर्पण की आवश्यकता होती है। निस्संदेह, नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के इस नैतिक दिशा-निर्देश को सफलतापूर्वक पूरा करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि रोगियों को दी जाने वाली सेवाएँ हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता पर होनी चाहिए।

## संक्षिप्त

### मेगा ट्रेड फेयर का समापन कल

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन के मात्र अब दो दिन ही बचे हैं। 17 फरवरी को ट्रेड फेयर का समापन हो जायेगा। अंतिम चरण को देखते हुए ट्रेड फेयर में अधिकतर स्टॉलधारियों की ओर से आकर्षक ऑफर्स दिये जा रहे हैं। इन ऑफर्स का लाभ रांचीवासी उठा सकते हैं।
ट्रेड फेयर में आठ देशों और 15 राज्यों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी है। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस फेयर में शनिवार को खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। दोपहर तीन बजे से लोगों का आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात्रि तक लगा रहा। सभी हैंगरों में लोगों की भीड़ दिखी।
फेयर में घर के सजावटी सामान से लेकर देशभर के विभिन्न राज्यों के कलाकारों द्वारा तैयार किए गए कई आर्टवर्क और प्रोडक्ट को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही लोग इनकी जमकर शॉपिंग भी कर रहे हैं। मेले में आधार में नाम सुधरवाने समेत कई कार्य किये जा रहे हैं। शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार, एमएसएमई कार्यालय झारखंड के ज्वाइंट डायरेक्टर इंद्रजीत यादव, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक राघवेंद्रा रत्ना मौर्या ने ट्रेड फेयर का भ्रमण किया। इस अवसर पर झारखंड चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, राहुल साबू, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, समेत अन्य मौजूद थे।

### रांची के 1.29 लाख बच्चों का प्रोफाइल अपडेट नहीं

**रांची।** शिक्षा विभाग की वेबसाइट यूडायस प्लस पर रांची जिले के 1711 स्कूलों ने एक लाख 29 हजार 91 बच्चों की प्रोफाइल को अपडेट नहीं किया है। इनमें सरकारी, निजी, मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक स्कूल, कल्याण विभाग की ओर से संचालित स्कूल, इंटर कॉलेज, 531 गैर मान्यता प्राप्त स्कूल शामिल हैं। इससे इन बच्चों का भविष्य अधर में पड. गया है। इस संबंध में उपर्युक्त स्कूलों को जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से कई बार पत्र भेजा गया, लेकिन इन स्कूलों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और इसे लेकर छह माह बीत गए। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा है कि सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त निजी स्कूल इस संबंध में 18 फरवरी तक इन छूटे हुए बच्चों की प्रोफाइल अपडेट कर लें अन्यथा कक्षा आठ की परीक्षा में ये छूटे बच्चे शामिल नहीं हो पाएंगे।
वहीं ऐसे निजी स्कूलों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की बात कही गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से कहा गया है कि बच्चों की प्रोफाइल अपडेट नहीं होने से शैक्षणिक सत्र 2025 26 के लिए जब वेबसाइट खोला जाएगा तो संबंधित स्कूलों के लॉगिन में उन्हीं बच्चों का नाम शो होगा, जिनकी प्रोफाइल 2024- 25 में अपडेट किया हुआ है और पीईएन नंबर भी उन्हीं बच्चों का शो करेगा।

### भक्तों ने लिया खिचड़ी महाप्रसाद का आनन्द

**रांची।** दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 15 फरवरी शनिवार को 866वां खिचड़ी महाप्रसाद का भंडारा हुआ, जिसमें 1382 लोगों में महाप्रसाद वितरण किया। कलियुग के प्रत्यक्ष देवदेवोत्तमा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश का वैदिक और आगमोक्त विधि से पूजा-आराधना संपादन कर शास्त्रगत तरिके से जो भोग लगता है, वह देवताओं के लिये भी दुर्लभ है। किसी भी सात्विक नैवेद्यों में खास खिचड़ी का भोग यदि भगवान श्रीमन्नारायण की प्रसन्नता के लिए जो कोई भी भक्त श्रद्धा पूर्वक लगाते हैं , तो उसे लक्ष्मी कभी नहीं छोड़ती है। पुत्र की भांति उसका रक्षण करती है। इसीलिए किसी भी प्रकार के सात्विक भक्ष्य पदार्थों का भक्षण करने के पूर्व श्रीभगवान को भोग लगाकर ग्रहण करने का विधान है।

# भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन, तेलंगाना पुलिस बनी ओवरऑल चैंपियन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** रांची के खेलगांव में आयोजित 68 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का शनिवार को समापन हो गया। इस पुलिस मीट की शुरूआत 10 फरवरी को हुई थी। पांच दिन तक चले इस प्रतियोगिता में तेलंगाना पुलिस ओवरऑल चैंपियन बनी, जबकि दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश की टीम रही।
झारखंड पुलिस की टीम ने एक गोल्ड और चार सिल्वर पदक जीते। इसके अलावा, मध्य प्रदेश की स्वान दस्ते की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। उल्लेखनीय है कि इस ड्यूटी मीट में कुल 28 टीमों ने भाग लिया था। वहीं मुख्यमंत्री ट्रॉफी तेलंगाना ने जीती। डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में बीएसएफ की टीम विजेता रही, जबकि तेलंगाना की टीम दूसरे स्थान पर रही। पुलिस फोटोग्राफी में पहला स्थान तमिलनाडु पुलिस को मिला, जबकि दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश पुलिस को मिला।
कंप्यूटर अवेयरनेस और आईटी कंपटीशन में आईटीबीपी की टीम ने जीत हासिल की। जबकि बीएसएफ दूसरे नंबर पर रही। एंटी सबोटेज चेक में तेलंगाना की टीम विजेता बनी, जबकि दूसरे नंबर पर एसपीजी की टीम रही। बेस्ट डॉग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के स्वान दस्ते को गोल्ड मेडल मिला।




साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में तेलंगाना की टीम विजेता रही, दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश और तीसरे स्थान पर झारखंड पुलिस की टीम रही। एनसीआरबी ट्रॉफी फॉर एम्पावरिंग पुलिस विद इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। राइफल रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता, बैंड प्रतियोगिता, साइंटिफिक एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, पुलिस वीडियोग्राफी, एंटी सबोटेज चेक, श्वान दस्ते की प्रतियोगिता, विधि विज्ञान परीक्षा, लिखित मेडिको लीगल मौखिक परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी परीक्षा, पुलिस वीडियोग्राफी परीक्षा, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, लॉ रूल्स और कोर्ट जजमेंट, लिफ्टिंग पैकिंग पुलिस पोर्ट्रेट, ऑब्जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान प्रशिक्षण और एंटी सबोटेज चेक इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न पुलिस टीमों ने भाग लिया था। मौके पर राज्य पुलिस के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# रांची विवि के अतिथि शिक्षकों की बैठक में आंदोलन की बनी रणनीति



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों ने नीड बेस्ड टीचरों की बहाली प्रक्रिया की बहाली को रोकने के निर्णय का स्वागत किया है। इसको लेकर अतिथि शिक्षकों की बैठक मोरहाबादी में हुई। इसमें सरकार के इस निर्णय का स्वागत कियागया। कहा कि यह उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग है।

**अतिथि शिक्षकों की मांग**
अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि उनकी मांग शुरू से रही है कि उनका समायोजन नीड बेस्ड शिक्षकों के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति प्रक्रिया से अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा था।

**विश्वविद्यालय के दोहरे चरित्र पर सवाल**
डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति राजभवन जाकर सरकार के निर्णय के विरुद्ध शिकायत कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर पहले से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को काम करने से रोक रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह दोहरा चरित्र समझना मुश्किल है।

### क्या है आगे की रणनीति

अतिथि शिक्षक संघ ने कहा कि वे अपने खिलाफ हो रहे अन्याय का पुरजोर विरोध करेंगे और जरूरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सरकार से मांग करेंगे कि वह पहले से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को सम्मानपूर्वक कार्य करने का स्पष्ट निर्देशन दें।

## शिक्षा की दिशा में शिक्षा प्रचारक चुनचुन भाई का योगदान अद्वितीय



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** रांची शिक्षा प्रचारक भाई चुनचुन सर दुनिया का पहले ऐसे आदमी है जो अपने लिखे हुए नारो द्वारा घुमघुम कर अपना तन-मन-धन लगा कर बैनर में अपना नारा लिख कर लोगो में पढ़ने पढ़ाने का अपना एक अलग अन्दाज एक नये तरीके से लोगों में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। सन 1990 से अपना लिखे हुए नारा लगा रहे है, भाई चुनचुन सर है देवता, घर-घर में जाकर देता है शिक्षा का नेवता। अनिता, चटर्जी, अनजुमन भाई ने कहा कि चुनचुन सर का नारा है, हर हाल में अपने बच्चे बच्चियों को पढ़ायेगे लिखाये नेक नागरीक बनायेंगे, तभी भरपेट खाना खायेगे। हर हाल में स्कूल कॉलेज पढ़ने जायेंगे, तभी तो पढ़ पायेंगे आगे बढ़ पायेंगे देश के लिए कुछ करके दिखायेंगे शिक्षा प्रचारक चुनचुन सर शिक्षा में योगदान अद्वितीय है।
भारतवासी भाई चुनचुन सर शिक्षा प्रचारक अपना नारा लगाते हैं। कलकता के हावड़ा ब्रिज, विकटोरीया रानी के महल के अन्दर, पार्क, सर्कस व पोन्ट, कभी गांव में कभी पेड़ छांव में, कभी शादी विवाह के मेहफील में, इसलिए हावड़ा से कलकता में 30 आदमी एवं महिलाएं मनीता चटर्जी, आर्जूमन, सिल्पी, सुमन, सुगन्ध, उमेरा कायनात परवीन, मेन्टु गुप्ता, दादा मोखर जी, सियालदा, रिन्कू दा, सैफ, बुचन दा आदी ने कहा चुनचुन सर आप है शिक्षा का देवता, सभी को शिक्षा का दे रहे है नेवता, ये खबर आया आसमान से, चुनचुन सर राईन शिक्षा का सिख सिखा रहे है दुनिया को इमान से...
चुनचुन सर ने कहा दिन ब दिन छात्र-छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, साथ-साथ स्कूल कॉलेज भी बन रहे है खुशी की बात है बच्चे बच्चियां शिक्षित हो रहे हैं अब बच्चे आधी रोटी खा कर या आधा पेट 'खा कर नहीं जायेंगे स्कूल कॉलेज, भर पेट खाकर स्कूल स्कूल कॉलेज पढ़ने जायेंगे बच्चे स्कूल में भी भर पेट खाना खायेंगे बच्चे, सभी बच्चे... भाई चुनचुन सर का नारा रंग लाया, भाई चुनचुन सर के ने जब अपना नारा लगाया, चुनचुन सर का नारा है हर हाल में हर दिन स्कूल कॉलेज पढ़ने जायेंगे...हर हाल में हर कीमत पर अपने बच्चे बच्चियों को पढ़ायेंगे शिक्षा प्रचारक भाई चुनचुन सर पूरे भारतवर्ष का दौरा करेंगे... जुगनू बन के चमकते रहेंगे भाई चुनचुन स्कूलों में और फूलों में, सभी बच्चे पढ़े बढ़े और झुलते, रहे झुलों में सभी बच्चों को मिले खाने को दुध और मलाई नारा लिखा है चुनचुने भाई नारा दिया है। शिक्षा प्रचारक भाई चुनचुन सर देवता है देवता है घर घर मे जा जाकर देता है शिक्षा शान्ति भाईचारे का नेवता है...
चुनचुन सर तो है भाई देवता घर-घर दर-दर जा कर देता है हर हाल में पढ़ने लिखने का नेवता...

## पूरे राज्य में 28 फरवरी तक चलेगा तेल संरक्षण महोत्सव सक्षम-25



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों का सक्षम कार्यक्रम का शुभारंभ 14 फरवरी को नामकुम स्थित इंडियन ऑयल के कार्यालय में हुआ। इसके तहत पूरे राज्य में तेल एवं ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम चलाए जाएंगे। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप और तेल कंपनियों के राज्य स्तरीय समन्वयक पंकज कुमार, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल, गेल कम्पनियों के अधिकारी, डीलर्स और मौजूद लोगों ने पर्यावरण, तेल एवं ऊर्जा संरक्षण के प्रति शपथ लेकर की।
राज्य भर में साइकल रैली, वॉकथन, समूह वार्ता, कार रैली, गैस के संरक्षण के लिए गृहणियों के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। स्कूल कॉलेजों के छात्र छात्राओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित कर संरक्षण के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का समापन 28 फरवरी को होगा।
मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा पर्यावरण को बचाने के लिए जन जागरुकता जरूरी है। गैस एवं पेट्रोलियम उत्पादों का संरक्षण कर विदेशी मुद्रा भंडार भी बचा सकते हैं। साथ ही, आने वाले जेनरेशन के भविष्य को सुरक्षित बनाने में योगदान कर सकते है।
मौके पर गेल इंडिया के प्रशांत सिंह, भारत पेट्रोलियम के संजय तिग्गा, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के विवेक दुबे समेत पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियों के संचालक मौजूद थे।

## सीसीएल में एनआईपीएम-ईस्टर्न रीजन कॉन्फ्रेंस का समापन



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में दो दिवसीय एनआईपीएम-ईस्टर्न रीजन कॉन्फ्रेंस का समापन 15 फरवरी को हुआ। कॉन्फ्रेंस का आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट : ईस्टर्न रिजन ने किया था। इसका विषय 'फ्यूचर ऑफ वर्क : रीडिफाइनिंग एचआर फॉर समृद्ध भारत' था। सम्मेलन का उद्देश्य मानव संसाधन क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करना था, ताकि भारत के सतत आर्थिक विकास में एचआर की भूमिका को और प्रभावी बनाया जा सके।
कॉन्फ्रें स का उद्घाटन झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने किया। उन्होंजने अपने अनुभवों को साझा किया।
सीसीएल के सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह, कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./संचालन) हरीश दुहान एवं अन्य ने भी कॉन्फ्रें स में अपने विचार रखें। कॉन्फ्रें स में बड़ी संख्या में एचआर प्रोफेशनल्स, बिजनेस लीडर्स, फंक्शनल हेड्स, शैक्षणिक, अनुसंधान, मैनेजमेंट की पढाई करने वाले छात्र, मानव संसाधन प्रक्रिया में सेवा प्रदाता, प्रतिभा अधिग्रहण स्वचालन और प्रशिक्षण सेवाएँ प्रदान करने वाले लोग शामिल हुए।
मौके पर कॉर्पोरेट जगत, बिजनेस स्कूलों और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने ज्ञान साझा किए। सम्मलेन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए थे।

## इल्म व हुनर इंसान को बनाता है कामयाब : डॉ. कमल बोस

### मास कॉम विभाग में पटकथा लेखन संबंधी कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज के मास कॉम विभाग में पटकथा लेखन से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार सह संत जेवियर कॉलेज के पूर्व हिन्दीह विभागाध्यक्ष डॉ कमल बोस थे।
विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ बोस ने कहा कि पटकथा दृश्य और श्रव्य माध्यम को अधिक प्रभावशाली बनाने का तरीका है। रेडियो और टेलीविजन से जो जानकारी प्राप्त करते हैं उसमें पटकथा की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि लिखने के लिए निरंतर पढ़ना जरूरी है। हर विद्यार्थी में अलग- अलग खूबी होती है, जिस क्षेत्र में रुचि है उसमें निपुण बनो। इल्म के साथ-साथ हुनर का होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास से जीवन के हर अंधेरे को मिटा कर रोशनी ला सकते हैं। पटकथा लेखन से संबंधित प्रश्नोत्तरी भी रखा गया। कार्यक्रम में एचओडी प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंग, प्रो अनुज कुमार, प्रो संतोष कुमार और मास कॉम के सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

# आंदोलनकारी के रूप में रही टेकलाल की पहचान : कमलेश

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**
**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को कांग्रेस भवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक, रहे आंदोलनकारी टेकलाल महतो की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।
प्रदेश अध्यक्ष कहा कि टेकलाल महतो के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी।
प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाजनी प्रथा व धान पेडी की लेवी के खिलाफ चलाये गये आंदोलन के अलावा झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनकी सक्रियता रही।



बिनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर शिवाजी समाज का गठन कर बाल विवाह के अलावा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया था। वर्ष 1997 में एकीकृत बिहार विधानसभा में टेकलाल महतो ने ही सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित कराया था।
उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में उन्हें नौकरी मिली थी, लेकिन जनसेवा के जुनून के कारण नौकरी छोड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गये।
उन्होंने कहा कि 70 के दशक में हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत स्थित लकमा में महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय ग्रामीण साधु, सैयनाथ और शनिचर महतो की मौत सीआरपीएफ की गोली से हो गयी थी। इस आंदोलन का नेतृत्व टेकलाल महतो कर रहे थे। उन्होंने धान पेडी की लेवी को काला कानून बताया था। इसके तहत किसानों को 10 रुपये क्विटंल की दर से धान सरकार को बेचना था।
झारखंड और छोटानागपुर क्षेत्र के किसान इसके खिलाफ गोलबंद हुए। आंदोलन की अगुवाई कर रहे टेकलाल महतो का कहना था कि सिंचाई की सुविधा नहीं है तो लेवी भी नहीं देंगे। इस आंदोलन ने संयुक्त बिहार सरकार को हिला दिया और उसे झुकना पड़ा था। किसानों ने तब नारा लगाया था।
श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों राकेश सिन्हा, रविन्द्र सिंह, अभिलाष साहु, रजन वर्मा, विनय सिन्हा दीपू, केके गिरि, डॉ एम तौसीफ अमुल्य नीरज खलखो, कमल ठाकु, खुर्शीद हसन रूमी, विनय कुमार चौबे, केदार पासवान समेत अन्य शामिल थे।

## संक्षिप्त

### सीटीपीएस में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई की होगी स्थापना

**गिरिडीह।** चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन (सीटीपीएस) में 2 गुना 008 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना होगी। यह कोल इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम के माध्यम से होगी। इसका प्रबंधन डीबीसी के पास होगा। यह जानकारी गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने दी। सांसद ने बताया कि इस परियोजना पर करीब 164257.7 करोड़ रुपए खर्च होगी। इसको लेकर केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

### पिता की पुण्यतिथि पर पुत्र ने जरूरतमंदों को कराया भोजन

**धनबाद।** समाजसेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन प्रतिदिन जरूरतमंदों को भोजन कराता है। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) परिसर में 267 जरूरतमंदों को भोजन शनिवार को कराया गया। खाना में पुड़ी, सब्जी और मिठाई शामिल था। आज के भोजन के दो दानदाता थे। स्वर्गीय नीरेंद्र नाथ खवास की आठवीं पुण्यतिथि पर उनका पोता सुदीप खवास और दूसरा स्वर्गीय नव कुमार तिवारी की 13वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र उज्वल तिवारी ने जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण कराया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, फाउंडर मेंबर विभूति प्रसाद सिंह, फाउंडर मेंबर सह मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास और मुन्ना खान के अलावे दानदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### अवैध बालू लदे एक हाइवा व तीन ट्रैक्टर जब्त

**खरसावां।** शनिवार को जिला खनन विभाग और खरसावां थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाते हुए हुड़ंगदा व खरसावां के विभिन्न स्थानों में अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बालू लदा एक हाइवा और तीन ट्रैक्टर जब्त कर खरसावां थाना को सुपुर्द कर दिया है। खनन विभाग ने बताया कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने बताया कि जब्त वाहनों के परिवहन से संबंधित कागजातों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बालू और अन्य खनिजों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर चेकनाका लगाए जा रहे हैं।

### झाड़ी के पास मिला शव पुलिस ने किया जब्त

**कतरास।** बाघमारा के कतरास थाना अंतर्गत कुमार जोरी पंचायत के चैनपुर गांव के समीप झाड़ी में शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गई। स्थानीय लोगी द्वारा कतरास पुलिस को सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। वही पुलिस जांच में जुट गई। फिलहाल शव की पहचान 38 वर्षीय देव शंकर भुईयां बसेरिया निवासी के रूप में हुआ है। मृतक का तीन बेटा है और बीसीसीएल कर्मी है। मृतक देव शंकर भुईयां पांडेडीह में कार्यरत है।

### ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में दो व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर उच्च विद्यालय के बगल में स्थित एनएच 98 रोड पर शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे ट्रैक्टर और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल व्यक्तियों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहा चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को बेहतर इलाज के लिए मेदनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। बाइक सवार घायलों की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के सिल्दाखुर्द गांव निवासी 35 वर्षीय नागेंद्र यादव और 32 वर्षीय गुड्डू यादव के रूप में की गयी है।

# प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह-प्रदर्शनी 19 फरवरी को

## मेला-सह-प्रदर्शनी को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन पलामू के शिवाजी मैदान में 19 फरवरी, 2025 को होगा। मेला-सह-प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में 15 फरवरी को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। उपायुक्त ने मेला-सह-प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि किसान मेला-सह-प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को कृषि के क्षेत्र में विकसित नवाचारों की जानकारी मिले। इस दिशा में सक्रियता से तैयारी करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्तत ने कहा कि मेला में किसान एक-दूसरे किसानों द्वारा उत्पादित सब्जी एवं अन्य उत्पाद के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। वहीं पशुपालक किसान भी उन्नत नस्ल के पशुओं के बारे में जान-समझ सकेंगे। सखी मंडल की महिलाएं भी दूसरे महिलाओं द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्य के बारे में जागरूक व प्रज होंगी। मेला के माध्यम से किसान उन्नत खेती, कृषि के क्षेत्र में हो रहे नये प्रयोग एवं उपचारित बीज से उत्पादन को बढ़ावा दिए जाने आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। वहीं कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में विकसित तकनीक अपनाकर किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकेंगे।

बैठक के प्रारंभ मे जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार ने मेला के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। उपायुक्त ने उन्हें मेला के बैहतर आयोजन का आदेश दिया। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार को मेला के सफल आयोजन में सक्रियता से सहयोग करने का निदेश दिया।

किसान मेला-सह-प्रदर्शनी में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिस्थितियों का वितरण भी किया जाएगा। वहीं 40 से अधिक स्टॉल लगाये जाएंगे। स्टॉल कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग नाबार्ड, अग्रणी बैंक, कृषि विज्ञान केन्द्र, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, ग्रामीण विकास, शहरी आजीविका मिशन, जेएसएलपीएस, पशुपालन इफ्को आदि विभागों के स्टॉल लगाये जाएंगे। स्टॉल के माध्यम से लोगों को संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

मुख्य मंच से कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में बेहतर करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा। लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, पलामू के जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, गढ़वा के जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, लातेहार के जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## टेकलाल बाबू की पाठशाला से सैकड़ों सांसद और विधायक बने : जेपी पटेल



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**विष्णुगढ़।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मांडू पूर्व विधायक, कांग्रेस नेता जयप्रकाश भाई पटेल ने शनिवार को जननायक आंदोलन क्रांतिकारी नेता स्व0 टेकलाल महतो की जयंती पर उन्हें विशेष याद एवं आदमकद प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन करते हुए 80वां जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया।

इस पावन अवसर पर विष्णुगढ़ प्रखंड के टेकलाल महतो की जन्मस्थली चानो, बनासो बीएड महाविद्यालय, विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय, टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय तथा उनकी कमर्भूमि विष्णुगढ़ के झामुमो कार्यालय से सटे प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्राँगण में जन्मोत्सव के अवसर पर आंदोलकारी टेकलाल महतो की स्मृति पर विशेष जनसभा समारोह का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजित समारोह कार्यक्रम में महिला पुरुष का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस कार्यक्रम का संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। कार्यक्रम के पूर्व टेकलाल महतो के परिवार व उनके चाहने वाले कार्यकर्त्ताओ ने विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज परिसर में स्थापित आदम कद प्रतिमा में विधिवत पूजा अचर्ना कर उनको नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

जयन्ती कार्यक्रम में दजर्नों वक्ताओं ने उनकी जीवनी से लेकर टेकलाल महतो के अथक प्रयास और परिश्रम को आज जीवंत कर दिया। सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह पूर्व माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि सबसे पहले विष्णुगढ़ के पावन धरती एवं टेकलाल बाबू के चरणों मे मेरा शत शत नमन। उन्होंने आगे कहा कि विष्णुगढ़ धरती एक आंदोलनकारी धरती रही है, इस धरती पर सैकड़ो लोगों ने अपनी कुर्बानियां दिया है।

## तसर रेशम कार्यशाला में किसानों को मिला तकनीकी मार्गदर्शन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा में तसर रेशम परिसर में उद्योग विभाग ने एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ, सिंहभूम सांसद श्रीमती जोबा माझी सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

कार्यशाला के दौरान तसर किसानों को कोकुन उत्पादन में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। 'तसर रेशम कीटपालन' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इसके अलावा, आयोजन स्थल पर स्थापित विभिन्न स्टालों का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। कोकुन बैंक का अवलोकन भी किया गया।

सिंहभूम सांसद श्रीमती जोबा माझी ने कहा कि झारखंड सरकार कोल्हान क्षेत्र में तसर-रेशम के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि तसर किसानों को तकनीकी सुविधा सहित बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और किसानों के आय में वृद्धि लाने के लिए सरकार काम कर रही है।

प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र में तसर की खेती लगभग 55,000 से 60,000 परिवारों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य तसर खेती की समृद्ध विरासत को बचाये रखते हुए अगली पीढ़ी को इस खेती के लिए प्रोत्साहित करना है।



### शिक्षकों की लम्बित प्रोन्नति जल्द दी जाये

**हज़ारीबाग।** शनिवार को प्रवीण कुमार, जिला अध्यक्ष ,अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधीक्षक ,हजारीबाग से मिलकर शिक्षकों का वषों से लंबित विभिन्न ग्रेडों का प्रोन्नति जल्द से जल्द देने की मांग की इसपर जिला शिक्षा अधीक्षक ने अपनी सहमति देते हुए कहा कि प्रोन्नति जल्द से जल्द दी जायेगी। ज्ञातव्य हो कि शिक्षकों को प्रोन्नति देने हेतु ग्रेड 3 एवं ग्रेड 4 में प्रोन्नति देने हेतु वरीयता सूचि जारी कर आपत्ति की मांग की गई है।इसपर मेरे द्वारा जारी सूची में विसंगति पर ज्ञापन देते हुए सुधार कर वरीयता सूची पुनः जारी करने की बात की।इसपर भी ऊए महोदय ने सहमति दी।विसंगति ज्ञापन में इस प्रकार है। ग्रेड-3 की जारी वरीयता सूची में जन्मतिथि 1941 एवं नियुक्ति तिथि 1971 से गणना कर वरीयता सूची बनायी गई है। यह बड़ी विसंगति है। गई है। ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2011 तक कार्यरत शिक्षकों को विभागीय नियमानुसार ग्रेड-3 में प्रोन्नति दी जा चुकी है। फिर किस परिस्थिति में उससे पूर्व के शिक्षकों की गणना कर सूची जारी की जिन कमी के द्वारा प्रोन्नति वरीयता सूची बनायी गई है।

## खेती को कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग में बदलने की साजिश : राजा राम




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** अखिल भारतीय किसान महासभा झारखंड राज्य परिषद की बैठक शनिवार को सर्किट हाउस में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय महासचिव सह बिहार के काराकाट से भाकपा माले के सांसद राजा राम सिंह शामिल हुए। बैठक में कृषि, किसान, सिंचाई, पर्यावरण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद ने कहा कि झारखंड में वनाधिकार कानून 2006 पूरी सख्ती के साथ लागू होना चाहिए। जल, जंगल, जमीन, किसानों और आदिवासियों के हाथ में रहेगा, तब ही पर्यावरण एवं कृषि सुरक्षित रहेगी। झारखंड सरकार को कृषि और पर्यावरण पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। राज्य की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए किसानों को सिंचाई के लिए पानी पाइपलाईन से भी दिया जा सकता है। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार की न्यू पॉलिसी फ्रेम वर्क ऑफ एग्रीकल्चर मार्केटिंग (एनपीएफएएम) स्कीम पूर्व के तीन कृषि कानून की तरह है। यह पूरी तरह से किसान और कृषि के विरोध में है और सारे प्रावधान तीन कृषि कानून की तरह ही हैं।

केन्द्र सरकार षडयंत्र करके एनपीएफएएम के माध्यम से एग्रीकल्चर मार्केटिंग में निजी कंपनियों को घुसाने की साजिश कर रही है। खेती को कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग में बदलने की साजिश की जा रही है। इस स्कीम के तहत कंपनी जो कहेगी, किसानों को वही करना होगा । तीन कृषि कानून की तरह इसका भी विरोध किया जायेगा और किसी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जायेगा। राजा राम ने कहा कि झारखंड के बांध से अगर बिहार को फायदा होता है तो वहां की सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि विस्थापित लोगों के लिए काम करे। बिजली पैदा होने पर आपूर्ति करके झारखंड को दे।

मौके पर किसान महासभा एवं भाकपा माले से जुड़े कई नेता बीएन सिंह, दिव्या भगत एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 1.30 करोड़ की लागत से निर्मित सरकारी गोदाम पर उठ रहे हैं सवाल



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** प्रखंड परिसर में 1.30 करोड़ की लागत से निर्मित सरकारी गोदाम शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। इधर पुराना गोदाम जर्जर हालत में है। विभाग की ओर से नवनिर्मित गोदाम को हैंडओवर नहीं लिया जा रहा है जो कई सवालों को जन्म दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गोदाम में दस हजार टन अनाज भंडारण की क्षमता है। हालांकि उक्त योजना से संबंधित शिलापट्ट भी कार्यस्थल में नहीं लगा है।

**क्या कहते हैं बीडीओ**

इस संबंध में बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी ने बताया कि गोदाम की जांच करने पर कई अनियमितता पाई गई है। ठेकेदार को कई बार तलब करने के बाद भी वे नहीं आ रहे है। उन्होंने बताया कि तय एसओपी के आधार पर कार्य नहीं किया गया है। कई जगह दरारें आने लगे हैं जो दशार्ता है कि इसके निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है ऐसे में यदि हैंडओवर ले लिया गया तो उन्हें परेशानी होगी।

## मोतीलाल अंगारिया हत्याकांड में पांच आरोपी गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चाईबासा।** पुलिस ने मोतीलाल अंगारिया हत्याकांड में पांच आरोपी गिरफ्तार किया है। बीते 27 जनवरी, 2025 को ग्राम समीज स्थित जंगल में कोयल नदी के किनारे एक अज्ञात पुरुष का शव मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मृतक की पहचान मोतीलाल अंगारिया के रूप में हुई थी।

पुलिस अनुसंधान में पता चला कि मोतीलाल अंगारिया ने ग्राम कुनैना निवासी सुनील बोदरा के घर में घुसकर उनकी पत्नी के साथ छेड़खानी की थी। इसके बाद सुनील बोदरा ने अपने मित्रों को बुलाकर मोतीलाल अंगारिया के साथ मारपीट की और उसकी हत्या कर दी।



पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें विजय रौतिया, सुखलाल चेरवा, मुसुंग चेरवा उर्फ राज चेरवा, डेविया चेरवा और शंकर बोदरा शामिल हैं। इन आरोपियों ने अपने बयान में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने इस मामले में एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है, जिसका उपयोग आरोपियों ने मोतीलाल अंगारिया की हत्या करने के लिए किया था।

### 20 एकड़ अवैध पोस्ते की खेती नष्ट

**लातेहार।** जिले के बारियातु प्रखंड अंतर्गत बालूभांग पंचायत के करमाटांड़, इन्दुआ और बुढ़ीसखुआ में लगभग 20 एकड़ में अवैध रूप से की जा रही पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर, ग्रास कटर और लाठी-डंडों की मदद से अवैध फसल को नष्ट किया। मौके पर मौजूद प्रभारी फॉरेस्टर आनंद कुमार चौधरी ने बताया कि यह अभियान बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह और बालूमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान अन्य पुलिस अधिकारी और वनकर्मी भी मौजूद थे।

# 50 बांस हस्तशिल्पियों के बीच निःशुल्क उन्नत औजार वितरित

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**धनबाद।** चंदनक्यारी प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न गांवों में कार्यरत बांस हस्तशिल्पियों के सहयोग के लिए बिरसा क्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी का निर्माण किया गया है, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय डिजाइन केंद्र, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में प्रखण्ड विकास सभागार में बोकारो के चंदनक्यारी प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों से आए 50 बांस हस्तशिल्पियों को उन्नत औजार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय कुमार वर्मा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चंदनक्यारी एवं विशिष्ट अतिथि भुवन भास्कर, सहायक निदेशक हस्तशिल्प देवघर द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रवज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि अजय कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि हस्तशिल्प विभाग चंदनक्यारी प्रखण्ड में बांस हस्तशिल्पियों के विकास एवं उत्थान के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क औजार वितरण कार्यक्रम को उत्तम अवसर बताया और हस्तशिल्पियों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह कार्यक्रम हस्तशिल्पियों के कौशलता को निखारने और उनकी उत्पादकता और आमदनी को बढ़ाने में सहायक साबित होगी।



सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर ने बताया कि प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों से आए बांस हस्तशिल्पियों को निःशुल्क औजार दिया गया है। औजारों का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हस्तशिल्पियों को उन्नत औजार के जरिये उत्पादकता बढ़ाने, समान गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन में सहायता करना है। उन्होंने हस्तशिल्पियों से स्वयं सहायता समूह निर्माण कर काम करने को कहा जिससे उन्हें कच्चा माल के क्रय, उत्पादन और विपणन करने में सहायता प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चंदनक्यारी प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न गांवों में कार्य कर रहे बांस हस्तशिल्पियों के सहयोग के लिए बिरसा क्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में हस्तशिल्पियों के बीच विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मॉडल प्रोड्यूसर क्लस्टर, शिल्पी पहचान पत्र, गाँधी शिल्प बाजार, प्रदर्शनी, स्वयं सहायता समूह, ई-कॉमर्स पोर्टल, मुद्रा लोन, इत्यादि विषयों पर विस्तृत इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रोड्यूसर कंपनी की विशेषता बताते हुए विकास कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी ने कहा कि इसके बनने से यहाँ के बांस कारीगरों को उत्पादन, विपणन, विक्रय और निर्यात करने में सहायता मिलेगी। मौके पर किशोर रजक, ज़िला उद्यमी समन्वयक, बोकारो टिंकरहाट फाउंडेशन के कुणाल, कोलकाता के डिजाइनर सुमन्ता बक्शी, जन जागरण केंद्र के अश्वनी कुमार का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में 50 से अधिक बांस शिल्पी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त

## सीआईएसएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल परिसर में शनिवार को स्थानीय सीआईएसएफ यूनिट के जवानों एवं अधिकारियों ने डिप्टी कमांडेंट अरुण प्रसाद ई के निर्देश एवं निरीक्षक प्रशांत कुमार प्रसून के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट ने सभी को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया और कहा कि साफ-सफाई केवल एक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ समाज की पहचान है। उन्होंने सभी से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। अभियान में सीआईएसएफ के जवान, अधिकारी तथा डीवीसी हॉस्पिटल के कर्मचारी भी शामिल रहे। अभियान के तहत सभी ने मिलकर अस्पताल परिसर को स्वच्छ बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## तीनदिवसीय एलुमनी मीट कल से

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी उच्च विद्यालय 1976 बैच के विद्यार्थियों का तीन दिवसीय एलुमनी मीट 17 फरवरी से बोकारो थर्मल में आयोजित किया गया है। एलुमनी मीट में शामिल होने के लिए बोकारो थर्मल के अलावा, कोलकाता, पटना, बेंगलुरु, मुंबई, अमेरिका आदि स्थानों से लगभग 65 वर्ष की आयु के सभी पूर्ववर्ती विद्यार्थी अपने चार दिवसीय कार्यक्रम में स्कूल का भ्रमण कर वर्तमान प्राचार्य एवं शिक्षकों-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों से मिलकर अपने पूर्व के अनुभवों को साझा करेंगे तथा प्राचार्य, शिक्षकों आदि को सम्मानित करेंगे। सभी पूर्ववर्ती विद्यार्थी डीवीसी के एचओपी सह वरीय जीएम सुशील कुमार अरजरिया से भी मिलकर उन्हें सम्मानित करने एवं बोकारो थर्मल में एक नए पावर प्लांट के निर्माण करवाने की मांग करेंगे ताकि यहां का भविष्य बचा रहे। साथ ही सभी आसपास के दर्शनीय स्थानों का भी भ्रमण करेंगे। सभी पूर्ववर्ती छात्र 20 फरवरी को अपने गंतव्य को प्रस्थान करेंगे। उक्त जानकारी पूर्ववर्ती छात्र सह भाकपा नेता मो शाहजहां ने दी।

### डीपीडीपी एक्ट का पूर्ण अनुपालन करनेवाला देश का पहला पीएसयू बना बीएसएल

# बोकारो स्टील प्लांट में एचसीएम प्रणाली की हुई शुरुआत

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट (एचसीएम) प्रणाली का गो लाइव किया गया और इसके साथ ही बी एस एल ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते डीपीडीपी (डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण) अधिनियम का पूर्ण अनुपालन करने वाला देश का पहला सार्वजनिक उपक्रम बनने का गौरव भी प्राप्त किया। यह उपलब्धि बीएसएल की डिजिटल परिवर्तन यात्रा और आधुनिक कार्यबल प्रबंधन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

बीएसएल द्वारा लागू की गई प्रखर नामक फ्यूजन-आधारित एचसीएम प्रणाली का दूसरा चरण एचआर (मानस संसाधन) प्रक्रियाओं को स्वचालित करने, पारदर्शिता बढ़ाने और कर्मचारी अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह परियोजना अपने निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूर्ण की गई है। बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके साथ अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगनी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी.आर. मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा, परियोजना कार्यान्वयन भागीदार मैसर्स डेलॉइट के अधिशासी निदेशक मोहित फौगाट, परियोजना प्रबंधक अंकुर अग्रवाल तथा मैसर्स ओरेकल के निदेशक विपुल लहरी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।




### माइंस और कोलियरियों में भी लागू होगी प्रणाली

कार्यक्रम की शुरूआत में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया और एचसीएम प्रणाली की विशेषताओं और इसके क्रियान्वयन की दिशा में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जानकारी दी कि यह प्रणाली मार्च 2025 से बीएसएल के माइंस, सीसीएसओ एवं कोलियरी में भी लागू कर दी जाएगी।

### सुलभ और पारदर्शी होगी मानव संसाधन प्रणाली : डीआई

मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने एचसीएम प्रणाली में लॉगिन कर गो-लाइव की औपचारिक घोषणा की। अपने संबोधन में उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए एच आर विभाग, वित्त एवं लेखा, सी एंड आई टी सहित समस्त टीम को बधाई दी तथा परियोजना कार्यान्वयन पार्टनर, मैसर्स डेलॉइट और मैसर्स ओरेकल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली एच प्रक्रियाओं को सुलभ और पारदर्शी बनाएगी तथा प्रबंधन और उपयोगकर्ताओं दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगी। सहायक महाप्रबंधक (एचआर) राहुल त्रिपाठी ने प्रणाली के रोल आउट पर विस्तृत जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि एचसीएम प्रणाली के पहले चरण का शुभारंभ 20 दिसंबर 2024 को सेल के अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश द्वारा वर्चुअली किया गया था। इस अवसर पर सेल के निदेशक (कार्मिक) श्री के.के. सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) हरि मोहन झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन एन.के. झा, उपमहाप्रबंधक (एचआर) एवं प्रगति, सहायक प्रबंधक (एचआर) ने किया।

### डिजिटल एचआर मामलों में अग्रणी बना बीएसएल

एचसीएम प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के साथ, बोकारो स्टील प्लांट न केवल डिजिटल एचआर समाधान में अग्रणी बन गया है, बल्कि डीपीडीपी अधिनियम के अनुरूप अपने डेटा सुरक्षा ढांचे को भी मजबूत कर रहा है। यह पहल बीएसएल को भविष्य के तकनीकी नवाचारों की दिशा में एक कदम आगे ले जाती है और इसे देश के अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनाती है। बता दें कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 एक सशक्त कानून है, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और सबसे महत्वपूर्ण, व्यक्तिगत डेटा का सुरक्षित और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करना है।

## तेनुघाट डैम घूमने आई युवती के साथ गैंगरेप मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** तेनुघाट डैम घूमने आई 22 वर्षीय युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को तेनुघाट जेल भेज दिया है।

तेनुघाट ओपी प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि उक्त कांड 5 फरवरी को घटी थी। कांड में तीन आरोपी की संलिप्तता थी। इसके दूसरे आरोपी गोमिया के झिरकी गांव निवासी लाल मोहम्मद उर्फ मोटका (43) व वहीं के सरफुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वह घटना के बाद से ही फरार था। गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दोनों को अलग-अलग टीम ने गिरफ्तार किया है। मामले का एक अन्य आरोपी झिरकी के ही इमरान अंसारी (42) को घटना के कुछ दिनों के बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि, तीसरा आरोपी अभी भी फरार है। कहा कि उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। बता दें कि तेनुघाट डैम घूमने आई पीड़िता के साथ आरोपियों ने पहले तो छेड़खानी की थी, फिर इसका विरोध करने पर आरोपियों ने उसका मुंह दबाकर झाड़ियों में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था।

## बोकारो में 20 केन्द्रों पर शांतिपूर्वक शुरू हुई सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं

- पहले दिन 9154 परीक्षार्थी रहे उपस्थित व 54 अनुपस्थित

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार को बोकारो में शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त रूप से शुरू हो गईं।

बोकारो जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्रों पर कुल 9154 परीक्षार्थियों ने पहले दिन 10वीं के इंग्लिश (लैंग्वेज एंड लिटरेचर), इंग्लिश (कम्युनिकेटिव) तथा 12वीं के एंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा दी। कुल 54 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दसवीं की परीक्षा इंग्लिश (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) में 8655 परीक्षार्थी उपस्थित थे एवं 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, 10वीं के ही इंग्लिश (कम्युनिकेटिव) में 345 बच्चे उपस्थित हुए एवं एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 12वीं की परीक्षा में एंटरप्रेन्योरशिप विषय में कुल 18 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।



**सुरक्षा मानकों का रखा गया है पूरा ख्याल : को-आर्डिनेटर सूरज**

बोकारो में सीबीएसई के सिटी को-ऑर्डिनेटर सह- चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि शनिवार की परीक्षा बहुत ही शांतिपूर्ण वातावरण में सुचारू रूप से कदाचार मुक्त आयोजित की गई। लगभग सभी छात्र-छात्राएं समय पर उपस्थित थे। पूरी परीक्षा सीबीएसई गाइडलाइन के अंतर्गत आयोजित की गई। सभी सुरक्षा मानकों का पूरा इंतजाम किया गया था, जिसमें सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था के साथ परीक्षा प्रारंभ की गई। परीक्षा कक्षा में सभी विद्यार्थी प्रवेश-पत्र के साथ उपस्थित थे। परीक्षा केन्द्र पर वीक्षकों व सुरक्षाकर्मी के सहयोग से परीक्षार्थियो की जांच की गई। सभी शिक्षकों द्वारा सकारात्मक माहौल में परीक्षा का आयोजन किया गया।

### बोले परीक्षार्थी- आसान थे सवाल

परीक्षा केन्द्र से निकलते समय विद्यार्थी काफी खुश दिखे और बताया कि पेपर आसान था, जिसे उन्होंने समय पर हल कर लिया और रिवीजन भी किया। पेपर आसान रहने से उन्हें काफी संतुष्टि मिली। सिटी कोआर्डिनेटर श्री शर्मा ने बताया कि आने वाली सभी परीक्षाएं इसी तरह सकारात्मक माहौल में कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजित की जाएंगी।

## चोर दिन दहाड़े घर से उड़ा ले गए 25 लाख की संपत्ति

- बोकारो के बेरमो में सीसीएलकर्मी के घर हुई भीषण चोरी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिले में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। उनके नापाक हौसले इतने बुलंद हैं कि रात तो रात, दिन को भी वे चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम कर जा रहे हैं।

इसी कड़ी में चोरों ने जिले के बेरमो थाना क्षेत्र के रीजनल कॉलोनी निवासी सह सीसीएल फिल्टर प्लांट करगली में कार्यरत सीसीएल कर्मी उद्येश्वर सिंह के आवास संख्या नंबर बी-1 आवास से शनिवार को दिन में ही करीब एक बजे चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में पीड़ित उद्येश्वर ने बताया कि वह दोपहर करीब एक बजे अपनी पत्नी पूनम देवी को लेकर फुसरो बाजार गए थे। पत्नी को बाजार में छोड़कर वह ड्यूटी चले गए। इस बीच आवास को बंद पाकर चोरों ने चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि चोरों ने लगभग 20 से 25 लाख के जेवर सहित नकद 1.60 लाख रुपए की चोरी कर ली है। पत्नी जब बाजार से घर पहुंची तो चोरी की जानकारी हुई। इसकी सूचना आसपास के लोगों के अलावा बेरमो पुलिस को दी गई।



सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और चोरी का मुआयना किया। इस दौरान पाया गया कि चोरों ने बाहर का गेट बंद रहने दिया ओर दीवार फांदकर अंदर घुस गए। घर का ताला तोड़कर चोर घर में घुसे और सभी कमरों को खंगाला। इस दौरान दो अलमीरा का ताला तोड़कर सारे जेवरात की चोरी कर ली। इसके बाद पुलिस खोजी कुत्ता को लेकर पहुंचे ओर चोरों की तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। पीड़ित ने बताया कि उसके छोटे पुत्र की शादी इसी साल करने वाले हैं। इसी को लेकर जेवरात की खरीदारी पहले ही कर लिए थे। साथ ही बड़ी पतोहू का भी जेवरात आलमारी में था, जिसे चोरों ने चोरी कर लिया। वहीं पत्नी पूनम देवी ने बताया कि 16 फरवरी को पुरी जाना था, इसलिए अपने जेवरात भी खोलकर रख दिए थे। मामले को लेकर थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने कहा कि जल्द चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

## बोकारो :जेईई मेन-1 के बोकारो टॉपर ने जूनियरों को बताया कामयाबी का मंत्र



- बेसिक मजबूत करने के लिए एनसीईआरटी की किताबों पर करें भरोसा : ओम

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जेईई मेन- 1 में 99.85 परसेंटाइल के साथ बोकारो के टॉपर रहे ओम कुमार ने अपने विद्यालय बोकारो पब्लिक स्कूल पहुंचकर अपने जूनियरों को कामयाबी का मंत्र दिया। उसने कहा कि एनसीईआरटी की किताबों पर भर भरोसा करें इससे बेसिक समझ मजबूत होगी।

परीक्षा में सवालों को हल करने में असानी होगी। बोकारो पब्लिक स्कूल सेक्टर तीन के छात्र ओम कुमार के माता - पिता स्थानीय सेक्टर आठ निवासी हैं। पिता ऋशि प्रसाद जो पेषे से सरकारी विद्यालय जामगोड़िया के प्रभारी हैं एवं मां रागिनी प्रसाद गृहणी है। ओम कुमार सहित स्कूल के जेईई मेन्स में सफल अन्य छात्रों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सभी सफल विद्यार्थियों के माता - पिता भी शामिल थे। सफल विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ. सुधा शेखर ने सम्मानित किया। ओम ने बताया जेईई मेन्स परीक्षा की तैयारी के लिए मॉक टेस्ट बहुत जरूरी है। परीक्षार्थी जितना भी मॉक टेस्ट हल कर सकते हैं, जरूर करें इससे परीक्षा में पेपर को सही तरीके से हल करने की रणनिति समझ में आयेगी। प्रतिदिन चार से पांच घंटे की सेल्फ स्टडी जरूरी है। रेगुलर प्रैक्टिस और मजबूत रणनिति से सफलता जरूर मिलेगी।

उक्त अवसर पर ओम कुमार के साथ-साथ विद्यालय के अन्य सफल छात्र साहिल मूर्मू, आलोक बाउरी एवं सौरभ कुमार को भी सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक कैप्टेन आर.सी.यादव, प्राचार्या डॉ. सुधा शेखर, उप प्राचार्य विश्वजीत पाल, वरीय शिक्षक अजीत कुमार झा, अरविन्द कुमार, केदार कुमार के साथ अन्य शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भी प्रसन्नता प्रकट करते हुए सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बोकारो जिले में झारोटेफ ने की हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉईज फेडरेशन (झारोटेफ) के तत्वावधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हितार्थ ज्वलंत मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं राज्य कमेटी के नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई है।

इस अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों की ज्वलंत एवं न्यायोचित मांगों से सरकार को अवगत कराने हेतु सामूहिक ज्ञापन सौंपना है। इस निमित्त झारोटेफ, बोकारो द्वारा बोकारो जिला में प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक के चरणबद्ध कार्यक्रम का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। संगठन की ओर से वर्तमान सरकार के समक्ष अपने चार्टर ऑफ डिमांड की प्राथमिक मांगों को रखा गया है, जिसमें शिक्षक संवर्ग को अन्य राज्य कर्मियों की भांति एमएसीपी का लाभ प्रदान करना, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र को 62 वर्ष करना एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ देना प्रमुख है। इस संदर्भ में झारोटेफ, बोकारो के जिलाध्यक्ष - सह - उपमहासचिव झारखंड एनएमओपीएस संजय कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार ने पिछले कार्यकाल में राज्य कर्मियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिससे स्पष्ट है कि वर्तमान सत्तारूढ़ दल राज्य कर्मियों के हितों पर काम करने को लेकर सकारात्मक है। अब समय आ गया है कि माननीय मुख्यमंत्री जी अपने घोषणा पत्र को लागू करें। झारखंड के मुख्यमंत्री के पिछले कार्यकाल को देखते हुए राज्य कर्मियों को पूर्ण विश्वास है कि वह राज्य कर्मियों की ज्वलंत एवं न्यायोचित मांगों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करेंगे। प्रांतीय महासचिव उज्जवल कुमार तिवारी ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान के बाद अगले चरण में यह हस्ताक्षरित ज्ञापन अलग-अलग माध्यमों से माननीय मुख्यमंत्री जी को भेजा जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने में बोकारो जिला के विभिन्न विद्यालयों, कार्यालयों, विभागों तथा प्रखंडों के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




## स्काई डाइविंग फेस्टिवल आज से

**जमशेदपुर।** यदि आप हवाई जहाज से कूदने के शौकीन हैं, तो अब आपको हिल स्टेशन या किसी अन्य स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं है। अब यह अद्वितीय अनुभव आपके शहर, जमशेदपुर में ही उपलब्ध है। झारखंड पर्यटन विभाग और स्काई हाई इंडिया के सहयोग से 16 से 23 फरवरी तक जमशेदपुर में स्काई डाइविंग फेस्टिवल 2025 का आयोजन होने जा रहा है। यह साहसिक खेल में भाग लेने का एक अद्वितीय मौका है।

# मेडिकैन्ट अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सेवा का शुभारंभ

### मुस्कुराता हुआ चेहरा ही दूसरों को दे सकता है मुस्कान : डॉ. इन्द्रेश

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** मेडिकैंट अस्पताल में शनिवार को एक अत्याधुनिक आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को त्वरित और उच्च स्तरीय चिकित्सा सहायता प्रदान करेगा।



इसका शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. इंद्रेश कुमार ने किया। उन्होंने कहा, यह आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र शहर के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। सड़क दुर्घटनाओं, हृदयाघात, गंभीर चोटों और अन्य आपातकालीन स्थितियों में यह केंद्र मरीजों को जीवन रक्षक चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने इस अस्पताल से मानवता की सेवा की अपेक्षा रखते हुए कहा कि जिस शिक्षा में संस्कार नहीं, वह अपराधी पैदा करती है। उन्होंने कहा, अगर आदमी के अन्दर मानवता है तो वह सेवा करता है, अगर नहीं तो वह लूटता है। हम सब वो कैरियर हैं, जिनके ऊपर ईश्वर ने सेवा की जिम्मेवारी दी है। सारे जहां से हिंदुस्तान हमारा था, है और रहेगा। उन्होंने कहा कि दुआ दवा से ताकतवर है और मुस्कुराता हुआ चेहरा ही दूसरे को मुस्कान दे सकता है। उन्होंने कहा, यह अस्पताल मॉडल ऑफ सत्कर्म बने, यही अपेक्षा है। इस अवसर पर उनके साथ गोलोक बिहारी राय (राष्ट्रीय महासचिव), कर्नल जाहिर मुस्तफा, डॉ. नवनीत गुलेरिया (निदेशक, हिमालयन वेलफेयर फाउंडेशन), प्रो. शाहिद अख्तर (अध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग) भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

अपने संबोधन में बोकारो के पूर्व विधायक एवं मेडिकैंट अस्पताल के संरक्षक बिरंची नारायण ने कहा कि दिसम्बर 2014 में जब मैं बोकारो का जनप्रतिनिधि बना तो यहां बेहतर स्वास्थ्य सेवा की सोच आई।

इसी संकल्प के तहत इस अस्पताल की स्थापना की गई है। कैंसर के इलाज के लिए टीएमएच मुम्बई में जो सुविधा है, वही सुविधा मेडिकैन्ट में भी है। डॉक्टरों की अच्छी टीम है। बोकारो का आने वाला कल बहुत अच्छा होगा। हम बोकारो में नवीनतम स्वास्थ्य सुविधा और उसमें नवाचार लाने के अपने मिशन को पुनः स्थापित कर रहे है और यह नया केंद्र आधुनिक तकनीकों, अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों से सुसज्जित है, जो 24/7 सेवाएं प्रदान करेंगे। मेडिकैन्ट अस्पताल के सीएमडी डॉ. माजिद अहमद तालिकोटी ने कहा, हमारा उद्देश्य हर मरीज को तुरंत और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस केंद्र में इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर, उन्नत वेंटिलेशन सुविधा, एम्बुलेंस सेवा और विशेष ट्रॉमा केयर यूनिट जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस केंद्र के खुलने से न केवल शहर, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को भी आपातकालीन चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, चिकित्सा विशेषज्ञ और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## इंटेक वेल के निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**गोमिया (बोकारो)।** गोमिया प्रखंड के पलिहारी गुरुडीह व गोमिया पंचायत में ग्रामीणों के बीच सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति के लिए कोनार नदी के तट में लगभग साढे चार रुपए करोड़ की लागत से नया इंटेक वेल के निर्माण कार्य व पाइप लाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। झामुमो नेता अमित पासवान के नेतृत्व में खम्हरा पंचायत मुखिया बंटी उरांव, गोमिया पंचायत वार्ड सदस्य यासमीन परवीन, राजू शाही, मंजूर इलाही, नसीम अंसारी, समाजसेवी राजेश भारती ने निमार्णाधीन इंटेक वेल का निरीक्षण किया। इस दौरान इंटेक वेल के निर्माण कार्य में भारी अनियमितता पाए जाने के बाद संवेदक पर नाराजगी जताया। कहा कि निर्माण कार्य में अत्यधिक घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है, ईंट सबसे घटिया किस्म का खपाया जा रहा है।

झामुमो नेता अमित पासवान ने कहा कि कई दशक पूर्व से ही क्षेत्र के ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझते आए हैं। गोमिया के वर्तमान विधायक सह मंत्री योगेंद्र प्रसाद पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने का कार्य करेंगे। जल्द ही इंटेक वेल के निर्माण के बाद उक्त दोनों पंचायतों में कोनार नदी का पानी का सप्लाई शुरू हो जाएगा। उन्होंने इंटेक वेल के निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता को लेकर मंत्री योगेंद्र प्रसाद को अवगत कराया है। जिसके बाद मंत्री ने इंटेक वेल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जांच कराने का आश्वासन दिया।

# भारतीय राजनीति की अबूझ पहेली हैं अरविंद केजरीवाल



प्रो प्रदीप माथुर

**क्या कोई राजनीतिक दत सिर्फ भ्रष्टाचार विरोधी एजेंडे के सहारे जिंदा रह सकता है? आम आदमी पार्टी का सफर बताता है कि सिर्फ लोकलुभावन नारों और जनाक्रोश की लहर पर सवार होकर बदलाव लाना संभव नहीं है। आज अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी देश की राजनीति के चौराहे पर खड़ी है। भविष्य ही बताएगा कि वे कहां जाएंगे और कहां तक पहुंचेंगे।**

जब वे अभूतपूर्व बहुमत के साथ सत्ता में थे और अब जब वे सत्ता की कुर्सी से बेइज्जत होकर बाहर निकल गए हैं, तब भी अरविंद केजरीवाल भारतीय राजनीति का एक अनसुलझा रहस्य बने हुए हैं। वे सत्ता की राजनीति की दुनिया में एक असामान्य रास्ते से आए थे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के रूप में काम करते हुए, वे सूचना के अधिकार आंदोलन से जुड़े और फिर अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जुड़ गए। वहां से वे चुनावी राजनीति में आए और अप्रत्याशित सफलता प्राप्त कर देश के शीर्ष नेताओं में से एक बन गए। यह सब इतनी जल्दी हुआ कि कोई भी समझ नहीं पाया कि राजनीति में उनका अभूतपूर्व विकास कैसे और किन कारणों से हुआ।

राजनीति में उनके तेजी से बढ़ते कद पर एक नजर डालना उचित होगा। वर्ष 2011 में अरविंद केजरीवाल की पहल पर अन्ना हजारे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने दिल्ली आए थे। इस आंदोलन का मुख्य निशाना सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी थी और इसलिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी इस आंदोलन में रुचि लेना शुरू कर दिया। जिस दिन अन्ना लोकपाल विधेयक की मांग को लेकर अनशन पर बैठने वाले थे, उसी दिन डॉ मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया और यह केजरीवाल के राजनीतिक करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ।

आंदोलन की सफलता के बाद केजरीवाल ने राजनीतिक पार्टी बनाने का फैसला किया। हालांकि अन्ना हजारे राजनीति में नहीं आना चाहते थे। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का समर्थन करने वाली भाजपा भी आम आदमी पार्टी (आप) के गठन के खिलाफ थी. लेकिन केजरीवाल और उनके साथियों ने पार्टी बनाने का फैसला किया।

आम आदमी पार्टी ने राजनीति में पारदर्शिता लाने का वादा किया। पार्टी ने कहा कि उसे मिलने वाला हर दान चेक के जरिए ही स्वीकार किया जाएगा और हर दानकर्ता का नाम वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से दिखाया जाएगा। पार्टी ने यह भी घोषणा की कि चुनाव लड़ने के लिए टिकट सिर्फ उन्हीं उम्मीदवारों को दिए जाएँगे जिन्हें जमीनी स्तर के कार्यकताओं और स्वयंसेवकों का समर्थन प्राप्त होगा।



इसके अलावा पार्टी ने वीआईपी संस्कृति को छोड़ने का वादा करते हुए कहा कि उसके नेता सादा जीवन जिएँगे। बाद में पार्टी अपने सभी वादों से मुकर गई।

सत्ता में आने से पहले केजरीवाल को दलीय राजनीति का कोई अनुभव नहीं था, लेकिन यह मानना होगा कि उनमें राजनीति की बारीकियों को समझने की बुद्धि थी। वे उस स्थिति का अच्छी तरह आकलन कर पाए थे जिसमें मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी की कांग्रेस जनसमर्थन के अभाव में कमजोर हो गई थी और मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी राजनीति में उस शून्य को भरने की तेजी से कोशिश कर रही थी।

राजनीति में खाली मैदान को समझने की इसी क्षमता के कारण केजरीवाल पंजाब चुनाव में अपनी पार्टी को अभूतपूर्व जीत दिलाने में सफल रहे। गुजरात और हरियाणा में, जहां भाजपा और कांग्रेस की मजबूत पकड़ थी, वे बिलकुल भी सफल नहीं हुए। केजरीवाल यह भी जानते हैं कि भारतीय राजनीति में आपको हमेशा नैतिकता और मूल्यों की बात करनी चाहिए। उनकी नैतिकता और ईमानदारी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह ही संदेह के घेरे में है, लेकिन मतदाताओं के मन में अपनी अच्छी छवि बनाकर वे चुनावी सफलता की सीढ़ियां चढ़ते रहे हैं।

राजनीति में तेजी से बढ़ते कद के कारण जहां केजरीवाल खुद महत्वाकांक्षा का शिकार हो गए, वहीं दूसरी ओर उनके राजनीतिक विरोधी भी उनके खिलाफ लामबंद हो गए। 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद 2015 और 2020 में दिल्ली

विधानसभा चुनाव हारने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व को गहरा सदमा लगा। इससे प्रधानमंत्री मोदी और केजरीवाल के बीच अहंकार का टकराव हुआ और भाजपा के लिए केजरीवाल और आम आदमी पार्टी राहुल गांधी और कांग्रेस से भी बड़े दुश्मन बन गए।

अक्सर कहा जाता है कि केजरीवाल दिल से हिंदुत्ववादी हैं और उन्हें आरएसएस का गुप्त समर्थन प्राप्त है। ऐसा कहने वालों का मानना है कि केजरीवाल भगवा ब्रिगेड से नहीं बल्कि मोदी से विरोध करते हैं और उनके असली राजनीतिक दुश्मन कांग्रेस और वामपंथी झुकाव वाली दूसरी धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक पार्टियां है। अगर हम हाल ही में हुए गुजरात और हरियाणा विधानसभा चुनावों और पिछले साल हुए दिल्ली लोकसभा चुनावों को देखें तो यह बात काफी हद तक सच लगती है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि दिल्ली चुनावों में कांग्रेस ने केजरीवाल को उसी के अंदाज में जवाब देने का फैसला किया।

अति महत्वाकांक्षा के अलावा केजरीवाल की दो और समस्याएं है। वह विचारधारा विहीन राजनीति कर रहे हैं और उन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि ऐसी राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। अगर उन्हें लगता है कि हिंदुत्व के प्रति उनका झुकाव आम आदमी पार्टी को भाजपा के बजाय आरएसएस के करीब ले आएगा तो यह उनकी भूल है। उनकी दूसरी समस्या यह है कि खुद को आम आदमी पार्टी का नेता और दिल्ली की गरीब जनता का बेटा कहने के बावजूद उनकी मानसिकता सामंतवादी है. जो हमारी नौकरशाही की एक सामान्य विशेषता है। इसी कारण से उन सभी लोगों को पार्टी से निकाल दिया गया, जिनका व्यक्तित्व उनसे बड़ा था और जिनमें सामाजिक भावनाएं थीं। अगर वे सभी लोग आम आदमी पार्टी में होते, तो आम आदमी पार्टी एक अच्छी और शक्तिशाली पार्टी के रूप में भाजपा और कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती थी। लेकिन असुरक्षा की भावना के कारण खुद को शीर्ष पर बनाए रखने की प्रवृत्ति के कारण केजरीवाल ने इस संभावना को समाप्त कर दिया। वह भूल गए कि भारतीय राजनीति में ऊपर उठने का असली रास्ता त्याग है, पद पाना नहीं।

आखिर में सवाल यह उठता है कि क्या कोई राजनीतिक दत सिर्फ भ्रष्टाचार विरोधी एजेंडे के सहारे जिंदा रह सकता है? आम आदमी पार्टी का सफर बताता है कि सिर्फ लोकलुभावन नारों और जनाक्रोश की लहर पर सवार होकर बदलाव लाना संभव नहीं है।

आज अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी देश की राजनीति के चौराहे पर खड़ी है। भविष्य ही बताएगा कि वे कहां जाएंगे और कहां तक पहुंचेंगे।

(लेखक न्यूज वेबसाइट के संपादक हैं।)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### विपक्ष की जीत

वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी परीक्षण के बाद संसद में पेश किया गया, परंतु भारी विरोध के कारण सरकार ने इसे वापस लेकर विपक्षी सदस्यों की असहमति रिपोर्ट के साथ पुनः जारी किया। इसमें वे टिप्पणियां भी शामिल की गई, जिन्हें पहले संपादित कर दिया था। रिपोर्ट में विपक्षी सदस्यों की टिप्पणी को को शामिल न करने को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन करार दिया। उच्च सदन से विपक्ष ने भारी हंगामे के बाद बहिर्गमन किया। राष्ट्रपति की मुहर लगते ही 66 साल पुराने वक्फ के कई कानून बदल जाएंगे। इस कानून के बदलने का असर वक्फ की संपत्तियों पर होना तय है। देश में तकरीबन 32 वक्फ हैं। अल्लाह को दान की गई संपत्ति को वक्फ कहा जाता है। इसमें मस्जिद, कब्रिस्तान, ईदगाह, मजारें शामिल हैं। कुछ राज्यों में शिया-सुन्नियों के अलग-अलग वक्फ भी हैं। अल्पसंख्यक मंत्रालय के अनुसार, वक्फ के पास साढ़े सोलह हजार से ज्यादा चल संपत्तियों व पौने नौ लाख अचल संपत्तियों का पंजीयन है। इनमें से कई संपत्तियों, इमारतों व भूमि के इनके पास कोई दस्तावेज नहीं हैं। अब तक के नियमों के अनुसार बोर्ड. में सिर्फ मुसलमान ही सदस्य हुआ करते थे। मगर नये नियमों में दो गैर-मुस्लिम भी रखे जाएंगे। इसका विरोध सिर्फ मुसलमानों द्वारा ही नहीं हो रहा है, बल्कि विपक्षी दलों ने भी नये नियमों पर आपत्ति दर्ज की है। इसे धार्मिक भेदभाव पर आधारित व संविधान के मूल्यों के खिलाफ बताया जा रहा है। ऑल इंड़िया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड. के अध्यक्ष ने इस विधेयक के पारित होने पर देशव्यापी आंदोलन की धमकी भी दी। मोदी सरकार पर धार्मिक आधार पर देशवासियों के साथ किये जा रहे भेदभाव से कोई असहमत नहीं है। कहना गलत नहीं होगा कि विभिन्न हिन्दू धार्मिक संस्थाओं व तमाम मंदिरों के पास भी बगैर दस्तावेजों वाली संपत्तियां हो सकती हैं। देश में सरकारी/खाली पड़ी जमीनों पर अतिक्रमण करने और नाजायज तौर पर निर्माण करने में विशेष समुदाय के लोग ही शामिल नहीं हैं। पिछली सरकारों ने यदि वक्फ को विशेष छूट दे रखी थी तो बहुसंख्यकों को आज परोक्ष-अपरोक्ष तौर पर मनमानी करने का मौका कम नहीं दिया जा रहा। भू-माफियाओं या अतिक्रमण की नीयत से धर्म की आड़. लेने वाले किसी भी शख्स पर किसी तरह के राजनीतिक प्रश्रय से सख्ती से रोकने के प्रयास होने चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में धार्मिक आधार पर पक्षपात निंदनीय है।

## चिंतन-मनन

### खुद को दूसरों से श्रेष्ठ मानकर अहंकार न करें

ईश्वर ने जब संसार की रचना की तब उसने सभी जीवों में एक समान रक्त का संचार किया। इसलिए मनुष्य हो अथवा पशु सभी के शरीर में बह रहा खून का रंग लाल है। विभिन्न योनियों की रचना भी इसलिए की ताकि मनुष्य कभी इस बात का अहंकार न करें कि वह दूसरों से श्रेष्ठ है क्योंकि जीवन और मरण के चक्र में कौन कब किस योनि में जाएगा यह किसी को पता नहीं।

समानता के पीछे ईश्वर की यही इच्छा थी कि संसार में आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहे, लोगों में छोटे अथवा बड़े का भेद पैदा नहीं हो। लेकिन समय के साथ मनुष्य की बौद्धिक क्षमता बढ़ती गयी किन्तु व्यवहारिक ज्ञान का लोप होता चला गया। मनुष्य ईश्वर की इच्छा को समझ नहीं पाया और आपस में भेद-भाव करने लगा। शास्त्रों में लिखा है कि जो ईश्वर की इच्छा का सम्मान नहीं करता है ईश्वर उससे नाराज होते हैं परिणामस्वरूप व्यक्ति का पतन हो जाता है।

एक कथा इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। महाभारत युद्ध के बाद काफी समय तक पांचों पाण्डवों ने कुशलता पूर्वक शासन करते हुए राज सुख का आनंद लिया। इसके बाद अपने उत्तराधिकारी को शासन का कार्य भार सौंप कर सभी ने सशरीर स्वर्ग की ओर प्रस्थान करने की योजना बनायी। निश्चित समय पर द्रौपदी समेत पांचों पाण्डव स्वर्ग की यात्रा पर निकल पड़े। मार्ग में उन्हें एक काला कुत्ता मिला। कुत्ता भी इनके पीछे-पीछे चल पड़ा। युधिष्ठर को छोड़कर सभी भाई एवं द्रौपदी को यह अच्छा नहीं लगा कि कुत्ता उनके साथ सशरीर स्वर्ग प्राप्त करे।

सभी भाईयों ने कुत्ते को धक्का देकर पर्वत से नीचे गिराना चाहा। लेकिन, कुत्ता पर्वत से नहीं गिरा बल्कि बारी-बारी से सभी भाई और द्रौपदी पर्वत से गिर पड़े और सशरीर स्वर्ग नहीं पहुंच पाये। युधिष्ठर के पीछे-पीछे कुत्ता चलता रहा लेकिन युधिष्ठर ने इसका एतराज नहीं किया। स्वर्ग के पास पहुंचने पर एक विमान सामने नजर आया।

युधिष्ठर इसमें बैठ गये तो कुत्ता भी साथ में आकर बैठ गया, इस पर भी युधिष्ठर ने एतराज नहीं किया। युधिष्ठर की दयालुता और समानता के भाव को देखकर कुत्ता बनकर साथ में चल रहे धर्मराज अपने वास्तविक रूप में प्रकट हो गये और युधिष्ठर से कहा कि वास्तव में तुम धर्म के प्रतीक हो और तुम सशरीर स्वर्ग में प्रवेश करने की योग्यता रखते हुए। इस तरह समानता के भाव की वजह से युधिष्ठर सशरीर स्वर्ग में स्थान प्राप्त करने में सफल हुए और असमानता का भाव रखने वाले शेष पाण्डव अपने उद्देश्य में असफल हुए।

# नौनिहालों के सपनों पर हावी होते कोचिंग सेंटर



प्रियंका सौरभ

भारत में कोचिंग सुविधाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। ये केंद्र छात्रों को स्कूल स्तर की परीक्षाओं के साथ-साथ जेईई, नीट और यूपीएससी की तैयारी में मदद करते हैं। हालाँकि, इस उद्योग की विस्फोटक वृद्धि से कई चिंताएँ भी पैदा हो रही हैं। लगभग 58, 000 करोड़ के बाजार मूल्य के साथ, भारत का फलता-फूलता कोचिंग क्षेत्र अब पूरे देश से करोड़ों छात्रों को आकर्षित करता है। पारंपरिक शिक्षा में अंतर को पाटने के लिए, ये निजी संस्थान विशेष परीक्षा की तैयारी प्रदान करते हैं। हालाँकि, चिंताएँ हैं कि उनका बाजार-संचालित दृष्टिकोण औपचारिक शिक्षा के मानकों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और शैक्षणिक माँगों को बढ़ाकर छात्रों की पढाई पर भारी बोझ डालता है। कोचिंग सेंटरों के विस्फोटक विकास के कारण भारत में औपचारिक शिक्षा प्रणाली और छात्रों के कल्याण सम्बंधित चिंताएँ जताई गई हैं।

छात्रों की भलाई और औपचारिक शिक्षा में कोचिंग सेंटरों का प्रभाव कम हो गया है। छात्र अपनी अकादमिक पढ़ाई से पहले कोचिंग सत्रों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे व्यापक शिक्षा प्रदान करने में स्कूलों की भूमिका कम हो जाती है। उदाहरण के लिए, बहुत से छात्र केवल उपस्थिति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्कूल जाते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए केवल ट्यूशन सुविधाओं का उपयोग करते हैं। कोचिंग सेंटर में लंबे समय तक पढ़कर कड़ी प्रतिस्पर्धा करने वाले छात्र तनाव, चिंता और बर्नआउट का अनुभव करते हैं। कोटा के छात्रों की आत्महत्या की रिपोर्ट कोचिंग सेंटर के माहौल से होने वाले गंभीर मनोवैज्ञानिक नुकसान को दर्शाती है। कोचिंग सेंटर अकादमिक फोकस और तैयारी की रणनीतियों पर हावी हैं, जिससे छात्रों की अपनी शिक्षा में रुचि खत्म हो जाती है। कोचिंग सेशन में भाग लेने के लिए, कई सीबीएसई स्कूलों में छात्र महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक वर्षों के दौरान नियमित कक्षाएँ छोड़ देते हैं। उच्च कोचिंग लागत आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को उच्च-गुणवत्ता की तैयारी तक पहुँचने से रोककर शैक्षिक अवसरों में अंतर को और बढ़ा देती है। प्रीमियम जेईई तैयारी कार्यक्रमों की लागत लाखों तक है, जो उन लोगों को अलग करती है जो कोचिंग का खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते हैं।

कोचिंग उद्योग कई कारकों के परिणामस्वरूप विकसित हुआ है। कोचिंग की आवश्यकता उच्च-दांव वाली प्रवेश परीक्षाओं, जैसे कि जेईई और एनईईटी पर जोर देने से प्रेरित है। आईआईटी सीटों की सीमित संख्या के कारण, छात्र चयनित होने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेते हैं। माता-पिता और छात्रों के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए कोचिंग सेंटर आवश्यक हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन में सुधार होगा, इसलिए कई माता-पिता कोचिंग फीस पर बड़ी रकम खर्च करते हैं। औपचारिक शिक्षा में प्रतियोगी परीक्षाओं की उन्नत तैयारी का अभाव अक्सर एक कमी छोड़ देता है जिसे कोचिंग सेंटर भर देते हैं। राज्य बोर्ड राज्य बोर्ड और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान पर जोर देते हैं, जबकि कोचिंग सेंटर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी प्रदान करते हैं। कोचिंग सेंटर में शामिल होने के लिए छात्रों पर साथियों और अभिभावकों के दबाव के परिणामस्वरूप कोचिंग संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। पूरा परिवार कोटा और हैदराबाद जैसी जगहों पर कोचिंग के अवसरों के लिए जा रहा है। कोचिंग सेंटर रैंक-केंद्रित विज्ञापनों और सफलता की कहानियों के साथ छात्रों को आकर्षित करते हैं। अपने विज्ञापनों में, कोचिंग सेंटर अपने सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रदर्शित करते हैं, जिससे यह धारणा बनती है कि सफलता सुनिश्चित है। इसका सामान्य रूप से शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है। कोचिंग सेंटरों द्वारा पाठ्यक्रम से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर जोर दिए जाने के परिणामस्वरूप छात्र अपनी नियमित शैक्षणिक पढ़ाई की उपेक्षा करते हैं। कक्षा 11 और 12 के दौरान, छात्र पूरे दिन के जेईई या नीट कोचिंग सत्र में भाग लेने के लिए अक्सर स्कूल छोड़ देते हैं। औपचारिक शिक्षा की वैधता कम हो जाती है क्योंकि छात्र अपना ध्यान कोचिंग सेंटरों की ओर मोड़ते हैं, जिससे शिक्षक की प्रेरणा कम हो जाती है। छात्र केवल कोचिंग सामग्री का उपयोग करते हैं और शहरी क्षेत्रों के स्कूल कक्षा में कम भागीदारी की रिपोर्ट करते हैं। परीक्षाओं में सफल होने के लिए रटने को प्रोत्साहित करके, कोचिंग सेंटर स्कूलों में सिखाई जाने वाली आलोचनात्मक सोच और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग कौशल को कमजोर कर देते हैं। प्रवेश परीक्षा अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ अक्सर वैचारिक विश्लेषण की तुलना में नियमित समस्याओं को हल करने पर अधिक जोर देती हैं। खेल, कला और पाठ्येतर गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं क्योंकि छात्र कोचिंग कक्षाओं में बहुत अधिक समय व्यतीत करते हैं। छात्र अक्सर इंजीनियरिंग या मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करते समय स्कूल द्वारा प्रायोजित एथलेटिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से चूक जाते हैं। परीक्षा-केंद्रित संसाधनों तक पहुँच उच्च कोचिंग लागतों द्वारा सीमित है, जिसके परिणामस्वरूप एक दोहरी प्रणाली है जहाँ केवल गरीब ही मुख्यधारा की शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। सरकारी स्कूली बच्चे अल्प शैक्षिक संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि अमीर छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में जाते हैं।

स्कूलों में पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए, निजी कोचिंग सुविधाओं पर निर्भरता कम करने के लिए स्कूलों में कोचिंग सत्र और उन्नत शिक्षण मॉड्यूल शुरू करें। ऑनलाइन संसाधनों को प्रोत्साहित करें जो परीक्षण लेने की लागत और आय के बीच के अंतर को कम करने के लिए अधिक किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं। सभी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नपटल और दीक्षा जैसे प्लेटफॉर्म द्वारा दिए जाने वाले मुफ़्त संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। विशेष कोचिंग की आवश्यकता को कम करने के लिए ज्ञान-भारी परीक्षाओं की तुलना में योग्यता-आधारित आकलन को प्राथमिकता दें। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम विषय-वस्तु के ज्ञान की तुलना में योग्यता और आलोचनात्मक सोच को प्राथमिकता देता है। स्कूल के शिक्षकों को उन्नत निर्देश और सलाह देने के लिए आवश्यक संसाधन देने के लिए शिक्षक तैयारी कार्यक्रमों पर पैसा खर्च करें। देश भर के शिक्षकों के पेशेवर कौशल को बढ़ाना निष्ठा जैसे सरकारी कार्यक्रमों का लक्ष्य है। ऐसे दिशा-निर्देश बनाएँ जो एक अच्छी तरह से पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दें जो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा देने की रणनीतियों के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक और एथलेटिक निर्देश को जोड़ता हो। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) अंतःविषय शिक्षा को बढ़ावा देती है और उच्च-दांव वाली परीक्षाओं से जुड़े तनाव को कम करती है। कौशल-आधारित पाठ्यक्रम, व्यक्तिगत शिक्षण और नवीन शिक्षण तकनीकों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा को बढ़ाकर कोचिंग केंद्रों पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। मजबूत कानून, उचित मूल्य, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और छात्रों की भलाई को बढ़ावा देने से निष्पक्ष, व्यापक शिक्षण वातावरण की गारंटी होगी। नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। भविष्य समानांतर शैक्षिक प्रणालियों में नहीं है, बल्कि अंतराल को बंद करने में है।

(यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# गंगा-यमुना : साफ-सफाई के खोखले दावे



सुरेश भाई

कहावत है कि 'पानी में मल-मूत्र का विसर्जन और आग में थूकना' दोनों मनुष्य जीवन को सुखी नहीं रख सकता है, लेकिन जब मनुष्य श्रेष्ठ प्राणी बन गया है तब ये दोनों काम एक साथ कर रहे हैं। इन आदतों में सुधार न होने के कारण गंगा-जमुनी संस्कृति पर गंदगी का साम्राज्य बढ़ गया है। इसके बावजूद बुजुर्गों की कही बातों के पीछे का जो वैज्ञानिक सच है उसकी चर्चा ही नहीं हो रही है और यदा-कदा सत्ताधारी लोग कह देते हैं कि वे गंगा और यमुना को साफ कर देंगे।

हम गंगा के उस रौद्र रूप को भी भूल जाते हैं जब वह बरसात में स्वयं स्वच्छ हो जाती है, लेकिन जहां साल भर में गंगा, यमुना के जल में जितनी कमी होती है उससे कई गुना अधिक उसमें उड़ेली जा रही गंदगी की मात्रा भी दिनों दिन बढ़ रही है। यानी स्थिति अब इतनी बिगड़ चुकी है कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रतिदिन 10139.3 मिलियन लीटर में (एमएलडी) सीवेज जा रहा है। जबकि बताया जाता है कि अब तक इसको साफ करने के नाम पर लगाए गए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट आधे के बराबर भी गंदगी को साफ नहीं कर पा रहे हैं। इसी पर करोड़ों रुपये भी खर्च हो रहे हैं फिर भी गंगा में उड़ेली जा रही गंदगी थोड़ी सी भी कम नहीं हो रही है। बल्कि जल की गुणवत्ता को जहरीला बनाने वाले कचरे की मात्रा दिनों दिन बढ़ती जा रही है। भूजल भी इतना अधिक प्रदूषित हो गया है कि उसके सेवन से तरह-तरह के रोग हो रहे हैं। अब तक गंगा सफाई के प्रयास कम नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद हरिद्वार से ही गंगा जल स्नान करने योग्य नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जब पहली बार बनारस से चुनाव में जीत हासिल की तो उन्होंने बहुत ही भावुक होकर कहा कि वे गंगा की अविरलता और निर्मलता की लिए काम करेंगे। इसके फलस्वरूप 'नमामि गंगे परियोजना' प्रारंभ की गई। उस समय जल संसाधन मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रही उमा भारती को गंगा सफाई की जिम्मेदारी भी दी गई थी। उमा भारती जी ने यूपीए सरकार के सामने भी गंगा पर बांधों और बैराजों का प्रबल विरोध किया था। उन्हें जब यह जिम्मेदारी मिली तो लोगों की बड़ी आशा थी कि गंगा सचमुच साफ हो जाएगी, लेकिन उनके ढाई साल के कार्यकाल में गंगा सफाई के लिए प्रस्तावित बजट 20 हजार करोड़ में से जब लगभग 5 हजार करोड़ ही खर्च हुए तो एनजीटी ने पूछा कि गंगा के 2500 किमी लंबाई में कोई भी जगह बता दो जहां गंगा साफ हो गई है। उनके बाद नितिन गडकरी जी को 'नमामि गंगे' की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने 2019 तक गंगा की सफाई का दावा किया था। तब से अब तक स्थिति यह है कि हरिद्वार के बाद कोलकाता तक गंगा में स्नान करने लायक पानी भी नहीं बचा है। 2024 के अंत तक तो ऐसी स्थिति भी सामने आई कि गंगा के उद्गम गंगोत्री के स्वच्छ जल में भी इतनी गंदगी बढ़ गई थी कि उसे भी विशेषज्ञों ने स्नान करने योग्य नहीं पाया। जिसमें रात-दिन कुछ सुधार भी किए गए हैं। उद्गम से ही गंगा का प्रदूषित होना इसलिए है कि गंगा के किनारे बने हुए शौचालयों के पाइपों का संपर्क जलधारा से जुड़ा हुआ है। मनुष्य द्वारा पैदा किए जा रहे अन्य प्रकार के गंदे जल की निकासी भी हो रही है। छोटे-बड़े उद्योगों और कारखानों से छोड़े जा रहे कचरे ने भी गंगा के अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिया है। यह कैसी विडंबना है कि गंगा में घनघोर गंदगी के बहाने के बाद भी हमारी आस्था खत्म नहीं होती है। हम गंदगी भी उड़ेल रहे हैं और फिर उसकी आरती भी उतार रहे हैं। गंगा अकेली नहीं है। इसकी सबसे बड़ी नदी जिसकी लंबाई बंदरपूछ पर्वत (6300मी) से यमुनोत्री मंदिर होकर आ रही लगभग 1376 किमी की दूरी पर प्रयागराज में गंगा से मिलती है। यमुना की सहायक नदियां जैसे टोंस, हिंडन, चंबल, छोटी बेतवा, केन आदि है। इन सब की हालात किसी गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति से कम नहीं है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी अपने कार्यकाल में यमुना की सफाई की घोषणाएं की थी, लेकिन वे अपना वादा पूरा न कर सके। अभी दिल्ली में भाजपा सरकार आयी है; वे भी सफाई का दावा कर रहे हैं।

इस पर सवाल उठता है कि गंगा की सफाई के लिए जो नियम कानून बने हैं उसके तहत जो स्थिति उभर कर आ रही है कि क्या यमुना भी आने वाले दिनों में साफ हो पाएगी? यह सवाल इसलिए है कि केवल दिल्ली में यमुना जितनी लंबाई में बहती है उसी में 80 प्रतिशत गंदगी फैली हुई है। क्या यमुना साफ होगी? गंगा की निर्मलता के लिए विचारों की कमी नहीं है। अच्छी-अच्छी योजनाएं और परियोजनाएं भी हैं, किंतु अविरलता के विषय पर भी सोचना इसलिए जरूरी है



कि यदि जल धारा को रोकने वाले बांध और बैराज बनेंगे तो उससे गंगा में प्रदूषण की समस्या बढ़ेगी और गंगा, यमुना के क्षेत्र में भूजल की कमी होगी। इसलिए नदी धाराओं के आसपास की वनस्पतियों और जलाशयों के विकास पर भी ध्यान देने की जरूरत है। ध्यान रहे कि नदियों के पास रहने वाले समाज को न जोड़ सके तो थोड़े दिन की सफाई के बाद फिर यमुना भी वैसी की वैसी रह जाएगी।



# प्रिया बनर्जी से शादी कर रहे प्रतीक बब्बर, अपनी फैमिली को ही न्योता नहीं दिया

**अभिनेता प्रतीक बब्बर जल्द ही प्रिया बनर्जी के साथ शादी करने जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अपने परिवार को इस समारोह में आमंत्रित नहीं किया है। उनके पिता राज बब्बर, भाई आर्य बब्बर और परिवार के अन्य सदस्यों को शादी का निमंत्रण नहीं मिला है। पिछले छह महीनों से प्रतीक का अपने परिवार के साथ अच्छा रिश्ता नहीं रहा है। उनके भाई आर्य बब्बर ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि प्रतीक ने परिवार से खुद को क्यों दूर कर लिया। उन्होंने कहा कि यह पूरे परिवार के लिए बहुत दुखद और तकलीफदेह है।**

आर्य के अनुसार, परिवार ने रिश्ते सुधारने की पूरी कोशिश की थी, लेकिन शायद वे पर्याप्त नहीं कर पाए। आर्य ने बताया, ऐसे समय में जब सब कुछ वर्चुअल है, मैंने अपना प्यार और शुभकामनाएं व्यक्त करने के लिए वर्चुअल रास्ता अपनाने का फैसला किया है। हमारे पूरे परिवार, मम्मी, पापा और जूही की ओर से, मैंने अपने यूट्यूब चैनल बब्बर साब पर एक खास स्टैंड-अप वीडियो बनाया है, जिसका शीर्षक है बब्बर तो शादी करते रहते हैं? यह मेरा हल्का-फुल्का तरीका है, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान और शायद उनके दिल में थोड़ी गर्मजोशी भी आए। चाहे कुछ भी हो, हम हमेशा एक परिवार ही रहेंगे। प्रतीक बब्बर और प्रिया बनर्जी की शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार होगी और इसमें सिर्फ करीबी दोस्त शामिल होंगे। यह प्रतीक की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने 2019 में सान्या सागर से शादी की थी, लेकिन 2023 में दोनों ने तलाक ले लिया। प्रतीक और प्रिया पिछले चार साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। 28 अगस्त 2024 को, दोनों ने अपनी खास दोस्ती के चार साल पूरे होने की खुशियां मनाई थीं। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें उन्होंने एक हार्दिक संदेश भी लिखा था।



# 'दबिड़ी दिबिड़ी' गाने की आलोचना पर बोलीं उर्वशी

उर्वशी रौतेला हाल ही में साउथ फिल्म डाकू महाराज में नजर आई थीं। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने फिल्म के गाने दबिड़ी दिबिड़ी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें लगा था कि इसे पॉजिटिव लिया जाएगा। लेकिन लोगों के रिएक्शन से वह खुद हैरान थीं। दरअसल, इस गाने के डांस मूव्स को लेकर सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी। बातचीत के दौरान उर्वशी ने कहा कि दबिड़ी दिबिड़ी गाना खास तौर पर नंदामुरी बालकृष्ण के फैंस के लिए बनाया गया। इसके बोल भी उन्हीं के विचारों के अनुसार लिखे गए हैं।

उर्वशी ने कहा, 'जब आप मेरी रिहर्सल की वीडियो देखते हैं, तो सब कुछ बहुत अच्छे से हुआ था। यह बिल्कुल वैसे ही था जैसे आमतौर पर किसी भी गाने की कोरियोग्राफी की जाती है। मैं मास्टर शेखर के साथ काम कर रही थी, जिनके साथ मैंने पहले भी तीन बार काम किया है। मैंने कुछ असामान्य भी नहीं किया था। उर्वशी ने कहा, रिहर्सल के दौरान सब कुछ सही और आसान था। लेकिन सच बताऊं सब कुछ इतनी जल्दी हो गया कि यह समझना मुश्किल हो रहा था कि लोग कोरियोग्राफी के बारे में इस तरह क्यों बात कर रहे हैं। हमें नहीं पता था कि इसे इस तरह लिया जाएगा, क्योंकि रिहर्सल में सब कुछ प्लान के अनुसार हुआ था। एक टीम के रूप में हमें सच में ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी।

### 12 जनवरी को रिलीज हुई थी फिल्म

बता दें, फिल्म डाकू महाराज 12 जनवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म में नंदामुरी बालकृष्ण, उर्वशी रौतेला, बॉबी देओल और दुलकर सलमान नजर आए थे। जैसे ही इस फिल्म का गाना दबिड़ी दिबिड़ी रिलीज हुआ, तो कई यूजर्स गाने की कोरियोग्राफी और डांस स्टेप देखकर भड़क गए थे।

## उतरन की तपस्या बन कमाई पहचान
# भोजपुरी-बॉलीवुड की फिल्मों में भी कर चुकी हैं काम

टीवी धारावाहिक उतरन की तपस्या यानी अभिनेत्री रश्मि देसाई अपना जन्मदिन मना रही हैं। रश्मि देसाई ने इससे पहले भोजपुरी फिल्मों में भी काफी काम किया, हालांकि उन्हें प्रसिद्धी अपने इसी टीवी धारावाहिक से मिली। अभिनेत्री का नाम दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी जुड़ चुका है।

### सिद्धार्थ शुक्ला के साथ जुड़ा नाम

दिल से दिल तक के सेट पर उनकी मुलाकात सिद्धार्थ शुक्ला से हुई थी। इस शो के दौरान दोनों नजदीक आ गए थे। हालांकि, निजी कारणों से उनके बीच विवाद हुए और दोनों के रास्ते जुदा हो गए। रश्मि देसाई अपनी लव लाइफ में काफी अनलकी रही हैं। उन्होंने साल 2011 में उन्होंने नंदीश संधू के साथ शादी रचाई थी, 4 साल के बाद ही दोनों अलग भी हो गए थे।

### भोजपुरी फिल्मों में किया काम

रश्मि बिग बॉस 13 और बिग बॉस 15 का हिस्सा भी रहीं। इसके अलावा उन्होंने खतरों के खिलाड़ी 6 में हिस्सा लिया था। रश्मि देसाई हिट शोज में काम करने की पूरी कोशिश कर रही थीं, हालांकि पैसों की तंगी के कारण इससे पहले रश्मि देसाई बी ग्रेड फिल्मों में भी काम किया। वे कई सारी भोजपुरी फिल्मों का भी हिस्सा रहीं।





# एक रात की कहानी है धूम धाम



**प्रतीक गांधी और यामी गौतम धर स्टारर फिल्म धूम धाम 14 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है। इसमें यामी और प्रतीक के अलावा प्रतीक बब्बर, मुश्ताक खान आदि हैं।**

### फिल्म धूम धाम की कहानी और आपका किरदार क्या है?

इसकी कहानी एक रात की है। मेन किरदार यामी और मेरा है। हमारी शाये होती है। आमतौर पर शादी में धाम होती है लेकिन यहां शादी के बाद पहली रात में कुछ ज्यादा ही धूम धाम होती है। न चाहते हुए कोयल (यामी) की लाइफ में कुछ लोग आ जाते हैं, जो एक-दूसरे को जानते नहीं हैं। इसी के चलते चार्ली कौन है, इस पर बवाल खड़ा होता है। फिर तो बहुत सारे लोग जुड़ते जाते हैं। यहां सिचुएशन ही ऐसी है कि दोनों के रियल कलर्स बाहर आते हैं। वह एक-दूसरे को बातों से ही चौकते हैं।

### इस फिल्म की कहानी का इंटरेस्टिंग पहलू क्या है?

हम आज तक फिल्मों में हीरो को देखते आए हैं कि वह तमाम लोगों को एक साथ मार गिराता है। हीरो को किसी भी चीज से डर भी नहीं लगता है लेकिन इस फिल्म में हीरो को नए रंग-रूप में देखेंगे। उसे ऊंचाई, पानी और बंद कमरे से डर लगता है। जबकि हीरोइन निडर है। वह किसी से भी भिड़ जाती है।

वया पूरी फिल्म में एक ही कॉस्ट्यूम पहना है आपने?

पूरी फिल्म में हमारा एक ही कास्ट्यूम है। उसी में भागना, कूदना और सब कुछ करना है। हमारा तो पूरा ध्यान उसी में था कि शेरवानी पहनकर कैसे कूदा जाए। यह अपने आप में एक चैलेंज था। फिल्म में यामी का भी शादी का जोड़ा बहुत हैवी है। यह इतना टेक्निकल हो जाता है कि प्रैक्टिस बहुत ज्यादा करनी पड़ती है। मेरी शेरवानी शूटिंग से एक दिन पहले ही आई थी। इसे जब पहली बार पहना, तब उसकी स्लीव के चलते हाथ की फ्री मूवमेंट नहीं हो पा रही थी। फिर एक सीन में यामी मेरी शेरवानी को खींचकर फाड़ देती हैं। पूरी फिल्म मुंबई में ही शूट हुई है। दोनों एक रात मुंबई में ही भागते हैं, सो पूरी शूटिंग साउथ मुंबई, गोरेगांव की अलग-अलग गलियों और रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर की गई है। इसे लगातार 45 रातों में शूट किया गया है। वीक में एक दिन की छुट्टी होती थी। कहानी एक रात की है, इसलिए रात में ही शूट करना पड़ता था।

### फिल्मांकन के दौरान आप लोगों के लिए क्या कुछ चुनौतीपूर्ण रहा?

रात में शुट करना चुनौतीपूर्ण था। पूरी डेली रूटीन चेंज हो जाती है। मुझे और यामी दोनों को देर रात जागना पसंद नहीं है। हम दोनों के लिए दिक्कत यह रही है कि तीन महीने के लिए पूरी दिनचर्या बदलनी पड़ी।



# शाहरुख-सलमान के साथ काम नहीं करना चाहते निखिल आडवाणी

निर्देशक निखिल आडवाणी ने सलमान खान, शाहरुख खान और अक्षय कुमार के साथ कई फिल्में बनाईं। एक इंटरव्यू के दौरान निखिल ने कहा कि उन्हें अब सुपरस्टार्स के साथ फिल्म बनाना ही नहीं आता है। निखिल ने कहा कि इन सितारों से प्रशंसक बॉक्स ऑफिस पर बड़ी कमाई की उम्मीद करते हैं। ऐसे में वह इन सितारों के साथ एक फिल्म बना सकते हैं, लेकिन दबाव से बचने के लिए उन्हें निर्देशित नहीं करना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक निर्देशक ने कहा, मैं सलमान के साथ फिल्म नहीं बनाना चाहता। उन्होंने कहा कि वह खुद को बहुत भाग्यशाली मानते हैं कि वह उन लोगों को चुन सकते हैं जिनके साथ वह काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं सभी से कहता हूं, जॉन, अक्षय की फिल्में बिग बजट की होती हैं और मुझे नहीं पता कि 600-800 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्म कैसे बनाई जाती है।

### शाहरुख और अजय के लिए कही ऐसी बात


निर्देशक ने कहा कि वे शाहरुख खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन बहुत बड़े सितारे हैं। उनके फैंस को संतुष्ट करने के लिए उन नंबरों की बहुत जरूरत होती है और इतने बड़े बजट की फिल्में बनाना मुझे तो नहीं आता।

### शाहरुख के साथ नहीं करेंगे काम

शाहरुख को लेकर निर्देशक ने कहा, कल हो न हो के कारण हम दोनों के बीच काम को लेकर अच्छा रिलेशनशिप है। निखिल ने कहा कि उनके पास फिलहाल शाहरुख के लिए कुछ खास काम नहीं है। मुझे जब तक नहीं लगेगा कि मैं कुछ कुछ होता है, कभी खुशी कभी गम और कल हो न हो जैसी फिल्मों को बीट कर सकता हूं, तब तक उनके साथ काम नहीं

### लव स्टोरी से शाहरुख को है नफरत

निखिल आडवाणी ने कहा कि शाहरुख मेरे साथ फिल्म करना चाहते थे, ऐसे में मुझे उनके साथ कल हो न हो जैसी फिल्म में काम करने का मौका मिला। निखिल ने कहा कि उन्हें मार धाड़ ही करना था, उन्हें लव स्टोरी करना बिल्कुल पसंद नहीं था। उन्होंने अब डॉन और पठान में ऐसा ही काम किया, जैसा उन्हें पसंद था। निर्देशक निखिल आडवाणी को हीरो, बाटला हाउस, वेदा, सलाम ए इश्क, कल हो न हो जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।




# 27 मार्च को री-रिलीज होगी आमिर-सलमान की अंदाज अपना-अपना

सलमान खान और आमिर खान की फिल्म अंदाज अपना-अपना का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म सिनेमाघरों में जल्द रिलीज होने वाली है। टीजर में फिल्म की री-रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। फिल्म 31 साल बाद फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म पहली बार 1994 में रिलीज हुई थी।

### कॉमेडी का डबल डोज

फिल्म अंदाज अपना-अपना से कॉमेडी का शानदार डोज फैंस को देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म के टीजर में अभिनेताओं की वही मस्ती देखने को मिल रही है। फिल्म को देखने के लिए फैंस में बहुत उत्साह है। जारी हुए टीजर के मुताबिक फिल्म 27 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### सिनेमा के लिए तैयार है फिल्म

रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, आमिर खान और सलमान खान की फिल्म को 4K में रिस्टोर और रिमास्टर कर दिया है। साथ ही, इसका साउंड भी डॉल्बी 5.1 में अपग्रेड किया गया है। इससे दर्शकों को एक नया और बेहतरीन सिनेमाई अनुभव मिलेगा। फिल्म को लेकर मेकर्स ने लिखा- दोस्ती, दिवानगी और धमाकेदार कॉमेडी...एक बार फिर से। हम सब वापस आ रहे हैं, बस तैयार रहना!

### रिलीज के समय फ्लॉप रही थी फिल्म

अंदाज अपना अपना एक कॉमेडी फिल्म है, जो अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। हालांकि, जैसे-जैसे साल गुजरते गए, यह फिल्म एक कल्ट क्लासिक बन गई। आमिर खान और सलमान खान की जोड़ी ने दर्शकों के दिलों में ऐसी जगह बनाई कि आज भी उनकी केमिस्ट्री को याद किया जाता है। फिल्म में रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर ने भी अहम किरदार निभाए थे। इस फिल्म के संवाद जैसे गलती से मिस्टेक हो गया और क्राइम मास्टर गोगो नाम है मेरा, आंखें निकाल के गोटियां खेलती हूं मैं आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और ये पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुके हैं।

# ग्रैमी विजेता थेरॉन के साथ आएगा नोरा का नया गाना

नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो स्नेक ग्लोबल हिट साबित हुआ। अब वह अपने अगले बड़े म्यूजिक प्रोजेक्ट की तैयारी में जुट गई हैं। निर्माता टॉमी ब्राउन के साथ मिलकर उन्होंने ग्रैमी अवॉर्ड विजेता गीतकार थेरॉन बिली के साथ काम करने का संकेत दिया है। इससे पहले उन्होंने 2019 में पेपेटा गाने में रे वैनी के साथ काम किया था, जिसे 90 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले। इसके अलावा डर्टी लिटिल सीक्रेट में जैक नाइट के साथ भी नजर आई थीं। नोरा ने एलबम इट्स टू के लिए सीके के साथ भी काम किया। स्नेक में जेसन डेरुलो और टॉमी ब्राउन के साथ उनका कोलैबोरेशन 24 घंटे में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला वीडियो बना। यह वीडियो ग्लोबल चार्ट में दूसरे स्थान पर पहुंचा और स्पॉटिफाई ग्लोबल चार्ट में तीसरे नंबर पर ट्रेंड करने लगा।



## संक्षिप्त खबरें

### आरा-पटना मेमू रद्द होने पर यात्रियों का हंगामा

**पटना।** 63214 डाउन आरा-पटना मेमू रद्द होने पर यात्रियों ने 63262 डाउन बक्सर-फतुहा मेमू सवारी गाड़ी को सदिसोपुर स्टेशन पर रोक कर हंगामा किया। इसके कारण ट्रेन दो घंटे सदिसोपुर में लेट हो गयी और इस ट्रेन के पीछे राजधानी, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस एवं अन्य एक्सप्रेस गाड़ियां कई घंटे विलंब हो गयीं। 63262 सवारी गाड़ी पटना जंक्शन पर दो घंटे विलंब से पहुंची। आये दिन सवारी गाड़ियों को रद्द करने और 16 की जगह 12 बोगी से परिचालन करने से यात्रियों को परेशानी हो रही है और ट्रेन से गिर कर यात्री हादसे के शिकार हो रहे हैं। इस बाबत यात्री संघ ने कई बार रेल अधिकारियों से मौखिक और लिखित ज्ञापन दिया गया है। इस बात को कई बार मीटिंग में उठाया गया है कि सवारी गाड़ी को समय से चलाया जाये और रद्द होने वाली सवारी ट्रेनों की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित करायी जाये।

### पूर्व बाहुबली अनंत सिंह को नहीं मिली जमानत

**पटना।** पटना स्थित बेउर जेल में बंद मोकमा के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को आज पटना की सेशन कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने अनंत सिंह की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलिल सुनने के बाद कहा कि अनंत सिंह को जमानत नहीं दी जा सकती है। ऐसे में अब अनंत सिंह को जमानत के लिए पटना हाई कोर्ट का रूख करना होगा। मोकामा के पंचमहला थाना क्षेत्र में बीते 22 जनवरी को हुई गोलीबारी मामले में अनंत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया था। सरेंडर करने के बाद कोर्ट ने अनंत सिंह को बेऊर जेल भेज दिया था। न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद अनंत सिंह ने जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई। बीते 5 फरवरी को अनंत सिंह की नियमित जमानत अर्जी पर एमपी-एमएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में सुनवाई हुई थी। इसके बाद जज ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### नवजात बच्ची को सड़क पर फेंक मां हुई फरार

**मधुबनी (पचं)।** धनहा थाने के दौनहां में इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आयी। पैदा होते ही नवजात शिशु को उसकी मां सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गयी। रोने की आवाज सुनकर वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने उसे गोद में उठा लिया। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। नवजात को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबनी में भर्ती कराया। डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने उसकी स्वास्थ्य जांच के बाद उसे बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जिस व्यक्ति ने नवजात को सबसे पहले देखा और बचाया, उसने उसे अपनाने की इच्छा जाहिर की है। प्रशासन का कहना है कि सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही बच्ची को सौंपा जायेगा। अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एके तिवारी ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा में बच्ची को अस्पताल लाया गया है। उसकी जांच की गयी है। बच्ची स्वस्थ है।

# सीएम ने बक्सर जिले को दी 476 करोड़ रुपये की सौगात

- 73 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में आज बक्सर जिले को 476.02 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी। 73 विकासात्मक योजनओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके तहत 350.13 करोड़ रूपये की 41 योजनाओं का उद्घाटन तथा 125.89 करोड़ रूपये की 32 योजनाओं का शिलान्यास किया।
प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बक्सर जिला अंतर्गत सिमरी बहुग्रामी जलापूर्ति योजना, केशवपुर का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। बक्सर जिलांतर्गत विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों 'द्वारा लगाये गये स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।
मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित 703 परिवारों को 2 करोड़ 66 लाख 24 हजार 200 रुपये तथा 12,743 जीविका स्वयं सहायता समूह को 129 करोड़ 75 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सिमरी प्रखंड के केशोपुर ग्राम में 51.72 किलोमीटर लंबाई की बक्सर-कोईलवर गंगा तटबंध का सुदृढ़ीकरण, कालीकरण तथा सुरक्षात्मक कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को बताया कि इस कार्य के पूर्ण हो जाने से बक्सर, चक्की, सिमरी, ब्रह्मपुर आदि प्रखंडों की 6 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। तटबंध के किनारे के क्षेत्र का व्यवसायिक विकास होगा।
मुख्यमंत्री ने सिमरी प्रखंड के राजपुरकलां पंचायत स्थित ग्राम परसन पाह में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। बक्सर गोलंबर पर पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित होटल विश्वामित्र विहार 'बक्सर' के परिसर में बजट होटल के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। प्रस्तावित बजट होटल के निर्माण तथा होटल विश्वामित्र विहार के पुराने भवन की स्थिति के संबंध में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तावित बजट होटल की प्राक्कलित राशि 24.56 करोड़ रुपये है।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति की हत्या, ग्रामीणों ने किया हंगामा



**बेलसंड (सीतामढ़ी)।** थाना क्षेत्र के बेलसंड-सीतामढ़ी रोड पर भटौलिया गांव स्थित प्रमोद साह के डेरा के पास शनिवार को सुबह 5 ।30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति की बाइक सवार दो अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उसकी पहचान भोरहा गांव निवासी शंकर चौधरी के पुत्र विजय चौधरी (54) के रूप में की गयी है। विजय चौधरी, ग्रामीण जीतन चौधरी के साथ शनिवार को अहले सुबह टहलने निकले थे। प्रमोद साह के डेरा के समीप बेलसंड की तरफ से बाइक पर सवार दो युवक आये। विजय के सीने में गोली मार दी। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। अपराधियों ने तीन राउंड हवाई फायरिंग भी की। विजय सूद ब्याज का धंधा करता था। सुपारी देकर हत्या की बात कही जा रही है। सूचना मिलने पर एसडीपीओ रविशंकर प्रसाद, थानाध्यक्ष नवलेश कुमार आजाद दल बल के साथ पहुंचकर छानबीन की। पुलिस ने घटनास्थल से 7.65 एमएम के तीन खोखे बरामद किया है। एफएसएल की टीम भी पहुंचकर जरूरी साक्ष्य एकत्र किया है।उधर, हत्या से गुस्साये परिजन व ग्रामीणों ने बेलसंड-सीतामढ़ी रोड को बांस बल्ला से जाम कर एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस प्रशासन के समझाने बुझाने पर जाम हटा लिया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। एसपी अमित रंजन भी घटनास्थल का मुआयना करने थाना पहुंचे। उन्होंने थानाध्यक्ष को जरूरी निर्देश दिये। मृतक के घर पहुंचकर पत्नी व अन्य परिजन से भी जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्यारों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## सहरसा में इलाज के दौरान बंदी की मौत, पिटाई का आरोप

**सहरसा।** शुक्रवार की शाम स्थानीय मंडल कारा से सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती एक बंदी की शनिवार की दोपहर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सदर अस्पताल पहुंचकर सोनवर्षाराज पुलिस पर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर हत्या कर देने का गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही ग्रामीण चंदन कुमार पासवान के साथ सदर अस्पताल के कैदी वार्ड पहुंची कैदी आकाश कुमार विश्वास की मां शिखा देवी ने कहा कि उनका बेटा मात्र 17 वर्ष का था। लेकिन उसके साथ पुलिस ने बुरी तरह से पिटाई की है। उसके पिता सोनी विश्वास सोनवर्षाराज स्थित एक डीपो पर कार्य करते हैं। लेकिन परिवार में किसी के पास फोन नहीं रहने के कारण सूचना देर से प्राप्त हुई, लेकिन जब तक अपने बच्चे के पास पहुंची तो मेरा बच्चा मर चुका था। पुलिस ने उसे अंदरूनी मार मारकर मार डाला।

## सीवान में पिता ने कर दी बेटी के प्रेमी की हत्या

**सीवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के नेवारी गांव में गेहूं के खेत से बरामद युवक के शव की पहचान होने के साथ ही पूरी घटना सामने आ चुकी है। मृतक सिसवन थाना क्षेत्र के शुभहाता गांव निवासी शिवम कुमार उर्फ बम बम है। प्रथम दृष्टया युवक की हत्या में उसकी प्रेमिका के पिता व अन्य दो युवकों के शामिल होने की बात सामने आयी है। गांव के युवक से युवती की बढ़ती करीबी पिता को नागवार गुजरा तथा दो लोगों के साथ मिलकर चाकू से गोदकर जान ले ली।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मढ़ौरा (सारण)।** नगर पंचायत के सभागार में शहरी क्षेत्र के स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय स्वच्छता जागरुकता बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) योजना के तहत नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा राज्य के नगर निकायों में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता बैठक सह कार्यशाला का उद्घाटन नगर पंचायत के मुख्य पार्षद रूबी कुमारी की देख रेख में किया गया । जिसमें मुख्य रूप से एस.एच. जी. की महिलाओं सहित नगर पंचायत मढौरा के कार्यपालक पदाधिकारी बबलू कुमार, सहायक लोक स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी रेशमी कुमारी, प्रधान सहायक रणधीर कुमार सिंह, सफाई निरीक्षक विकास कुमार कुशवाहा, सुपर वाइजर अभिमन्यु कुमार, एवं मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र प्रसाद चौरसिया ने सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के साथ बैठक कर उनके समक्ष नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग बंद कर थैला का प्रयोग करने, घर घर से निकलने वाले कचरों का पृथीकरण कर गिला एवं सुखा कचरा को कचरे वाले को देना और साथ में घर में ही गिले कचरे से खाद बनाने की जानकारी दिया।अपने शहर और घर के शौचालय की साफ सफाई पर ध्यान देने व आस पड़ोस के लोगों को खुले में शौच न करने ,घर के शौचालय, सामुदायिक शौचालय एवं सार्वजनिक शौचालय के लिए जागरूक करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

## पेज एक का शेष

### नई दिल्ली रेलवे...

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक रविवार को अवकाश होने के कारण शनिवार को प्रयागराज जाने के लिए काफी संख्या में लोग जुट गए। शनिवार को जनरल टिकट भी काफी काटे गए।
**इससे पहले भी हुई थी भगदड़** : 16 मई 2010 को भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मची थी, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई थी और 30 लोग घायल हो गए थे।
**एलजी स्वयं मामले की कर रहे निगरानी** : उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था और भगदड़ के कारण जान-माल की हानि और घायल होने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने इस त्रासदी के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।
**एलजी ने मुख्य सचिव से की बात** : एलजी ने मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त से बात की है और उन्हें स्थिति को संभालने और लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए कहा है। एलजी के निर्देश पर मुख्य सचिव ने डीडीएमए उपायों को लागू कर राहत कर्मियों को तैनात किया है। एलजी ने कहा है कि सभी अस्पताल संबंधित आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार हैं। एलजी ने मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को घटनास्थल पर रहने और राहत उपायों को नियंत्रित करने का निर्देश दिया है। एलजी स्वयं लगातार आपरेशन की निगरानी कर रहे हैं।
राजनाथ सिंह ने जताया दुख : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से दुखद समाचार। रेलवे प्लेटफॉर्म पर भगदड़ के कारण हुई मौतों से मैं बेहद दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### एआई-एनीमेशन ने...

केंद्र सरकार उच्च शिक्षा में एआई को एकीकृत करने के लिए लगातार कदम उठा रही है।
**उद्यमियों को दिया संदेश** : राष्ट्रपति ने नवोन्मेषकों और उद्यमियों को संदेश देते कहा कि उन्हें पारंपरिक समुदायों के ज्ञान आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान दौर में इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का बड़ा महत्व है। टेक्नोलॉजी और ह्यूमैनिटीज एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा ने 70 वर्ष के शैक्षणिक सफर में देश और समाज के लिए कई आयाम स्थापित किए हैं। विकसित भारत के सपने को साकार करने में नई तकनीक का बड़ा रोल है।

### झारखंड: विभावि में...

प्रतिवेदन में कहा गया है कि अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन करते हुए खर्च किए गए राशि की वसूली एवं दोषी व्यक्तियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने को कहा गया है। प्रतिवेदन में विश्वविद्यालय के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता की बात भी कही गयी है। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि 44 लाख से भी अधिक रुपयों का दुरुपयोग किया गया हैं। यह जांच 2020 के जून से लेकर 2023 के मई के बीच केवल कुलपति कार्यालय, कुलपति आवास एवं कुलपति के उपयोग के वाहन के ईंधन मद में किये गये खर्च पर किया गया है। यह जांच विभावि के वित्तीय विभाग के एक बहुत छोटे से हिस्से की की गयी है। अंकेक्षण विभाग ने स्पष्ट किया है कि विभावि के आंतरिक मद के आय का दुरुपयोग किया गया है। जबकि यह राशि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व उनके पठन-पाठन पर खर्च करने के लिए होता है। पूर्व कुलपति ने इस रकम को नियमानुसार खर्च न कर इसमें अनियमितता बरती है।
कैसी-कैसी गड़बड़ियां
कोरोना में बंद था कार्यालय, फिर भी अल्पाहार पर आठ लाख खर्च : रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्व कुलपति के कार्यालय में अल्पाहार इत्यादि पर लगभग आठ लाख रुपये खर्च किये गये हैं। वह भी उस समय जब कोरोना के कारण लंबे समय तक विश्वविद्यालय कार्यालय बंद रहे या लोगों का आना-जाना प्रतिबंधित रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति के लिए एक अच्छे वाहन रहने के बावजूद एक नये वाहन खरीदे जाने को अनावश्यक एवं आपत्तिजनक बताया गया है। कुलपति आवास में पलंग, सोफा, वाशिंग मशीन आदि सामान की खरीद के साथ-साथ महंगे चिकित्सीय उपकरण पर किये गये खर्च पर भी आपत्ति जतायी गयी है।
आवास के रंगरोगन पर लाखों का खर्च : कुलपति आवास के रंगरोगन पर लाखों रुपये अनावश्यक खर्च किये गये हैं। इसमें रंग रोगन से संबंधित सामग्री की खरीद में अनियमितता पायी गयी है। कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया गया है। सरकारी वाहन का उपयोग निजी कार्य में किये जाने के कारण बेवजह के ईंधन पर भारी खर्च को भी दोषपूर्ण बताया गया है।
कंप्यूटर मद में भारी भरकम खर्च, पर भुगतान अधिकारी के खाते में : पूर्व कुलपति के कार्यकाल में इलेक्ट्रॉनिक सामान के अनावश्यक खरीद पर भी आपत्ति दर्ज की गयी है। यह भी पाया गया है कि चार माह के अंतराल में विश्वविद्यालय के पैसे से दोबारा मोबाइल फोन खरीदा गया। कंप्यूटर की सुविधा रहने के बावजूद इस मद में भारी भरकम खर्च किये गये। भुगतान दुकान को नहीं किया गया है। भुगतान अधिकारी के खाते में किया गया है। खरीदे गये सामान को भंडार पंजी में अंकित नहीं किया गया है। इसी प्रकार कुलपति आवास में सीसीटीवी लगाये जाने में भारी खर्च किया गया है। यात्रा भत्ता के खर्च में भी अनियमितता पायी गयी है।

### पीएम आज दिल्ली...

इस कार्यक्रम में नीति निर्माताओं, वैश्विक सीईओ, 5000 से अधिक प्रदर्शकों और 120 से अधिक देशों के 6000 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के भाग लेने की उम्मीद है। साथ ही, प्रमुख वैश्विक कपड़ा निकाय और संघ जैसे इंटरनेशनल टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरर्स फेडरेशन, इंटरनेशनल कॉटन एडवाइजरी कमेटी और यूएस फैशन इंडस्ट्री एसोसिएशन भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।
क्यों है भारत टेक्स 2025 खास : भारत टेक्स 2025 एक ऐसा मंच है, जहां कपड़ा उद्योग के संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के साथ-साथ वैश्विक निवेश और इनोवेशन के अवसरों को शेयर किया जाएगा। यह इवेंट भारत को वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक प्रमुख भूमिका निभाने में मदद करेगा और इसके माध्यम से उद्योग के लिए नए आयामों का विकास होगा।

### केंद्र पर बकाया...

पहले से कोयले की रॉयल्टी 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए बाकी थी। पीएम आवास योजना, मनरेगा, नल-जल योजना, बाल विकास परियोजना की राशि भी अब नहीं मिल रही है। वित्त विभाग सभी बकायों का ब्योरा तैयार कर रहा है। कुछ दिनों में इसकी रिपोर्ट पेश की जायेगी।
**अपने हक के लिए जरूरत पड़ी, तो करेंगे आंदोलन** : दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की भूमि रही है। अपना हक पाने के लिए हमें आंदोलन करना आता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक हुई थी, उसमें झारखंड को कम पीएम आवास दिये जाने का विरोध किया गया था। साथ ही कहा गया था कि पीएम आवास के निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपए अपर्याप्त है।
**सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर नहीं देखा** : यह पूछे जाने पर कि सुप्रीम कोर्ट ने जनता को बैठे-बिठाये रुपए दिये जाने की निंदा की है, झारखंड सरकार की मंत्री ने कहा कि उन्होंने अब तक ऑर्डर को नहीं देखा है। उन्होंने कहा, 'अभी तक मैंने इसे देखा नहीं है। इसे कौन, किस तरह से इंटरप्रेट कर रहा है, इसका बहुत फर्क पड़ता है। इतना जरूर कहूंगी कि चुनाव के वक्त अगर कोई रुपए देने की बात कहता है, तो यह गलत है। कैबिनेट में फैसला लेकर महिलाओं को सशक्त बनाने की कोशिश कहीं से गलत नहीं है।'
**बिजली बिल माफी, मंईयां सम्मान योजना जनकल्याणकारी योजना** : दीपिका पांडेय सिंह ने आवास योजना या फिर बिजली बिल माफी योजना को सरकार द्वारा जनहित में उठाया गया कदम बताया। मंईयां सम्मान योजना को महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार की पहल करार दिया।
**के राजू को झारखंड का प्रभारी बनाये जाने पर बधाई** : झारखंड सरकार की मंत्री ने के राजू को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी बनाये जाने पर बधाई दी। कहा कि उन्हें विकास कार्यों का काफी अनुभव है। निश्चित रूप से यह झारखंड राज्य और कांग्रेस को आगे ले जाने में मददगार साबित होगा।
**दीपिका समेत 6 लोगों के बयान दर्ज** : मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में सभी आरोपियों के शनिवार को बयान दर्ज किये गये। सभी आरोपियों ने एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में बारी-बारी से अपना बयान दर्ज कराया। विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी ने सभी आरोपियों से पूछा कि उन्हें इस केस में क्यों फंसाया गया, जिस पर सभी ने कहा कि उन्हें इस केस में झूठा फंसाया गया है। केस में अभियोजन पक्ष अब तक 12 गवाहों को पेश कर चुका है। बचाव पक्ष से कहा गया है कि आप चाहें, तो 1 मार्च को अपने गवाह ला सकते हैं।
**2017 में इन धाराओं के तहत दर्ज हुई थी प्राथमिकी** : यह मामला वर्ष 2017 का है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान महगामा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दी थी। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष के रूप में दीपिका पांडेय सिंह घटनास्थल पर पहुंचीं थीं। मामले में थाना कांड संख्या 72/2017 में भादवि की धारा 147, 149, 353, 332, 427, 283, 504, 506 एवं 120 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### छत्तीसगढ़ से महाकुंभ...

छह की पहचान उनके परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर की गई है। मृतकों में सोमनाथ (28), ईश्वरी प्रसाद जायसवाल (56), भागीरथी जायसवाल (43), संतोष सोनी (55), सौरभ सोनी , अजय बंजारे , गंगा दास वर्मा , शिवा राजपूत (करीब 60 वर्ष), दीपक वर्मा और राजू साहू शामिल हैं।
सीएम योगी ने की घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना : उत्तर प्रदेश के सीएम दफ्तर ने कहा- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज जिले में हुई सड़क दुर्घटना का संज्ञान लिया। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। स्वरूप रानी मेडिकल अस्पताल प्रयागराज के सीएमओ एके तिवारी ने कहा, "प्रयागराज में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जब एक बस और बोलेरो में टक्कर हो गई1 हादसे में बोलेरो में बैठे सभी लोगों की मौत हो गई। सभी पीड़ित छत्तीसगढ़ से प्रयागराज आ रहे थे, और बस प्रयागराज से रायगढ़ जा रही थी।"

### क्रिप्टो फंड...

नवंबर 2016 से जनवरी 2018 के बीच हुई धोखाधड़ी : ईडी की यह जांच सूरत पुलिस की अपराध शाखा द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी से शुरू हुई थी, जिसमें यह बताया गया कि यह धोखाधड़ी नोटबंदी के बाद नवंबर 2016 से जनवरी 2018 के बीच हुई। एजेंसी ने अपनी टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स की टीम लगाकर कई क्रिप्टो वॉलेट्स और उनके लेन-देन को खंगाला, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये फंड कहां से आए और इन्हें कौन कंट्रोल कर रहा था। जांच में पाया गया कि इस घोटाले के लेनदेन 'डार्क वेब' के जरिए किए गए थे, जिससे ट्रांजैक्शंस को ट्रेस करना बेहद मुश्किल हो गया। इसके बावजूद ईडी ने जमीनी स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाकर कई डिजिटल वॉलेट्स की पहचान की और उनकी लोकेशन को ट्रैक किया।
अब तक की सबसे बड़ी जब्ती : आखिरकार, 1,646 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी को ईडी के विशेष क्रिप्टो वॉलेट में ट्रांसफर कर लिया गया, जिससे यह वर्चुअल डिजिटल एसेट्स की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती बन गई। इससे पहले भी एजेंसी ने इस मामले में 489 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी।
सूत्रों के मुताबिक, इस घोटाले में विदेशी निवेशकों का भी हाथ है, और मुख्य आरोपी अमेरिका में संघीय जांच एजेंसियों के रडार पर है। बिटकनेक्ट घोटाले में निवेश करने वालों में कई विदेशी नागरिक भी शामिल थे।

### नेशनल गेम्स में...

तैराकी में 2 कांस्य और महिला हॉकी में टीम को कांस्य पदक मिला। झारखंड के लिए लॉन बॉल स्पर्धा में लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की, कविता कुमारी और रेशमा कुमारी ने पदक जीता। लॉन बॉल अंडर-25 में बसंती कुमारी ने पदक जीता। लॉन बॉल पुरुष डबल्स में झारखंड के दिनेश कुमार और सुनील बहादुर को पदक मिला। लॉन बॉल पुरुष फोर्स स्पर्धा में अभिषेक लकड़ा, वसीम अकरम, आलोक लकड़ा और दिनेश कुमार ने पदक जीता। पुरुष सिंगल्स में सुनील बहादुर ने पदक जीता। तीरंदाजी महिला एकल में पूर्व विश्व चैंपियन दीपिका कुमारी विजेता रहीं। तीरंदाजी पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में गोल्डी मिश्रा, बिष्णु चौधरी, श्रेय भारद्वाज और गुरु चरण बेसरा ने पदक जीता। इन खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### आतंकियों के...

इन्हें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311 2(c) के तहत बर्खास्त किया गया है। फिरदौस और अशरफ इस समय अलग-अलग आतंकी मामलों में जम्मू के कोट भलवाल जेल और रियासी जिले की जेल में बंद हैं। निसार को पहले ही आठ महीने तक पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत हिरासत में रखा जा चुका है।
एलजी ने जम्मू में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के एक दिन बाद बर्खास्तगी के आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था कि सिर्फ आतंकवादियों को खत्म करने पर ही ध्यान केंद्रित न किया जाए, बल्कि पूरे आतंकी तंत्र को ध्वस्त किया जाए। इस तंत्र में आतंकवाद के समर्थक, मुखबिर और हिंसा फैलाने वाले लोग शामिल हैं, जो जम्मू-कश्मीर प्रशासन में घुसपैठ कर चुके हैं।
2005 में एसपीओ नियुक्त किया गया : जम्मू-कश्मीर पुलिस कांस्टेबल फिरदौस अहमद भट को 2005 में स्पेशल पुलिस ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया गया था। वह 2011 में कांस्टेबल बने। उन्हें जम्मू-कश्मीर पुलिस की इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस यूनिट में तैनात किया गया था, लेकिन वह लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने लगे। फिरदौस को मई 2024 में अनंतनाग में गैर-स्थानीय लोगों और पर्यटकों पर हमले की साजिश रचने के मामले में गिरफ्तार किया गया था।
आतंकियों ने सौंपा था ये काम : फिरदौस ने दो लश्कर आतंकवादियों उमर और आकिब को दो गिरफ्तार आतंकवादियों, वसीम शाह और अदनान बेग को हमलों के लिए हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराने का काम सौंपा था। श्रीनगर के क़मरवारी में पुलिस हाउसिंग कॉलोनी में फिरदौस के आवासीय क्वार्टर और अनंतनाग के मट्टन के गनी मोहल्ला में एक दूसरे घर से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। इनमें पिस्तौल, गोला-बारूद, विस्फोटक और नशीले पदार्थ शामिल थे। उनके घर से जब्त 3 किलो चरस कुछ दिन पहले सांबा में एक ड्रोन के जरिए 'मोस्ट वांटेड', पीओके के लश्कर आतंकवादी साजिद जट्ट उर्फ सैफुल्लाह द्वारा गिराया गया था।
फिरदौस भट साजिद जट्ट का करीबी सहयोगी : खुफिया विभाग के एक सूत्र ने बताया कि जांच से पता चला है कि फिरदौस भट साजिद जट्ट का करीबी सहयोगी था और उसने हिजबुल मुजाहिदीन के कमांडर खुर्शीद डार, लश्कर आतंकवादी हमजा भाई और अबू जरार के लिए भी काम किया था। फिरदौस आतंकवादियों के निर्देश पर भारतीय सुरक्षा बलों की गतिविधियों के बारे में गोपनीय जानकारी लीक करता था और हथियारों व गोला-बारूद के संग्रह, भंडारण और वितरण की व्यवस्था करता था। उसने कथित तौर पर आतंकी हमलों के लिए निशाने दिए और उनका मार्गदर्शन भी किया।

### 119 भारतीयों को...

इन 119 लोगों में से 67 पंजाब, 33 हरियाणा, 8 गुजरात, 3 उत्तर प्रदेश, 2-2 गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान, तथा 1-1 हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से हैं। सूत्रों के अनुसार, इस समूह में चार महिलाएं और दो नाबालिग भी शामिल हैं, जिनमें से एक बच्ची सिर्फ 6 साल की है। खबर है कि रविवार को एक और विमान भारत पहुंचेगा, जिसमें 157 भारतीय नागरिकों को वापस लाया जाएगा।
**पहले भी हो चुका है ऐसा** : इससे पहले 5 फरवरी को अमेरिका का एक सैन्य विमान 104 भारतीयों को निर्वासित कर चुका है। उस समय इन लोगों को हथकड़ी और बेड़ियों में लाया गया था, जिस पर संसद और जनता ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।
**सरकार की प्रतिक्रिया** : विपक्ष की आलोचनाओं के बीच विदेश मंत्री एस, जयशंकर ने कहा कि यह कोई नई प्रक्रिया नहीं है, बल्कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को डिपोर्ट करने की नीति सालों से चली आ रही है।
**पीएम मोदी ने भी दी थी प्रतिक्रिया** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने अमेरिका दौरे पर इस मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा था कि यदि कोई भारतीय नागरिक अमेरिका में बिना दस्तावेजों के रह रहा है और वह भारत का प्रमाणित नागरिक है, तो भारत उसे वापस लेने के लिए तैयार है।
**सीएम भगवंत मान की आपत्ति** : अमेरिका से आने वाले निर्वासितों को बार-बार अमृतसर एयरपोर्ट पर उतारने को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आपत्ति जताई। उनका कहना है कि केंद्र सरकार पंजाब को बदनाम करने की साजिश कर रही है।

## ट्रंप ने सेना में ट्रांसजेंडर की मान्यता की खत्म



**अमेरिका।** अमेरिकी सेना ने ट्रांसजेंडर के सेना में शामिल होने पर अधिकारिक रोक लगा दी है। ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक एग्जीक्यूटिव आदेश पारित कर ट्रांसजेंडर विचारधारा पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने 20 जनवरी को शपथ लेने के बाद ही यह स्पष्ट कर दिया था कि वे देश में सिर्फ दो ही लिंग को मान्यता देंगे स्त्री और पुरुष। उसी विचार को सामने रखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती को रूकवा दिया है।
अमेरिकी सेना में कब मिली थी ट्रांसजेंडर्स को जगह : 25 जनवरी 2021 से अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती की शुरुआत हुई थी। हालांकि 2015 में सबसे पहले यह विचार सामने आया था कि सरकार ट्रांसजेडर्स की सेना में बहाली की जाएगी। उससे पहले सेना में ट्रांसजेडर्स की बहाली पर पूरी तरह से रोक दी थी। बाद के वर्षों में कई संगठनों ने इसके लिए अभियान चलाया और सरकार से इस संबंध में विचार करने का आग्रह किया था।
ट्रांसजेंडर समुदाय सेना में बहाली पर तो अमेरिकी सरकार ने बैन लगा दिया है,ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जो लोग पहले से ही सेना में हैं, उनका क्या होगा? इसके बारे में अभी विस्तार से बहुत जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन अमेरिकी सेना की ओर से एक्स पर पोस्ट करके यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अब किसी ट्रांसजेंडर की सेना में भर्ती नहीं होगी और ना किसी को लिंग बदलने के लिए सर्जरी की इजाजत दी जाएगी। कुछ जानकारी जो सामने आई है, उसके अनुसार जो लोग अभी सेना में कार्यरत हैं, वे अपने पसंद का लिंग चुनकर सेवा जारी रख सकते हैं। यह भी स्पष्ट है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सिर्फ दो लिंग को ही मान्यता देने से ट्रांसजेंडर्स की सामाजिक स्थिति पर असर पड़ेगा और उन्हें अपने अधिकारों के लिए एकबार फिर संघर्ष करना पड़ेगा।

# चिदंबरम ने सरकार से पूछा : क्या भारतीय प्रवासियों के हाथों में फिर होगी हथकड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका से भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर दूसरे अमेरिकी विमान का आगमन भारतीय कूटनीति के लिए एक परीक्षण होगा। चिदंबरम ने एक्स पर कहा कि सभी की निगाहें अमेरिकी विमान पर होंगी जो आज अवैध अप्रवासियों को वापस लेकर अमृतसर में उतरेगा। क्या निर्वासित लोगों को हथकड़ी लगाई जाएगी और उनके पैर रस्सियों से बांध दिए जाएंगे? उन्होंने आगे कहा कि यह भारतीय कूटनीति के लिए एक परीक्षा है। संयुक्त राज्य अमेरिका से 119 भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर एक विमान शनिवार को अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरेगा। फ्लाइट के रात 10 बजे से 11 बजे के बीच एयरपोर्ट पर उतरने की उम्मीद है।

119 निर्वासित लोगों में से 67 पंजाब से, 33 हरियाणा से, आठ गुजरात से, तीन उत्तर प्रदेश से, दो-दो गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से और एक-एक हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से हैं। भारत पहुंचने वाले निर्वासित लोगों में वे लोग शामिल हैं जो मेक्सिको और अन्य मार्गों से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, उन्होंने अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने के तुरंत बाद कथित तौर पर अपने पासपोर्ट भी फाड़ दिए। डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन द्वारा अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने वाले लोगों पर अभूतपूर्व कार्रवाई के बीच अमृतसर के लिए उड़ानें वापसी करने वाले लोगों की दूसरी खेप हैं।



इससे पहले, भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर अमेरिकी वायु सेना का एक विमान 5 फरवरी को अमृतसर पहुंचा था। अमृतसर में उतरने वाले विमान में कुल 104 भारतीय नागरिक सवार थे। कई निर्वासित लोगों ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ और पैर बंधे हुए थे और अमृतसर में उतरने के बाद ही उन्हें बंधन से मुक्त किया गया। इससे देश भर में आक्रोश फैल गया, विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी वाशिंगटन यात्रा के दौरान अमेरिका के साथ इस मुद्दे को उठाने की मांग की।

## कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ कर रही सत्ता संघर्ष जो इंडिया ब्लॉक में हैं सहयोगी

नई दिल्ली। कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ अपने संबंधों को कैसे सुधारे, जिन्होंने राज्यों में उसे सत्ता से बेदखल कर दिया है, लेकिन इंडिया ब्लॉक के बैनर तले सहयोगी बने हुए हैं। कांग्रेस कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों के साथ सत्ता संघर्ष में लगी है। इसकी वजह है कि वे एक-दूसरे पर बढ़त हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में खत्म हुए दिल्ली चुनाव कांग्रेस की आक्रामक रणनीति का एक ज्वलंत उदाहरण था। देश की सबसे पुरानी पार्टी लगातार तीसरी बार दिल्ली विधानसभा में कोई सीट नहीं जीत पाई, लेकिन अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल करने में अहम भूमिका निभाने में कामयाब रही। दोनों दलों के बीच वोटों के बंटवारे ने बीजेपी को जीत दिलाई। पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार की टिप्पणी पार्टी के भीतर की सोच को दर्शाती है। बंगाल कांग्रेस प्रमुख ने पश्चिम बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि दिल्ली चुनाव के नतीजों के बाद, कई क्षेत्रीय दलों को एहसास हुआ है कि उस चुनाव में कांग्रेस को नजरअंदाज करना एक गलती थी। आप जैसी पार्टियों और उनके जैसे सोचने वालों के साथ समस्या यह है कि वे बीजेपी की बी-टीम से ज़्यादा कुछ नहीं हैं। ममता बनर्जी ने राज्य में 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है।

## बांग्लादेश से पाकुड़ आया आतंकी, युवाओं को दी ट्रेनिंग, एटीएस कर रही जांच

रांची। झारखंड में कुछ लोगों को आतंकी ट्रेनिंग दिए जाने की खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि बांग्लादेश से आकर एक आतंकी झारखंड के पाकुड़ जिले के कुछ युवकों को आतंक के रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह खुलासा एक खुफिया पत्र के जरिए हुआ है। पत्र में लिखा है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां के प्रतिबंधित संगठन भारत विरोधी आतंकी साजिश रच रहे हैं। साजिश के तहत कुछ आतंकी बांग्लादेश से झारखंड आ गए और पाकुड़ में कुछ लोगों को ट्रेनिंग देकर वापस लौट गए। मामले को लेकर झारखंड एटीएस ने अलर्ट जारी किया है। जानकारी के मुताबिक झारखंड एटीएस को सूचना मिली है कि बांग्लादेश की सीमा पार कर जेएमबी आतंकी अब्दुल मम्मुन मुर्शिदाबाद के धुलियान के रास्ते झारखंड के पाकुड़ जिला आया था। उसने जेएएचए नाम के संगठन के सदस्यों के साथ बैठक की। इसके बाद उसने कई कैडरों को आतंकी ट्रेनिंग दी और फिर वापस लौट गया। पूरे मामले की अब एटीएस जांच कर रही है। वहीं सारे जिलों के एसपी और डीआईजी को गोपनीय सूचनाएं जुटा कर कार्रवाई के लिए पत्र भी लिखा है। पत्र में यह भी बताया गया है कि बंगाल और झारखंड के पाकुड़ के संदिग्ध शामिल हुए थे। एटीएस को जानकारी मिली है कि अब्दुल मम्मुन बांग्लादेश के सतखीरा के गोपीनाथपुर इलाके का रहने वाला है। अवैध तरीके से सीमा पार करने के बाद वह 6 जनवरी को पाकुड़ आया था। वहीं जानकारी में यह भी बताया गया है कि जेएएचए- इंडिया और जमात उल मुजाहिदीन के सदस्यों के बीच एक बैठक भी पाकुड़ के इस्लामी दावा सेंटर दुबराजपुर में हुई थी। एक दिन की ट्रेनिंग के बाद अब्दुल वापस धुलियान के रास्ते बांग्लादेश लौट गया। एटीएस को जानकारी मिली है कि बैठक में मुर्शिदाबाद के जलांगी के कई लोग शामिल हुए थे। बता दें कि बांगलादेशी प्रतिबंधित संगठन जेएमबी की सक्रियता संथाल परगना के साहिबगंज और पाकुड़ में पूर्व में भी रही है। इस संगठन के संदिग्धों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स की जानकारी पूर्व में भी एटीएस ने जुटायी थी।

## अवैध प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी एवं बेड़ियों में जकड़कर वापस भेजना अमेरिका का महापाप : उमा भारती

भोपाल। अमेरिका से भारत वापस भेजे गए अप्रवासी भारतीयों को जिस तरह से लाया गया, उसपर विपक्षी दल लगातार सवाल उठा ही रहे थे लेकिन अब पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने भी इसपर नाराजगी जाहिर की है। उमा ने कहा कि अमेरिका से अवैध प्रवासी भारतीयों को जिस तरह से हथकड़ी एवं बेड़ियों में जकड़कर वापस भेजा गया, वह बेहद शर्मनाक एवं मानवता के लिए कलंक है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें हवाई जहाज से ही भेजा जा रहा था, तब हथकड़ी और बेड़ियां क्यों लगाई गई। यह हरकत अमेरिकी शासन की क्रूरता एवं अमानवीयता को दिखाती है। अवैध तरीके से किसी देश में घुसना अपराध है, उसकी सजा के प्रत्येक देश में अपने कानून के अनुसार प्रावधान हैं। लेकिन ऐसी क्रूरता महापाप है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों का दूसरा जत्था शनिवार को भारत पहुंचने वाला है। अमृतसर में विमान की लैंडिंग रात करीब 10 बजे के बीच होगी। इस प्लेन से 119 भारतीयों को अमेरिका ने वापस भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, तीसरा विमान भी अमेरिका से 16 फरवरी को आ सकता है, जिसमें 157 लोग आ रहे है।



## महाराष्ट्र जीबीएस के मामले 207 के करीब, 20 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर

पुणे। महाराष्ट्र के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राज्य में गिलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के संदिग्ध और सक्रंमित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि दो मामलों का पता चलने के बाद संख्या बढ़कर 207 हो गई है। राज्य में शुक्रवार को दो नए मामलों के साथ पुष्ट मामलों की संख्या 180 हो गई है, इसमें से 20 वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। इस बीच, हालांकि राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार आधिकारिक तौर पर मौतों की संख्या आठ पर अपरिवर्तित रही, लेकिन कोल्हापुर में बीमारी से एक संदिग्ध मौत की सूचना मिली है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि चांगिड तहसील की 60 वर्षीय महिला की 13 फरवरी को मौत हुई।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला बजट सत्र 3 मार्च से, 7 मार्च को पेश होगा बजट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला बजट सत्र 3 मार्च को जम्मू में आयोजित होगा। सरकार में वित्त मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 7 मार्च को बजट पेश करने वाले है। यह जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में निर्वाचित सरकार का पहला बजट सत्र होगा। स्पीकर अब्दुल रहीम राथर के अनुसार, 28 दिवसीय सत्र 3 मार्च को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अभिभाषण के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 6 मार्च तक विधायकों द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव रखा जाएगा। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला 7 मार्च को बजट (व्यय का वार्षिक वित्तीय विवरण) पेश करने और 8 मार्च को बजट पर सामान्य चर्चा होगी। 12 से 24 मार्च तक विधायकों द्वारा अनुदान की मांगें पेश की जाएगी। 7 से 9 अप्रैल तक निजी सदस्यों के विधेयक और संकल्प पेश किए जाएंगे, जबकि अंतिम दिन 11 अप्रैल को सरकारी कामकाज होगा। बता दें कि, विधानसभा का पहला चार दिवसीय परिचय सत्र नवंबर में श्रीनगर में आयोजित किया गया था और सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए पारित प्रस्ताव पर विवादों से घिरा रहा। मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया था, जबकि छोटे विपक्षी दल पीडीपी और सज्जाद लोन ने आलोचना के साथ प्रस्ताव का समर्थन किया था।

## इजराइल की घोषणा, हमास आज तीन बंधकों को छोड़ेगा



**तेल अवीव।** इजराइल ने गाजा पट्टी में आज आतंकवादी समूह हमास के जरिये फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की कैद से रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों के नामों की घोषणा की। ये हैं- अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन (बाएं), रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रूफानोव (मध्य) और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न (दाएं)। तीनों को सात अक्टूबर, 2023 को अगवा किया गया था। यह रिहाई पिछले महीने इजराइल और हमास के बीच हुए संघर्ष विराम और बंधकों की अदला-बदली समझौते के तहत होगी। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद ने कैद में उनके कई वीडियो जारी किए हैं। इजराइल ने कहा कि फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन, रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रोफानोव और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न को रिहा करेगा। हमास के कैदी मीडिया कार्यालय ने कहा कि उसे उम्मीद है कि इसके बाद इजराइल 369 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। यह ताजा घोषणा इस सप्ताह गाजा संघर्ष विराम समझौते पर हमास और इजराइल के बीच विवाद के बाद आई है। हमास ने कहा था कि वह कथित इजराइली उल्लंघनों के कारण योजना के अनुसार शनिवार को इजराइली बंधकों को रिहा नहीं करेगा। हमास का यह रुख सामने आने के बाद इजराइल और अमेरिका ने कड़े तेवर दिखाए।

## छवि सुधारने के लिए आरजेडी कर रहा मंथन
## दिल्ली में बिहार पॉलिसी डायलॉग का आयोजन

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसको लेकर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) अपनी छवि सुधारने के लिए सक्रिय हो गया है। आज 15 फरवरी को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में बिहार पॉलिसी डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सोन वैली डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से किया गया है। इस पॉलिसी डायलॉग में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और सार्वजनिक वित्त जैसे विषयों पर विशेषज्ञों और शिक्षाविदों द्वारा विचार रखे जाएंगे। आरजेडी इन विचारों को अपने आगामी घोषणा-पत्र में शामिल करने की योजना बना रही है। पार्टी महासचिव शाश्वत गौतम के मुताबिक इस कार्यक्रम का अगला चरण पटना में आयोजित किया जाएगा, जहां प्राप्त सुझावों को विस्तृत रूप से परखा जाएगा।

पार्टी विचार कर रही है बिहार का बजट भारी-भरकम ब्याज से मुक्त कैसे बनाया जाए? जनता की आर्थिक क्षमता बढ़ाने के लिए राहत योजनाओं से अलग क्या रणनीति अपनाई जाए? स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में निजी संस्थानों की बढ़ती भूमिका को संतुलित करने के लिए क्या उपाय किए जाएं? पार्टी अंदरखाने ओबीसी इंटलेक्चुअल वर्ग को एक मंच पर लाने की रणनीति पर भी विचार कर रही है, जिससे आगामी बजट सत्र और विधानसभा चुनाव में इसे लाभ मिल सके।

आरजेडी बिहार की पहली महिला मुख्यमंत्री राबड़ी देवी देने का श्रेय लेती है, लेकिन अब तक महिलाओं को लेकर कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है। तेजस्वी यादव ने 'माई-बहन सम्मान योजना' के तहत महिलाओं के खाते में हर माह 2500 रुपए देने का वादा किया है। साथ ही पार्टी की महिला विंग की अध्यक्षता रितु जायसवाल को सौंपी गई है। पिछले लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखें तो बिहार में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा था। इसी कारण तेजस्वी ने अपने भाषणों में 'एम मतलब महिला और वॉय मतलब युवा' का नारा दिया है।

तेजस्वी बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाते हुए युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपने शासनकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि 17 महीने में किया कमाल, हमें दीजिए पूरे 5 साल। उनकी टीम में युवा नेतृत्व को महत्व दिया है, जिसमें राज्यसभा सांसद संजय यादव और पूर्व में नीतीश कुमार के साथ काम कर चुके शाश्वत गौतम जैसे पढ़े-लिखे युवाओं को जगह दी गई है। बिहार में 8 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए आरजेडी इस पॉलिसी डायलॉग के जरिए से अपनी छवि सुधारने और जनसंपर्क मजबूत करने में जुटी हुई है।

## उत्तर प्रदेश और गुजरात के बाद अब महाराष्ट्र में भी लव जिहाद के खिलाफ कानून

**– पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन**

**मुंबई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश और गुजरात के बाद अब महाराष्ट्र भी लव जिहाद के खिलाफ कानून लाएगा। लव जिहाद कानून के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। दरअसल प्रदेश में लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर लव जिहाद और धोखाधड़ी व बलपूर्वक किए जाने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने लव जिहाद के खिलाफ कानून का मसौदा तैयार करने के लिए पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया है। यह विशेष समिति राज्य की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करेगी। लव जिहाद धोखाधड़ी और बल के माध्यम से किए गए धर्मांतरण के खिलाफ उपाय सुझाने वाले कानून का मसौदा तैयार करेगा। इस तरह, महाराष्ट्र लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाने वाला देश का दसवां राज्य बन जाएगा। अब तक देश के 9 राज्यों- उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ ने लव जिहाद विरोधी कानून पेश किए हैं। इसी तर्ज पर, भाजपा नेता और मंत्री नितेश राणे सहित राज्य के विभिन्न हिंदू संगठनों ने महाराष्ट्र में भी लव जिहाद कानून लागू करने की मांग की थी।

**क्या है लव जिहाद ?**

जब किसी धर्म विशेष का व्यक्ति किसी अन्य धर्म की लड़कियों को प्रेम के जाल में फंसाकर या उनसे शादी करके उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करता है तो इस पूरी प्रक्रिया को लव जिहाद कहा जाता है। यदि दो अलग-अलग धर्मों के लोग विवाह करते हैं, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि विवाह किसी प्रलोभन या धोखे से तो नहीं किया गया है। यदि किसी लड़की का धर्म परिवर्तन केवल विवाह के उद्देश्य से किया गया है तो विवाह अमान्य माना जाता है। यह अपराध गैर-जमानती है। इसके अलावा, इस मामले की सुनवाई प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है। इस बीच, उत्तर प्रदेश में कानून के अनुसार, शादी के लिए जबरन धर्म परिवर्तन करने पर पांच साल की जेल और 15,000 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने तलाकशुदा शब्द पर याचिकाकर्ता को लगा दी जमकर फटकार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने एक विवादास्पद बाल हिरासत विवाद में समीक्षा याचिका खारिज की। साथ ही कानूनी कार्यवाही में तलाकशुदा महिलाओं के नाम के साथ तलाकशुदा शब्द जोड़ने की प्रथा की कड़ी निंदा की। जस्टिस विनोद चटर्जी कौल ने शख्स और उसकी पूर्व पत्नी के बच्चे के कस्टडी से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया। मामले में जज ने शख्स द्वारा दायर समीक्षा याचिका को खारिज किया गया। शख्स की समीक्षा याचिका में तर्क देकर कहा कि पिछले फैसले ने उनकी अपील को बिना सुनवाई के प्रारंभिक मुद्दे पर विचार किए ही खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता ने अपनी पुनर्विचार याचिका में दावा किया, मामले में अपील की स्वीकार्यता पर बहस की गई और मामले को सुरक्षित रखा गया। इस प्रकार, मुख्य अपील पर गुण-दोष के आधार पर बहस नहीं की गई। उन्होंने कहा, अपील पर मामले के गुण-दोष के आधार पर बहस हुए बिना तथा याचिकाकर्ता के वकील की बात सुने बिना ही निर्णय दिया गया, यह तथ्य रिकार्ड और अंतरिम आदेशों से स्पष्ट होता है। हालांकि, अदालत ने दावे का दृढ़ता से खंडन कर कहा कि अपील पर सुनवाई हो चुकी है। एक जून, 2022 को सुनवाई योग्य होने पर मामले को सुरक्षित रखा गया। यह मामला शख्स के मुलाकात के अधिकार को लेकर विवाद से शुरू हुआ था।

## तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से मुकदमों में तेजी से कमी आएगी: मेघवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की दिशा में महाराष्ट्र की स्थिति की नई दिल्ली में हुई एक बैठक में समीक्षा की। बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने बताया कि बैठक में आईटी सेक्टर में आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास पर चर्चा की गई।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट और जिला कोर्ट के मुकदमों में तेजी से कमी आएगी।



ज्ञात रहे कि केंद्र सरकार ने तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 1 जुलाई 2024 से लागू कर दिए हैं। इन कानूनों को लागू करने का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार लाना है।

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मेघवाल ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के प्रस्तुत किए जाने के समय एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया गया था। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल थे और इसकी रिपोर्ट पेश की जानी थी।

उन्होंने कहा कि जब रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तो खड़गे ने इसके विरोध में सवाल उठाए, जबकि रिपोर्ट में सभी आवश्यक जानकारियां शामिल थीं। इस मुद्दे पर गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट में कोई अधूरी जानकारी नहीं है और इसमें विरोध करने जैसा कुछ नहीं है। अब आगे इस मामले में क्या बदलाव होते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जेपीसी रिपोर्ट को लेकर कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि यह रिपोर्ट विपक्ष की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए तैयार की गई है, जो संसदीय प्रक्रिया का उल्लंघन है। खड़गे ने इस रिपोर्ट को ÷फर्जी÷ बताते हुए इसे पुनः पेश करने की मांग की थी।

# 50 करोड़ के पार हुई महाकुंभ में स्नान करने वालों की संख्या

**– 26 फरवरी तक महाशिवरात्रि तक यह संख्या 55-60 करोड़ तक पहुंच सकती है**

**इलाहाबाद (एजेंसी)।** भारतीय आध्यात्मिकता के महायज्ञ, महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज में धर्मार्थी उत्कृष्टता का प्रमुख प्रतीक बन चुका है। मानवता के इस महोत्सव में अभूतपूर्व स्थिरता दिखाते हुए, प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ मेले में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अब तक अनगिनत जनों के साथ मिलकर गंगा और त्रिवेणी के पावन संगम में स्नान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे मानवता की आत्मिक और सामाजिक सामरस्य का प्रमुख संकेत बताया है। उन्होंने कहा ?कि भारत की सनातन विरासत में समृद्धि और समरसता का प्रतीक महाकुंभ 2025, प्रयागराज में उपस्थित है। उन्होंने मेला की श्रेष्ठता को व्यक्त करते हुए कहा कि महाकुंभ में जुटे श्रद्धालुओं की आस्था और एकता संगम के पावन जल में अद्वितीय रूप से प्रकट हो रही है। इस अद्वितीय और भव्य महोत्सव के सुशोभित व्यवस्था और सुरक्षा उपायों की सराहना करते हुए, सरकार ने उसे सबसे बड़ा जनसमूह कहकर सम्मानित किया है। महाकुंभ मेला के अनुसरण में उत्तर प्रदेश सरकार, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मी, स्वयंसेवी संगठन और धार्मिक संस्थान सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। अब एक्सीटिंगली, मुख्यमंत्री का अनुमान यह है कि 26 फरवरी तक महाशिवरात्रि तक यह संख्या 55-60 करोड़ तक पहुंच सकती है। सभी धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में ऐसी अजीबोगरीब आँकड़ों के बावजूद, उत्तर प्रदेश के महाकुंभ मेले ने लोगों को एक साथ जोड़ते हुए एक महान आयोजन का प्रमाण पेश किया है। महाकुंभ मेला एक समय-सीमित अवसर है जब लोग एक छोटी सी कल्पना कर सकते हैं कि कैसा हो सकता है एक समर्पित और एकीकृत समुदाय का जीवन। इस महाकुंभ के मौके पर हम सभी धार्मिक संस्थानों, साधु-संतों, कल्पवासियों, धार्मिक गुरुओं और श्रद्धालुओं को एक और भव्य सफलता की कामना करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में दावा किया कि यह मानव इतिहास में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन के लिहाज से सबसे बड़ा जनसमूह है। प्रदेश सरकार के अनुसार अमेरिका, रूस, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों की आबादी 50 करोड़ से कम है।



इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की वापसी

## भारत के कप्तान होंगे तेंदुलकर, श्रीलंका के संगकारा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन संस्करण में खेलने के बारे में बोलते हुए, इरफ़ान पठान ने कहा कि इंटरनेशनल मास्टर्स लीग एक ऐसा टूर्नामेंट है जो क्रिकेट के स्वर्ण युग को श्रद्धांजलि देता है। मैं लीग के सीज़न 1 में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने और उस्ताद सचिन तेंदुलकर और अन्य सहयोगियों के साथ खेलने के लिए रोमांचित हूं, जिनके साथ मैंने अतीत में कई सुखद और अनमोल क्षण साझा किए हैं। हम आईएमएल की मेजबानी कर रहे हैं, लेकिन मैं क्रिकेट प्रशंसकों को आश्वस्त कर सकता हूं कि हम मैदान पर उदार नहीं होंगे। हम कठिन क्रिकेट का उत्पादन करेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

### आईएमएलटी20 के लिए भारतीय मास्टर्स टीम

सचिन (कप्तान), युवराज, रैना, रायडू, यूसुफ, इरफान, बिन्नी, कुलकर्णी, विनय कुमार, नदीम, राहुल शर्मा, ओझा, नेगी, गुरकीरत मान, मिथुन। वहीं, कुमार संगकारा के नेतृत्व में श्रीलंका मास्टर्स कौशल और अनुभव में मास्टरक्लास का वादा करता है। खेल के राजदूत, संगकारा क्रमशः 2007 और 2011 में दो बार पचास ओवर के विश्व कप फाइनलिस्ट और 2014 में टी20 विश्व कप विजेता थे। उनके साथ श्रीलंका की 1996 विश्व कप विजेता टीम के तेजतर्रार ओपनर-कीपर रोमेश कालुविथराना भी शामिल होंगे।

## पहली बाजी गंवाने के बाद गुकेश की नजरें करुआना के खिलाफ वापसी पर



**हैम्बर्ग (जर्मनी) (एजेंसी)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश पहली बाजी गंवाने के बाद मंगलवार को यहां फ्री स्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेंगे। रविवार को 'सामान्य टाइम कंट्रोल के अंतर्गत गुकेश क्वार्टर फाइनल की पहली बाजी में करुआना से हार गए थे। भारतीय खिलाड़ी अब काले मोहरों से खेलते हुए दबाव में होगा और मुकाबले को बराबर कराने के लिए उन्हें करुआना को हर हाल में हराना होगा। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है। पहली बाजी में गुकेश ने अधिकांश समय दबदबा बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उन्होंने करुआना को वापसी करने का मौका दे दिया।

मैग्नस कार्लसन ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल की अन्य बाजियों में उज्बेकिस्तान के जेवोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा के साथ ड्रॉ खेला जबकि नौवें स्थान के मुकाबले में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसीव को हराया।

# घर में ट्राई सीरीज हारा पाक




**करांची (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पाकिस्तान के लिए बुरी खबर तैयार है। पाकिस्तान ने घरेलू मैदानों पर दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गई वनडे सीरीज गंवा दी है। शुक्रवार को फाइनल मुकाबला पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड में था जिसमें न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने पहले पाकिस्तान को 242 रन पर ही रोक दिया। उसके बाद महज 5 विकेट खोकर ही पाकिस्तान को फाइनल में धो दिया। न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल और टॉम लैथम ने अर्धशतक लगाए जबकि पाकिस्तान की ओर से नसीह शाह के लिए 2 विकेट टीम के काम नहीं आए।

मैच के दौरान 24वें ओवर में दर्शकों को एक खास वाक्या भी देखने को मिला। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल और कॉनवे क्रीज पर बने हुए थे तभी एक काले रंग की बिल्ली मैदान में घुस गई। वह जब मैदान पर थी तब मैच को रोक दिया गया। वहीं, बिल्ली धीरे धीरे मैदान से बाहर जाती दिखी। इस दौरान एक अजय वाक्या भी देखने को मिला जब बिल्ली को एक चील ने उठाने की कोशिश की। दर्शकों के सामने जब यह सीन आया तो वह उत्साहित हो गए। चील बिल्ली को पकड़ने के काफी करीब आ गया था लेकिन वह किसी तरह भागने में सफल रही।

बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पाकिस्तान के लिए यह बुरी खबर तैयार है। उन्होंने घरेलू मैदानों पर दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गई वनडे सीरीज गंवा दी है। शुक्रवार को फाइनल में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने पहले पाकिस्तान को 242 रन पर ही रोक दिया। न्यूजीलैंड के लिए विलियम ओ-रूर्के ने 43 रन देकर 4 विकेट लीं। उसके बाद महज 5 विकेट खोकर ही पाकिस्तान को फाइनल में धो दिया। न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल और टॉम लैथम ने अर्धशतक लगाए जबकि पाकिस्तान की ओर से नसीह शाह के लिए 2 विकेट टीम के काम नहीं आए।

शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ और मोहम्मद हसनैन जैसे खिलाड़ियों में विविधता की कमी साफ झलक रही है, खासकर उन पिचों पर जो ज्यादा सहायता नहीं देती हैं। गति में बदलाव, सटीक यॉर्कर डालना और सपाट ट्रैक के अनुकूल ढलने जैसे कौशल में उल्लेखनीय कमी है। वहीं, पाकिस्तान टीम अक्सर 4 तेज गेंदबाजों की रणनीति के साथ चलती है, जिससे कभी-कभी उनके पास स्पिन विकल्पों की कमी हो जाती है। यह उपमहाद्वीप की पिचों पर कमजोरी हो जाती है जहां स्पिन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## न्यूजीलैंड-पाकिस्तान मैच में घुस आई काली बिल्ली, चील का शिकार होने से बची

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**पाकिस्तान** - फखर जमान, बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर/कप्तान), सलमान आगा, तैय्यब ताहिर, खुशदिल शाह, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, अबरार अहमद

**न्यूजीलैंड** - विल यंग, डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), नाथन स्मिथ, जैकब डफी, विलियम ओ-रूर्के

महिला प्रीमियर लीग 2025

# गार्डनर से नफरत कर सकती हैं स्मृति मंधाना, आंकड़े ही हैं कुछ ऐसे



**बेंगलूर (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग के तहत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हुए मुकाबले में गुजरात जायंट्स की एशले गार्डनर ने एक बार फिर से शानदार शुरूआत की। एशले ने पहले खेलते हुए 37 गेंदों पर तेजतर्रार 79 रन बनाए और बाद में गेंदबाजी करते हुए एक ही ओवर में स्मृति मंधाना और डेनियल के विकेट निकाल दिए। एशले की गेंदबाजी को समझने में स्मृति शुरूआत से ही असमर्थ रही हैं। वह महिला ट्वंटी 20 क्रिकेट की एकमात्र ऐसी बल्लेबाज बन गई है जो गार्डनर से सर्वाधिक 9 बार आऊट हुई हैं। यह है रिकॉर्ड-

### टी20 में मंधाना बनाम गार्डनर

**पारियां 26, रन 149, गेंदें 150, आऊट 9, औसत 16.55, एसआर 99.33** - स्मृति के लिए साल 2024 शानदार रहा था। उन्होंने 3 शतक बनाए जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बैक-टू-बैक शतक भी शामिल है। वह इस दौरान 10 वनडे मैचों में 64.20 की औसत और 98.1 के स्ट्राइक रेट से 642 रन बनाने में सफल रही। उन्हें आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 अवॉर्ड भी मिला है।

**ऐसा रहा मैच** - बेंगलुरु ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुनी। गुजरात को बेथ मूनी ने शानदार शुरूआत दी। उन्होंने 56 रन बनाए। इसके बाद कप्तान एशले ने 79 रन बनाकर टीम स्कोर 201 तक पहुंचा दिया। एशले ने अपनी पारी के दौरान 8 छक्के जड़े। इस दौरान डॉटिन ने 25 तो हरलीन ने 4 गेंदों पर 9 रन बनाए। अब स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली बेंगलुरु के सामने कठिन लक्ष्य है। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु ने जल्दी ही स्मृति मंधाना और डेनियल का विकेट गंवा दिया। इसके बाद एलिसा पैरी ने पांव जमाए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला** - स्मृति मंधाना (कप्तान), डेनिएल व्याट-हॉज, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, ऋचा घोष (विकेटकीपर), कनिका आहूजा, जॉर्जिया वेयरहम, किम गर्थ, प्रेमा रावत, जोशिता वीजे, रेणुका ठाकुर सिंह

**गुजरात जायंट्स महिला**-लॉरा वोल्वाईट, बेथ मूनी (विकेटकीपर), दयालन हेमलता, एशले गार्डनर (कप्तान), डींड्रा डॉटिन, हरलीन देओल, सिमरन शेख, तनुजा कंवर, सयाली सतघरे, प्रिया मिश्रा, काशवी गौतम

## श्रीलंका ने हासिल की ऑस्ट्रेलिया पर सबसे बड़ी वनडे जीत, सीरीज भी जीती

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका से टेस्ट सीरीज 2-0 से जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज 2-0 से गंवा दी है। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए दूसरे वनडे में श्रीलंका ने 174 रनों से जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम कर ली। यह जीत श्रीलंका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रनों के हिसाब से सबसे बड़ी वनडे जीत थी, जो इस श्रृंखला में उनकी श्रेष्ठता को उजागर करती है। वहीं, चोटों या व्यक्तिगत कारणों से कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने मुसीबतें ही हैं। यही टीम चैंपियंस ट्रॉफी में जाएगी जहां जीतना उनके लिए काफी मुश्किल होगा।

**श्रीलंका : 281/4 (50 ओवर)**

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 50 ओवर में 4 विकेट पर 281 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मुख्य योगदान कुसल मेंडिस का रहा जिन्होंने अपना पांचवां एकदिवसीय शतक (115 गेंदों पर 101) लगाया। पहले वनडे में कुसल खास स्कोर नहीं बना पाए थे। इसके बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे चैरिथ असलांका ने 66 गेंदों पर नाबाद 78 रनों का योगदान दिया। निशान मदुष्का ने भी अर्धशतक (51) लगाया और स्कोर 281 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए सीन एबॉट सबसे



किफायती गेंदबाज़ रहे, उन्होंने 1-41 विकेट लिए।

**ऑस्ट्रेलिया : 107 (24.2 ओवर)**

ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य का पीछा करने में संघर्ष करना पड़ा और 25वें ओवर में ऑल आउट होने से पहले वह केवल 107 रन ही बना सका। स्टीव स्मिथ 29 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी लाइनअप को श्रीलंकाई गेंदबाजों ने तहस-नहस कर दिया। डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा और असिथा फर्नांडो ने 3-3 विकेट लिए। वेललेज ने 4-35, हसरंगा ने 3-23 तो फर्नांडो ने 3-23 के आंकड़े दिए। जीत हासिल करने के बाद श्रीलंकाई कप्तान चरित असलंका ने कहा कि मुझे लगता है कि सफलता का कोई मंत्र नहीं है, मैं सिर्फ टीम के लिए बड़े शतक बनाना चाहता हूं और फिर चाहता हूं कि गेंदबाज 3-4 विकेट हासिल करें। आज कम उछाल था लेकिन इतना सीम मूवमेंट नहीं था। मुझे लगता है कि उन्होंने (ऑस्ट्रेलिया) भी अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन आज हमारा दिन था।

स्टीव स्मिथ ने कहा कि हम पिछले 2 मैचों में मात खा गए, हमने यहां बहुत सारे खिलाड़ियों का उपयोग किया है। हम आगे बढ़ते रहे लेकिन इसका श्रेय श्रीलंका को जाता है। वे इस सीरीज में शानदार रहे हैं। उनके गेंदबाजों ने असाधारण रूप से अच्छा खेला, इस विकेट पर गेंद अच्छी तरह से फिसली और चीजें कठिन हो गईं। यहां श्रीलंका में कुछ मजेदार समय बीता, कुछ बेहतरीन यादें। हम आतिथ्य की सराहना करते हैं और कुछ अच्छे क्रिकेट का हिस्सा बनकर भी खुश हैं।




## ब्रायन बेनेट ने अकेले धो दी आयरलैंड की टीम, जिम्बाब्वे 49 रन से जीती

**हरारे (एजेंसी)।** हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिमबाब्वे की ओर से ब्रायन बेनेट ने वन मैन शो चलाया जिससे उनकी टीम 299 के मजबूत स्कोर तक पहुंची। इसके बाद मुजारबानी ने 4 विकेट लेकर आयरलैंड को 49 रन से मात दे दी। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रायन बेनेट के 163 गेंदों पर 20 चौके और 3 छक्कों की मदद से बनाए गए 169 रनों की बदौलत 5 विकेट खोकर 299 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी आयरलैंड टीम 46 ओवरों में 250 रन पर ऑलआऊट हो गई। आयरलैंड को सिमेटने में मुजारबानी के अलावा रिचर्ड नगारवा का भी योगदान रहा। बहरहाल, 169 रन की पारी खेलकर ब्रायन बेनेट जिमबाब्वे की ओर से वनडे में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पांचवें स्थान पर आ गए।

### जिम्बाब्वे के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत वनडे स्कोर

**चार्ल्स कोवेंट्री** - 194* बनाम बांग्लादेश, 2009
**हैमिल्टन मसाकाद्जा** - 178* बनाम केन्या, 2009
**सीन विलियम्स** - 174 बनाम यूएसए, 2023
**क्रेग विशार्ट** - 172* बनाम नामीबिया, 2003
**ब्रायन बेनेट** - 169 बनाम आयरलैंड, 2024

जिम्बाब्वे के क्रिकेटर ब्रायन बेनेट अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और ऑफ स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए सभी प्रारूपों (टेस्ट, वनडे और टी20आई) में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। वह अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2022 में जिम्बाब्वे के शीर्ष रन-स्कोरर थे। उन्होंने दिसंबर 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ नाटकीय अंदाज में अपना पहला टेस्ट शतक बनाया था।

### ऐसा रहा मैच

जिमबाब्वे को ब्रायन और बेन ने अच्छी शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। बेन ने 28 रन बनाए। इसके बाद कप्तान क्रेग इरविन ने 66 रन बनाकर ब्रायन का साथ दिया। ब्रायन ने 163 गेंदों पर 169 रन बनाए और टीम स्कोर 299 तक ले गए। जवाब में खेलने उतरी आयरलैंड टीम 250 रन ही बना पाई। कप्तान पॉल स्टर्लिंग 32, कैम्पहर 44, हैरी टेक्टर 39, टकर 31, डॉकरेल 34 और एंडी 32 रन ही बना पाए जिससे टीम 250 रन ही बना पाई और 49 रन से मुकाबला गंवा दिया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**आयरलैंड** - पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर (विकेटकीपर), जॉर्ज डॉकरेल, एंडी मैकब्राइन, मार्क अडायर, ग्राहम ह्यूम, मैथ्यू हम्फ्रेस, जोशुआ लिटिल

**जिम्बाब्वे** - तदिवानाशे मारुमनी (विकेटकीपर), बेन कुरेन, क्रेग एर्विन (कप्तान), सिकंदर रजा, ब्रायन बेनेट, वेस्ली मधेवेरे, जॉनाथन कैंपबेल, वेलिंगटन मसाकाद्जा, न्यूमैन न्यामुरी, रिचर्ड नगारावा, ब्लेसिंग मुजरबानी

# कई पूर्व शूटर राष्ट्रीय टीम के कोच के रूप में नियुक्त

**नई दिल्ली,।** भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) की गवर्निंग बॉडी की बैठक शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें से एक प्रमुख निर्णय यह रहा कि कई पूर्व शूटरों को राष्ट्रीय टीम के कोच के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता दीपाली देशपांडे और जसपाल राणा को क्रमशः हेड कोच (राइफल) और हाई-परफॉर्मेंस कोच (25 मीटर) के रूप में नियुक्त किया गया। कुल मिलाकर 16 नए सदस्यों को कोचिंग टीम में शामिल किया गया, जबकि 19 को बरकरार रखा गया, जिनमें एक समन्वयक (अमर जंग सिंह) और दो कोच (प्रीति शर्मा और अनुजा जंग) को बधिर शूटरों के लिए नियुक्त किया गया।

पूर्व शूटरों में से जिनका चयन राष्ट्रीय टीम के नए कोचों के रूप में किया गया है, उनमें प्रमुख नामों में पूर्व पिस्टल शूटर जीतू राय (पद्म श्री और खेल रत्न पुरस्कार विजेता, 10 मीटर एयर पिस्टल) शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पूजा घटकर (10 मीटर एयर राइफल), पेम्बा तमांग (25 मीटर पिस्टल), अमरिंदर चीमा (स्कीट) और वर्षा तोमर (ट्रैप) भी शामिल हैं।

इसके अलावा, दो हाई-परफॉर्मेंस मैनेजर मानशेर सिंह (शॉटगन) और रोनक पंडित (पिस्टल) को भी नियुक्त किया गया है। जसपाल राणा के अलावा अन्य हाई-परफॉर्मेंस कोचों में डी.एस. चंदेल (एयर राइफल), अनवर सुल्तान (ट्रैप) और मनोज कुमार (50 मीटर राइफल) शामिल हैं। अनुभवी विक्रम चोपड़ा (शॉटगन) और समरेश जंग (पिस्टल) को भी बरकरार रखा गया है और वे दीपाली के साथ हेड कोच की त्रिमूर्ति का हिस्सा होंगे। इस बैठक में भारत की पहली शूटिंग लीग 'शूटिंग लीग ऑफ इंडिया' से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए। इनमें प्रमुख रूप से हॉकी इंडिया की पूर्व सीईओ ऐलेना नोर्मा को लीग की कंसल्टेंट नियुक्त किया गया और न्यू होराइजन्स एलायंस प्राइवेट लिमिटेड को मार्केटिंग पार्टनर के रूप में चुना गया।

# प्रदर्शन किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं

चैम्पियंस ट्रॉफी में बुमराह की अनुपस्थिति पर बोले कपिल देव


**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज कपिल देव ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की दुर्भाग्यपूर्ण चोट पर अपनी राय रखी है। बुमराह के प्रभाव को स्वीकार करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी अनुपस्थिति में टीम को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए।

बुमराह सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम टेस्ट में भारत की अगुआई करते समय पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण मार्की टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे, जिन्होंने अपने असाधारण नियंत्रण और आक्रामक गेंदबाजी से लगातार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशान किया। उनकी अनुपस्थिति भारत के लिए एक बड़ा झटका है, खासकर टी20 विश्व कप 2024 में उनके मैच जीतने वाले प्रदर्शन को देखते हुए।



कपिल देव ने एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, प्रदर्शन किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं करता, यह टीम पर निर्भर करता है, लेकिन हां, अगर वह फिट नहीं है तो यह अच्छी खबर नहीं है, लेकिन टीम तैयार है। भारतीय टीम को शुभकामनाएं। अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान दें और जीत या हार के बारे में न सोचें।

भारत ने बुमराह की जगह तेज गेंदबाज हर्षित राणा को शामिल किया है। राणा ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली वनडे सीरीज में तीन मैचों में छह विकेट चटकाकर प्रभावित किया। उन्होंने अपने टी20 डेब्यू में भी प्रभाव छोड़ा, जिसमें उन्होंने कन्कशन सब्सटीट्यूट के तौर पर खेलते हुए तीन विकेट चटकाए। बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद शमी तेज गेंदबाजी की अगुआई करेंगे जबकि अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा अन्य तेज गेंदबाजी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।



टोरंटो में कनाडाई इंटरनेशनल ऑटो शो में 1886 की बेंच पेटेंट मोटर वैगन के प्रतिरुप को देखते हुए लोग। दस दिवसीय इस शॉ में 40 से अधिक ऑटोमाबाइल प्रतियोगियों ने भाग लिया।

# नया आयकर बिल : टैक्स सरल बनाने की कवायद

## - धारा 80सी के तहत किए गए हैं बड़े बदलाव

**नई दिल्ली ।**

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा का विषय बना दिया है नया आयकर बिल का प्रस्ताव, जिसके अनुसार टैक्स संबंधी नियमों की भाषा सरल बनाई जाएगी। नए बिल में कोई इनकम टैक्स स्लैब या कैपिटल गेन्स टैक्स संशोधन नहीं है, लेकिन धारा 80सी के तहत बड़े बदलाव हैं। यदि आप पुरानी टैक्स व्यवस्था का अनुसरण करते हैं, तो धारा 80सी के बजाय धारा 123 के तहत टैक्स बचाने के विकल्पों से परिचित होंगे। अब इस धारा के अनुसार टैक्सपेयर को प्राप्त राशि के उत्तराधिकारी द्वारा भुगतान किया गया या जमा की गई राशि पर छूट मिलेगी, जो शेड्यूल एक्सवी में उल्लिखित राशियों के कुल के बराबर होगी, परन्तु 1.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। यह नया आयकर बिल 622 पन्नों का है और 536 धाराएं शामिल हैं, जबकि वर्तमान आयकर अधिनियम में 823 पन्नों में 298 धाराएं हैं।

नए बिल में हर धारा का एक खंड है, सिवाय उन अप्रासंगिक धाराओं के। जबकि बताया गया है कि इस बिल के माध्यम से कर कानूनों को सरल बनाया जाएगा।





# एलन मस्क के प्रस्ताव को ओपन एआई बोर्ड ने ठुकराया

## - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई के अधिग्रहण का मामला

**नई दिल्ली ।** विश्वविख्यात उद्यमी और एलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई की अधिग्रहण की हसरत पूरी होने में मुश्किले आ रही है। ओपनएआई बोर्ड ने एलन मस्क के 97.4 बिलियन के अधिग्रहण प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, कहते हुए कि कंपनी बिक्री के लिए नहीं है। एलन मस्क जो पहले ओपनएआई के सह-संस्थापक थे, अब कंपनी से अलग हो चुके हैं। मस्क के वकील ने बताया कि ओपनएआई अपने लाभकारी उद्यम का निजी स्वामित्व बेचने की योजना बना रही है, जिससे कुछ बोर्ड सदस्य व्यक्तिगत लाभ उठा सकते हैं। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और मस्क के बीच वर्षों से चल रहा टकराव जारी है, जिसमें एलन मस्क ने ओपनएआई को लाभकारी बनाने के पक्ष में नहीं देखा। ओपनएआई ने अपने स्वर्णिम भविष्य के लिए एक पब्लिक बेनिफिट कॉरपोरेशन बनाने की योजना बनाई थी, जिसका उद्देश्य था अधिक पूंजी जुटाना और गैर-लाभकारी प्रतिबंधों को हटाना। ओपनएआई ने मस्क के प्रति कटु रूख अपनाया है, जिससे वार्षिक बोर्ड की चुनौतियों में नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। एलन मस्क के वकीलों ने ओपनएआई के साथ चल रहे संघर्ष को निपटाने के लिए अदालत में कानूनी कदम उठाया है, जिसमें वकीलों ने कहा कि यदि ओपनएआई अपनी लाभकारी इकाई बनाने की योजना छोड़ देता है तो उनकी बोली वापस ली जाएगी। ओपनएआई ने मानवता के लिए एआई के लाभ को पहुंचाने की मिशन में प्रतिबद्धता जताई है, और इस उद्देश्य को मजबूत बनाने के लिए अपने मिशन पर कड़ी नजर रखी है। एलन मस्क और ओपनएआई के बीच टकराव के बीच बढ़ते विवाद में, एक ओर ओपनएआई ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, जबकि दूसरी ओर मस्क और उनके वकील उसे निपटाने के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। इस संघर्ष के माध्यम से ओपनएआई की दिशा और उद्देश्य पर प्रकाश डालने के लिए और एलन मस्क की तकनीकी उच्चताओं को रक्षा करने के लिए एक सख्त स्तर पर कानूनी और नैतिक झगड़ा चल रहा है।

# कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम



**नई दिल्ली ।**

वर्तमान में, देश में बिकने वाले कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम है। हालांकि भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है और 2025 में इसकी बिक्री दोगुनी होने की संभावना जताई जा रही है।

नए मॉडल के लॉन्च और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के चलते यह आंकड़ा तेजी से बढ़ सकता है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के अनुसार, 2023 में भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 82,688 यूनिट थी, जो 2024 में 19.93प्रतिशत बढ़कर 99,165 यूनिट तक पहुंच गई। हालांकि, कुल यात्री वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी केवल 2.4प्रतिशत रही। हुंडई के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग के अनुसार, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और नए मॉडल की बढ़ती संख्या से 2025 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री दोगुनी हो सकती है।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक कारें भारतीय बाजार में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। वर्तमान में, भारतीय इलेक्ट्रिक कार बाजार में टाटा मोटर्स का दबदबा है, जिसकी हिस्सेदारी 2024 में 62.01प्रतिशतरही। हालांकि, नए कंपनियों के प्रवेश से यह परिदृश्य बदल सकता है।

2025 में मारुति ई-विटारा, हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक, महिंद्रा बीई6 और किआ कैरेंस ईवी जैसी कई नई इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च होने वाली हैं।

# भारतीय बाजार में 78 लाख करोड़ की गिरावट

## - भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ पार किया था

**नई दिल्ली ।**

भारतीय बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) शुक्रवार को नीचे दिखा 400 लाख करोड़ रुपये से नीचे पहुंच गया। हालांकि, बाजार थोड़ा सुधरकर 400.2 लाख करोड़ रुपये पर रुका, जो इस साल का सबसे निचला स्तर है। भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये का स्तर पार किया था और 29 सिंतबर को यह 477.93 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर पहुंचा था। तब से बाजार पूंजीकरण में करीब 78 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। तेज गिरावट की मुख्य वजह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा बिकवाली की गई निवेशों के पीछे है। एफपीआई ने इस वर्ष कुल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। तीसरी तिमाही के नतीजे कमजोर रह सकते हैं, जिससे बाजार में ताजा बिकवाली का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन, यह खरीदारी के अवसर भी पैदा कर सकता है जिसमें मजबूत वृद्धि या सुधार की राह पर बढ़ रही कंपनियाँ शामिल हो सकती हैं। बाजार का मार्केट कैप डॉलर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर है, जो पिछले कुछ महीनों में करीब 1.2 लाख करोड़ डॉलर की कमी दर्ज की गई है। भारतीय बाजार अब मल्टीपल मूल्यांकन पर चुनौती खड़ी कर रहा है, जिससे निवेशकों को सावधान रहने की आवश्यकता है।



# एनपीसीआई ने यूपीआई यूजर्स के लिए बढ़ाई राहत, अब रिफंड होगा जल्द

**नई दिल्ली ।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए देश के करोड़ों यूपीआई यूजर्स के लिए राहत की खबर आगामी है। अब फेल होने वाले यूपीआई ट्रांजैक्शन या अटके हुए पैसों के रिफंड के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एक सर्कुलर के माध्यम से हाल ही में एनपीसीआई ने घोषणा की है कि नए नियमों के बैठक, चार्जबैक अनुरोधों की प्रक्रिया को ऑटोमेटेड कर दिया गया है। इस नई प्रक्रिया के अनुसार, लाभार्थी बैंकों द्वारा दाखिल किए गए ट्रांजेक्शन क्रेडिट कन्फर्मेशन (टीसीसी) या रिटर्न रिक्वेस्ट (आरईटी) के आधार पर चार्जबैक अनुरोध या तो ऑटोमेटेड रूप से स्वीकार या अस्वीकार कर दिए जाएंगे। यह सुनिश्चित करेगा कि प्राथमिक ट्रांजेक्शन-रिलेटेड मुद्दों को तेजी से समाधान किया जा सके। इस ऑटोमेटेड प्रक्रिया की शुरुआत 15 फरवरी से हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो यूपीआई यूजर्स को फायदा पहुंचाएगा और उन्हें सुविधात्मक रूप से सेवाएं प्रदान करेगा। इस नई प्रक्रिया से चार्जबैक की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और दक्षता आएगी, जिससे सिस्टम में सुधार होगा।




# वेलेंटाइन डे के बाद चांदी 1 लाख के पार, सोना भी हुआ महंगा

**नई दिल्ली ।** फरवरी के महीने में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। एक ही दिन में चांदी की कीमत में 2,350 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई, इससे वह 1,00,600 प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। वेलेंटाइन डे के बाद सोने और चांदी की कीमतें और भी बढ़ गई हैं जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। भारत में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए प्रति ग्राम तक पहुंच गई है, जबकि 24 कैरेट सोने की दर 8,732 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। वहीं चांदी की भी कीमत 100.60 रुपए प्रति ग्राम और 1,00,600 रुपए प्रति किलोग्राम है। यह अचानक बढ़ोतरी ने चांदी को 1 लाख के पार पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सोने की कीमतों में इजाफा होने से लोगों के मुताबिक सोने-चांदी की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना है। नई दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। लखनऊ में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। पटना में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,996 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,722 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है।

# एलआईसी का तीसरी तिमाही में कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते साल की समान तिमाही में 9,468.99 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी का कर के बाद मुनाफा 29,138 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,913 करोड़ रुपये पर था। यह सालाना आधार पर 8.27 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी ने 3,40,563 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम जुटाया है। इसमें सालाना आधार पर 5.51 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 10.29 प्रतिशत बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में एलआईसी की नए बिजनेस प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) सालाना आधार पर 9.73 प्रतिशत बढ़कर 42,441 करोड़ रुपये रही है। एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा ध्यान और रणनीति एक गतिशील वातावरण में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को बदलने की दिशा में लगातार बना हुआ है। मोहंती ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) मार्जिन बेहतर होकर 17.1 प्रतिशत हो गया है, जो कि बीते साल समान अवधि में 16.6 प्रतिशत था। इस दौरान वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस 6,477 करोड़ रुपये रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 5,938 करोड़ रुपये थी। मोहंती ने बताया कि अब तक 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को बीमा सखी योजना में पंजीकृत किया गया है और 70,000 से अधिक को बीमा सखी के रूप में नियुक्त किया है।

# बीते हफ्ते बाजार में रही दो महीने में सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई ।**

ट्रंप की टैरिफ नीतियों पर अनिश्चितता, मिश्रित कारपोरेट आय, निरंत एफआईआई बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की वजह से बीते सप्ताह भारतीय बाजार में दो सप्ताह की बढ़त का सिलसिला टूट गया और ये दो महीने की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो ताजा टैरिफ चिंताओं और विदेशी फंडों के निरंतर निकासी के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 343.83 अंक गिरकर 77,516.36 अंक पर खुला और 548.39 अंक गिरकर सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 105.55 अंक गिरकर 23,454.40 अंक पर खुला और 178.35 अंक गिरकर 23,381.60 पर बंद हुआ। स्मॉल और मिडकैप शेयरों में बड़ी बिकवाली के कारण मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट दिखी। सेंसेक्स 1,120.72 अंक गिरकर 76,191.08 पर खुला और 1,018.20 अंक गिरकर दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 पर बंद हुआ। निफ्टी 345.65 (अंक फिसलकर 23,035.95 के स्तर पर खुला और 309.80 अंक टूटकर 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 274.56 अंक की गिरावट के साथ 76,019.04 अंक पर खुला और 122.52 अंक की गिरावट के साथ 76,171.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 78.45 अंक फिसलकर 22,993.35 अंक पर खुला और एनएसई निफ्टी लगातार छठे दिन गिरावट के साथ 26.55 अंक गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। लगातार गिरावट की मार झेल रहे निवेशकों के लिए गुरुवार की सुबह राहत भरी खबर लेकर आई। शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। इस दौरान सेंसेक्स 214.08 अंक बढ़कर 76,385.16 अंक पर खुला और 32.11 अंक गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। निफ्टी 69.8 अंक चढ़कर 23,115.05 अंक पर खुला और 13.85 अंक गिरकर 23,031.40 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 282.82 अंक या फिर 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,856.15 पर खुला और 199 अंक की गिरावट के साथ 75,939 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी50 134.20 अंक की गिरावट पर खुला और 102 अंक की गिरावट रही, ये 22,929 के स्तर पर बंद हुआ।




# फोर्टिस हेल्थकेयर श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करेगी

**मुंबई ।** फोर्टिस हेल्थकेयर ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी फोर्टिस हॉस्पिटल के माध्यम से श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करने पर विचार कर रही है। इस सौदे के तहत फोर्टिस हेल्थकेयर ने श्रीमन अस्पताल के पूरे व्यवसाय संचालन, अस्पताल की इमारत और अस्पताल की जमीन का अधिग्रहण करेगी है। कंपनी ने कहा कि यह लेन-देन पूरी तरह से नकद में होगा और कुल खरीद मूल्य लगभग 462 करोड़ रुपये है। इसमें स्टांप ड्यूटी और अन्य नियामक खर्च शामिल नहीं है। एफएचएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कई अधिग्रहण कर रहे हैं और इस अधिग्रहण को हम एक अच्छा कदम मानते हैं क्योंकि कंपनी की पहले से ही पंजाब में मजबूत उपस्थिति है, जिससे हमें इस अस्पताल के अधिग्रहण से अधिक लाभ मिलेगा।

# पीएम मोदी के अमेरिका दौरे को शीर्ष उद्योग संगठनों ने बताया ऐतिहासिक, व्यापार व निवेश में होगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।**

शीर्ष उद्योग संगठनों एसोचैम और फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा को व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने में ऐतिहासिक बताया।

एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के निरंतर विश्वास और मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से कई ठोस परिणाम सामने आए हैं। इसमें रक्षा, आतंकवाद, जीवाश्म ईंधन और परमाणु ऊर्जा, दोनों देशों को कवर करने वाली ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश के अलावा भारत की मानव पूंजी का लाभ उठाने में सहयोग को मजबूत करना शामिल है। एक अन्य प्रमुख परिणाम, वर्ष के अंत तक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए यूएस-भारत रोडमैप का विकास है।

वहीं फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार के अनुसार, यह यात्रा गहन आर्थिक सहयोग, व्यापार का विस्तार, निवेश को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभर रहा है। ये घटनाक्रम भारतीय निर्यातकों को नए मौके प्रदान करेगा। टेक्नोलॉजी, डिफेंस और ग्रीन एनर्जी पर ध्यान केंद्रित करने से विशेष रूप से भारत के निर्यात क्षेत्रों को लाभ होगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। कुमार ने बढ़ते निवेश फोकस की सराहना की, जो भारत में नए उद्योगों और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा, मेक इन इंडिया पहल को गति प्रदान करेगा और भारतीय निर्यात की मांग को बढ़ाएगा।

फोकस क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और वस्त्र शामिल हैं, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य मिशन 500 के तहत 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार में 500 अरब डॉलर तक पहुंचना है। कुमार ने इस साल के अंत तक बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए प्रारंभिक समय-सीमा की सराहना की, जिसका उद्देश्य बाजार पहुंच बढ़ाना, व्यापार बाधाओं को कम करना और सप्लाई चेन इंटीग्रेशन में सुधार करना है। फियो प्रमुख कुमार ने कहा, ये निवेश भारतीय निर्यातकों के लिए नए मौके पैदा करेगा और भारत को नवाचार तथा विनिर्माण के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। आईटी, एआई और 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग बढ़ाने पर मुख्य ध्यान दिया गया, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय तकनीकी व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण विकास संभावनाएं खुलेंगी।

# भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशक चिंतित

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन गिरावट से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। इस गिरावट से निवेशकों के 25.31 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीतियों और वैश्विक ट्रेड वॉर की आशंका से बाजार की स्थिति और कमजोर हो गई है। विशेषज्ञों की राय बाजार के भविष्य को लेकर अब भी मिले-जुले संकेत दे रही है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि कमजोर तिमाही नतीजों, रुपए में गिरावट और टैरिफ जैसे बाहरी फैक टर्स से निकट भविष्य में बाजार धारणा कमजोर रहने का अनुमान है। इस हफ्ते लगातार आठ सत्रों में हुई बिकवाली से निवेशकों में चिंता है। अगले हफ्ते बाजार में तेजी आने पर दांव लगाने की भी संभावना है। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक स में 3.24 फीसदी और मिडकैप इंडेक स में 2.59 फीसदी की गिरावट आई। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में भी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सिर्फ आईटी क्षेत्र फायदे में रहा, जबकि बाकी सेक्टर में निकली गिरावट। निवेशकों के लिए आगे का माहौल अनिश्चित है और विशेषज्ञों की मान्यता है कि सावधानी बरतनी चाहिए।

# बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष में 262 करोड़ का मुनाफा कमाया

**नई दिल्ली ।** भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल उनके निगम ने 17 साल बाद पहली बार मुनाफा दर्ज किया है। सरकार ने हाल ही में बीएसएनएल की 4जी सर्विस के विस्तार के लिए अत्यधिक 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किया था। इससे कंपनी ने सेवाओं और ग्राहक बेस को बढ़ाने पर फोकस किया। कंपनी ने अपनी लागत और व्यय में कटौती की है जिससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में घाटे में कमी आई है। उनके मोबाइल सेवाओं में आमदनी में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीएसएनएल के इस मुनाफे को एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उन्होंने यह भी बताया कि बीएसएनएल ने एबीआईटीडीए वित्त वर्ष 23-24 तक दोगुनी हो गई है, जिससे उनका अनुमानित राजस्व लगभग 2,100 करोड़ रुपये हो गया है। इन सभी नतीजों से साफ होता है कि बीएसएनल ने 4जी सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करके एक बड़ा कदम उठाया है और इससे कंपनी के लिए एक उज्जवल भविष्य की संभावना है।



# तस्वीर में देखू बीआईटी मेसरा कर प्लेटिनम जयंती समारोह

रांची। बीआईटी मेसरा कर प्लेटिनम जयंती समारोह 15 फरवरी के मनाल गेलक। इकर में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भाइग लेलयं। ई अवसर में राष्ट्रपति कहलयं कि हमिन कर जुग प्रौद्योगिकी कर जुग आहे। सूचना प्रौद्योगिकी कर छेतर में नवा प्रगति हमिन कर जिनगी जियेक कर तरीका के बदइल देइ हे। काइल तक जे अकल्पनीय रहे, ऊ आइज बास्तबिकता बइन जाय हे। राष्ट्रपति कहलयं कि आवेक वाला बछर आउर भी परिबर्तनीय होवेक जात हे, कालेकि बिसेस रूप से आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस आउर मसीन लर्निंग में दूरगामी प्रगति कर आसा आहे। ऊ कहलयं कि एआई तेजी से अर्थबेबस्था के बदलत हे, सेले भारत सरकार उभरत परिदृस उपरे प्रतिक्रिया देवेक में तत्पर रईह हे। उच्च सिछा संस्थानमन में एआई के एकीकृत करेक ले ढेइरे पहल करल जात हे।








# बिचाराधीन बंदीमन के निःसुल्क विधिक सहायता पहुंचायेला डालसा : कविता

- नामकुम परखंड कर डुंगरी पंचायत भवन में जस्टिस-ऑन-व्हिल से जागरुकता कार्जकरम

सोनू सपवार



रांची। झालसा कर निरदेस आउर न्यायायुक्त-सह-अध्यछ, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कर मार्गदरसन में जस्टिस-ऑन-व्हिल जागरुकता कार्जकरम के आगे बढ़ाते 15 फरवरी, 2025 के नामकुम परखंड कर डुंगरी पंचायत भवन में जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन करल गेलक। ई अवसर में एलएडीसी डिप्टी चीफ श्रीमती कविता कुमारी खाती, पीएलवी लता कुमारी, रूही अग्रवाल, विनोद कश्यप आउर राजा वर्मा उपस्थित रहयं।

श्रीमती खाती पोक्सो एक्ट, बाल बिहा, बाल श्रम, ह्यूमन ट्रेफिकिंग, दुष्कर्म, नसा मुक्ति, चाइल्ड प्रोटेक्सन, गुड टच, बेड टच, सड़क दुर्घटना, डायन प्रथा, स्पॉन्सरसिप आउर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कर बारे में जानकारी देलयं। श्रीमति खाती 22 फरवरी के आयोजित होवेक वाला बिहा आउर चेक अनादरन से संबंधित बिसेस लोक अदालत उपरे फोकस करलयं। आगामी 8 मार्च के होवेक वाला रास्ट्रीय लोक अदालत कर जानकारी देलयं।

पीएलवी लता कुमारी कहलयं कि बिचाराधीन बंदीमन आउर अनुसूचित जाति आउर अनुसूचित जनजाति कर बर्ग कर अदमीमन के डालसा द्वारा मुकदमा लड़ेक आउर आपन बचाव करेक ले निःसुल्क विधिक सहायता देवल जाएला। डालसा कर पीएलवी रूही अग्रवाल आउर विनोद कश्यप प्री-लिटिगेसन मुकदमा दर्ज करेक, बिधवा पेंसन, वृद्धा पेंसन, असंगठित मजदूरमन कर निबंधन, आयुष्मान भारत योजना कर गोल्डन कार्ड, सौचालय स्वच्छता कर बारे में भी जानकारी देलयं। आखरी में डालसा कर पीएलवी डहर चलेक वालामन कर बीच पम्पलेट, लिफलेट आउर कानूनी पुस्तिका के बांटलयं। निःसुल्क विधिक सहायता कर बारे में जानकारी देलयं। आगामी बिसेस लोक अदालत आउर रास्ट्रीय लोक अदालत कर सफल आयोजन ले डालसा कर पीएलवी कर द्वारा आपन कार्जछेतर में पोस्टर आउर बैनर भी लगाल जात हे। अदमीमन के जागरूक करल जात हे। ई निरदेस पहिलेहे डालसा सचिव कर द्वारा सउब कार्जरत पीएलवी के देवल जाय हे।

नागपुरी लेख

# पहान दादा



रामदेव बड़ाईक

का होलक 'दादा ..,आपने जे आइज खउब खिसाल - खिसाल दिसत ही..? मोय गांव कर #पहान दादा के कहलों..
मोके भइर नज़इर पहान दादा देखलंय तले कहथंय..
मइत पुछू 'दादा', मोके छाती फाटेक तइर लागथे, ई घरे आब मोके रहेक हों मन नी करत हे!
का ले होई अइसन कहत ही 'दादा', आउर का ले होई अइसन सोचत ही आपने...?
मोय उनके फेइर कहलों..
पहान दादा कहथंय.. ए दादा, मोर घरक बात के मोय आपने ज का कहों ..!
मोर घरे नित दिन कर साइस - पुतउ में हिर- हिर, किच - किच के राउरे देखब, सुनब आउर जानब तब राउरे मोके कहब..।
हं आउर एक बात ..! राउरे कोनो बात के नी जानिला तो..,राउरे चुपे - मटे रहू..!!
मोर आयो कर मुंह के हों का कहब ! कोनोय ज नंधनी - चवइ में, ऊ आपन पुतउवे हर कर सिकाइत करेला.. !
का परब की का तेवहार होत बिहान आउर मोर घर में चिक् - चिक् !!
का कहब मोर आयो के हों..!
आपने तो..,ठक - ठकुकाय चलेला मुदा कोनोय ज ऊ.., टर् र र, ट् र् रात् रहेला!!
ए 'दादा', आपने तो बेस कहत ही..., मुदा मोय तो एहे कहमूं...,
₹घर-घर देखा एके लेखा₹।
आपने पहिले मोर भउजी के तो समझाऊ..!
मोय तो मोर भउजी कर हों सिकाइत सुइन हों..!!
बुढ़ा - बुढ़िया तो घर कर खुटा होवंयना , मोर भउजी हों चुप रहबंय तब नी..!
ओहो तो ₹फाटल बांसे हकंयर₹ !!
आपने तो सुइन होवब -
₹आलू - मटर गबर-गबर, साइस ले पुतउ जबर₹।
आपने मोर भउजी कर बात के लेई के, का ले चलीला...?
एगो कान में सुनू आउर एगो कान से निकसाय देऊ ??
मोय तो.., आपने के एहे कहमूं..,
₹बाझाल बात आउर छिटकाल पानी₹ में ना रहू,
'केकर पेंदी में टोका नखे'..।
एगो आंइख में काजर आउर एगो आंइख में करिखा हों बेस बात निहीं.. !
एड़ी कर लहइर चांदी में ना करू.. !!
कउवा के देखब की कान के - -
आपने तो बिबेकसील अदमी हइ, बिबेक से काम करु, कहाउत में हों तो कहल गेलक हय..,
₹खीस खाय आपके आउर बुईध खाय बिरान₹।
मोय पहान दादा' के कहलों.. ।
--------------------

# रांची में निकललक श्री श्याम निशान सोभा जात्रा







रांची। श्री श्याम परिवार श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव-2025 में सनिचर के बिधिवत पूजा अर्चना कर संगे श्री श्याम निशान सोभा जात्रा की सुरुआत करलक। इकर में 301 निसानधारक महिला आउर पुरुसमन श्री गणेश जी, प्रभु श्री श्याम आउर हनुमान जी कर निसान धारन करलयं। सोभाजात्रा कर मुध आकरसन रंग-बिरंग फूल से सुसज्जित रथ उपरे बिराजमान प्रभु श्री श्याम कर झांकी, श्री राधा कृष्ण, श्री राम लखन जानकी कर संगे श्री हनुमान जी कर जीवंत झांकी रहे। झारखंड लोक प्रसिद्ध ढाक पार्टी कर 31 सदस्य कर टीम कर संगे प्रभु श्री श्याम कर बिसाल निसान सोभा जात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकलाल गेलक। इकर में पारंपरिक बेसभूसा में निसान धारक निसान लेइ के श्री श्याम हवेली, दुर्गा बाड़ी, मेन रोड, रांची सहर कर बिभिन्न डहर से होते पहुंचलयं। ई सोभाजात्रा में सुमधुर भजन कर अमृत गंगा श्री श्याम परिवार रांची कर भजन प्रवाहक मंटू जालान, महेश सैन, पवन शर्मा, अजय वशिष्ट (अन्नू), विष्णु शर्मा (पप्पी) ने बहालयं। कइल बिहाने 6 बजे से पूजा अर्चन कर संगे श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ कर परंपरागत नृत्य नाटिका कर संगे करेक कोलकाता से संदीप सुल्तानिया आपन टीम कर संगे रांची आए चुइक हयं।



भजन कर अमृत गंगा बहायेक ले खलीलाबाद से सरदार हरिमहेंद्र सिंह रोमी आउर फतेहाबाद से श्रीमती परमींदर पलक आवत हयं। बिसेस रूप से खाटू श्री श्याम मंदिर राजस्थान से महाराज शक्ति सिंह चौहान श्री श्याम परिवार कर बिसेस आग्रह में पधाइर हयं।

सोभाजात्रा में श्री श्याम परिवार रांची कर सदस्य कमल जलन बंकट, अशोक धानुका, रमेश अग्रवाल, राजेश जालान, शंकर लाल शास्त्री, गौरव कुमार, निरंजन लाल तोदी सौरभ सरावगी, पंकज शर्मा, विशाल शर्मा, विकास अग्रवाल, रूपा कबरा, बालचंद जैन, ऋषभ शर्मा, रजत जालान मुकेश दिनोदिया, नमन चांगल, अजय केडिया, संजय शर्मा आदि कर सहजोग रहे।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com